सुप्रभात
रांची, मंगलवार
19.03.2024
** नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, दशमी संवत् 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 246



12 विक्की ने कैटरीना की आदतों का किया खुलासा

इफ्तार : शाम 5.57 (19 मार्च)
सेहरी : भोर 4.33 (20 मार्च)

Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

HIND
INDUSTRIAL TECHNICAL INSTITUTE
NISHA APARTMENT, JAWAHAR NAGAR
MANGO, JAMSHEDPUR
09234721984, 7050557786

## लोकसभा चुनाव से पहले इसीआइ का बड़ा कदम, बंगाल के डीजीपी हटाये गये

# झारखंड समेत छह राज्यों के गृह सचिव भी बदले

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय निर्वाचन आयोग (इसीआइ) ने लोकसभा चुनाव से पहले झारखंड समेत छह राज्यों के गृह सचिवों को बदलने का आदेश दिया है। आयोग की तरफ से इन राज्यों में स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव को बरकरार रखने की दिशा में ये एक्शन लिया गया है। आयोज ने जिन राज्यों के गृह सचिवों को हटाने का आदेश दिया गया है, उसमें गुजरात, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड शामिल हैं। इनकी जगह आयोग की निगरानी में दूसरे अधिकारियों की नियुक्ति की जायेगी। इसके साथ ही आयोग ने पश्चिम बंगाल




के डीजीपी को हटा दिया है। विवेक सहाय को बंगाल का नया डीजीपी नियुक्त किया गया है। देश में इसबार 19 अप्रैल से 1 जून तक 7 चरणों में मतदान होगा। नतीजे 4 जून को आयेंगे।

इसके साथ ही मिजोरम और हिमाचल प्रदेश में सामान्य प्रशासनिक विभाग के सचिव को भी हटा दिया गया है। आयोग की तरफ से सभी राज्य सरकारों को निर्देश दिया गया है कि वे चुनाव संबंधी कार्यों से जुड़े उन अधिकारियों का ट्रांसफर करें, जो तीन साल पूरा कर चुके हैं या फिर अभी उनकी तैनाती अपने गृह जिलों में है। (शेष पेज 11 पर)

### अरवा राजकमल को हटाने की अधिसूचना जारी

झारखंड के गृह सचिव को निर्वाचन आयोग की ओर से हटा दिया गया है। इसकी अधिसूचना जारी कर दी गयी। 13 दिन पहले 5 मार्च 2024 को झारखंड कैडर के 2008 बैच के आइएएस अरवा राजकमल को गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव का अतिरिक्त प्रभार दिया गया था। वर्तमान में अरवा राजकमल सीएम के सचिव भी हैं। 5 मार्च को कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के तहत उनके पास नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के सचिव के अलावा जूडको और जीआरडीए के प्रबंध निदेशक का भी अतिरिक्त प्रभार दिया गया था, लेकिन 11 मार्च को अधिसूचना जारी कर 2008 बैच के आईएएस चंद्रशेखर को नगर विकास एवं आवास विभाग का सचिव बना दिया गया। साथ ही चंद्रशेखर को जूडको और जीआरडीए के एमडी का भी अतिरिक्त प्रभार दिया गया था।

### विवेक सहाय बंगाल का नये डीजीपी नियुक्त

निर्वाचन आयोग के निर्देश पर पश्चिम बंगाल सरकार ने सोमवार को राजीव कुमार को को हटा कर विवेक सहाय को राज्य का नया पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नियुक्त किया। आयोग ने पश्चिम बंगाल में आदर्श आचार संहिता लागू होने के लगभग 48 घंटे बाद राज्य के डीजीपी कुमार को पद से तत्काल प्रभाव से हटा दिया। श्री सहाय ने अपदस्थ निवर्तमान डीजीपी राजीव कुमार का स्थान लिया। श्री कुमार को पश्चिम बंगाल में 19 अप्रैल से शुरू होने वाले संसदीय चुनाव में पारदर्शी, स्वतंत्र और निष्पक्ष सुनिश्चित करने के लिये निर्वाचन आयोग ने पहले ही दिन हटा दिया है। जिन्हें राज्य में 2016 के विधानसभा चुनाव में कोलकाता पुलिस आयुक्त के पद से भी हटा दिया गया था। पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव को दिये गये एक आदेश में निर्वाचन आयोग ने कहा कि श्री कुमार को तत्काल प्रभाव से गैर-चुनाव-संबंधी पद पर स्थानांतरित किया जाये और राज्य के डीजीपी की पोस्टिंग के लिये तीन योग्य अधिकारियों का एक पैनल आयोग को भेजा जाये। राज्य सरकार ने अधिसूचना जारी कर बताया कि राज्यपाल डॉ सीवी आनंद बोस ने श्री सहाय को डीजीपी नियुक्त करते हुये प्रसन्नता व्यक्त की। श्री सहाय इससे पहले पश्चिम बंगाल के होम गार्ड के महानिदेशक (डीजी (कमांडेंट जनरल) पर तैनात थे।

## न्यूज डायरी

### पुतिन 5वीं बार बने रूस के राष्ट्रपति, मिले 88% वोट

**मॉस्को।** व्लादिमीर पुतिन लगातार पांचवीं बार रूस के राष्ट्रपति पद का चुनाव जीत गये हैं। उन्होंने करीब 88 प्रतिशत वोटों के साथ चुनाव में जीत दर्ज की है। रूस के केंद्रीय चुनाव आयोग ने सोमवार को कहा कि देश में हुए राष्ट्रपति पद के चुनाव में पुतिन ने जीत दर्ज की है।

### बिहार एनडीए में सीटों का बंटवारा, पारस को निराशा

**पटना।** बिहार भाजपा की अगुवाई में एनडीए में सीटों का बंटवारा हो गया है। सीटों के बंटवारे में चिराग पासवान पर भाजपा ने भरोसा दिलाया। वहीं पशुपति पारस को निराशा हाथ लगी है। राज्य में भाजपा 17 सीटों पर नीतीश कुमार की जदयू 16 सीटों पर लड़ेगी। वहीं चिराग पासवान की लोजपा-रामविलास को 5 सीटें, जीतन राम मांझी की हम को 1 सीट और उपेंद्र कुशवाहा की रालोमो को 1 सीट मिली है।

### झूठ की शक्ति' का नाम है मोदी की गारंटी: खडगे

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने पीएम मोदी पर झूठ बोलने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा है कि वह असत्य बोलते हैं इसलिए मोदी की गारंटी अब झूठ की 'महा गारंटी' बन गयी है। श्री खडगे ने सोमवार को ट्वीट कर कहा, मोदी जी ने 17 जुलाई 2020 को आपने देश से वादा किया था कि 2022 तक हर भारतीय के सिर पर छत होगी, लेकिन सबको घर देने की मोदी की गारंटी घपला निकली। कांग्रेस को कोसते-कोसते 10 साल में कांग्रेस से कम घर बनवायें।

### अधर्म, झूठ, फरेब की शक्ति से लड़ रहे हैं : राहुल

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने पूंजीपति मित्रों को लाभ पहुंचाने के लिए अधर्म, भ्रष्टाचार और झूठ की शक्ति का इस्तेमाल कर रहे हैं और कांग्रेस इसी शक्ति के खिलाफ लड़ रही है। श्री गांधी ने सोमवार को ट्वीट कर कहा, मोदी जी को मेरी बातें अच्छी नहीं लगतीं, किसी न किसी तरह उन्हें घुमाकर वह उनका अर्थ

## राज्य में झमाझम बारिश तेज आंधी-पानी से गिरे पेड़

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी समेत राज्य के कई इलाकों में सोमवार को मौसम का मिजाज दोपहर बाद अचानक बदल गया। करीब एक घंटे तक राजधानी में झमाझम बारिश हुई। गुमला, हजारीबाग, खूंटी, रामगढ़ जिले के कुछ भागों में गरज के साथ बारिश के साथ-साथ वज्रपात की सूचना है। कई स्थानों पर ओलावृष्टि भी हुई। मौसम में ठंडापन आ गया। तेज आंधी-पानी के कारण राजधानी और आसपास के इलाकों में कई पेड़ पौधे गिर गये। रांची एयरपोर्ट जानेवाली मार्ग पर पेड़ गिर जाने से आवागमन प्रभावित हो गयी। रांची में बिजली गूल हो गयी। रोड पर नाली का पानी आ गया। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के कुछ स्थानों पर तेज हवाएं चली।

झारखंड के पश्चिमी, मध्य एवं दक्षिणी भागों में 20 मार्च को गरज के साथ तेज हवा के झोंके (30-40 किमी प्रति घंटे) आ सकते हैं। बारिश के आसार हैं। इस दौरान वज्रपात की भी आशंका है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, 21 मार्च को राज्य के दक्षिण पूर्व एवं निकटवर्ती मध्य भागों में कहीं-कहीं गरज के साथ बारिश हो सकती है। वज्रपात भी हो सकता है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। (शेष पेज 11 पर)



### 21 तक बारिश के आसार, अलर्ट जारी

मौसम विभाग का मानना है कि राज्य में 21 मार्च तक बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग ने बारिश, वज्रपात व ओलावृष्टि को लेकर अलर्ट जारी किया है। 19 मार्च को रांची समेत कई जिलों में भारी बारिश, वज्रपात व ओलावृष्टि को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। धनबाद, बोकारो व देवघर जिले के कुछ भागों में हल्के से मध्यम दर्जे का मेघ गर्जन के साथ बारिश के आसार हैं। वज्रपात की भी आशंका है। इस दौरान कुछ स्थानों पर 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं भी चल सकती हैं। मौसम विभाग ने अपने पूवार्नुमान में बताया है कि 22 से 24 मार्च तक मौसम मुख्यतः साफ रहेगा।

### अवैध खनन मामले में पिंटू से लंबी पूछताछ



**रांची।** अवैध खनन मामले में इडी की बार फिर पूछताछ का दौर शुरू हो गया है। सोमवार को पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के प्रेस सलाहकार रहे अभिषेक कुमार पिंटू को इडी ने लंबी पूछताछ की। इडी ने उन्हें अपने दफ्तर बुलाया था। सोमवार को करीब पौने 12 बजे अभिषेक कुमार पिंटू इडी कार्यालय पैदल ही पहुंचे। करीब 500 मीटर पहले ही वह अपनी गाड़ी छोड़ दी थी। उनके हाथ में सफेद कलर का छोटा थैला था, जिसमें कुछ दस्तावेज होने की बात कही जा रही है। उनके चेहरे पर चिंता की लकीर नजर आ रही थी। माना जा रहा है कि हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद अब अवैध खनन सहित विभिन्न मामलों में उनके प्रेस सलाहकार अभिषेक कुमार पिंटू की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। 20 मार्च को प्रीति कुमारी और 19 मार्च को हटिया के डीएसपी पीके मिश्रा से पूछताछ होनी है।

## चांडिल के पास सड़क हादसे में चार की मौत

### तेज रफ्तार कार ने ट्रक को मारी टक्कर, आदित्यपुर के थे युवक

खबर मन्त्र प्रतिनिधि

**चांडिल।** सोमवार को चांडिल थाना क्षेत्र में कांदरबेडा के पास सड़क दुघर्टना में चार युवकों की मौत हो गयी। मृतकों की पहचान नितिन राय, निखिल सिंह, संस्कार मिश्रा, सूरज आर्यन के रूप में की गयी। सभी मृतक आदित्यपुर बाबा आश्रम रोड नंबर एस/12 के रहनेवाले थे। स्थानीय लोगों के अनुसार कार की रफ्तार काफी तेज थी। अचानक संतुलन खो जाने से कार ने सड़क किनारे खड़े ट्रक को टक्कर मार दी। कार के अंदर कार सवार चार फंसे रह गये। मौके पर ही चारों ने दम तोड़ दिया। इस दौरान कार में आग भी लग गयी, जिसे आस-पास के ग्रामीणों ने तुरंत बुझाने का प्रयास किया। चांडिल थाना प्रभारी वरुण कुमार यादव ने बताया कि चारों का शव पोस्टमार्टम के लिए एमजीएम अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने पहुंचकर क्रेन की




मदद से सभी शव को बाहर निकाल। घटना की खबर मिलते ही मृतकों के कॉलोनी में मातम पसर गया, ओर परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

जानकारी के अनुसार जमशेदपुर से सटे आदित्यपुर हाउसिंग कालोनी से चांडिल की बर्ना कार( जेएच 05सीवाई 0958) आ रही थी। इसी दौरान एनएच-33 पर कार चालक अनियंत्रित होकर कांदरबेड़ा मोड़ के पास खड़े ट्रक को टक्कर मार दिया। खबर सुनकर आसपास के लोग मौके पर जुट गये। बता दें कि दो माह पूर्व 1 जनवरी की अहले सुबह आदित्यपुर बाबा आश्रम कॉलोनी के ही रहने वाले पांच युवकों की ठीक इसी प्रकार भीषण सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी थी।

### पार्टियों की चुनावी कार्यशाला में में बोले सीइओ

## चुनाव प्रावधानों की जानकारी कार्यकर्ताओं तक पहुंचाये

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने सोमवार को कहा कि राज्य में पहली बार लोक सभा आम चुनाव के साथ-साथ गांडेय में विधानसभा का उप चुनाव एक साथ कराया जा रहा है। सभी राजनैतिक दलों से अपेक्षा है कि वे इन चुनावों के स्वच्छ, निष्पक्ष, भयमुक्त एवं त्रुटिरहित संचालन में अपनी महती भूमिका निभाकर लोकतंत्र के इस महापर्व को सफल बनाएं। यह बातें उन्होंने अपने कार्यालय के सभाकक्ष में सभी लोक सभा आम चुनाव 2024 एवं 31-गांडेय विधानसभा उप-चुनाव के बाबत मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के लिए आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने निर्वाचन से संबंधित महत्वपूर्ण प्रावधानों को रेखांकित करते हुए कहा कि वे इनसे अपने हरेक कार्यकर्ता को अनिवार्यरूपेण भारत निर्वाचन आयोग के तत्संबंधी प्रावधानों से अवगत करा दें, ताकि जानकारी की कमी के कारण उनके द्वारा अनजाने में भी भारत निर्वाचन आयोग के संबंधित प्रावधानों का उल्लंघन नहीं होने पाए। उन्होंने इस अवसर पर सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को भारत निर्वाचन आयोग के स्तर से जारी ₹राजनैतिक दलों के लिए हस्तकर₹ की प्रतियां उपलब्ध कराते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव से संबंधित राजनैतिक दलों से संबंधित जारी सभी दिशा निदेर्शों को इसमें संकलित किया गया है। उन्होंने कहा कि इस मैनुअल का गंभीरतापूर्वक अध्ययन किया जाना चाहिए ताकि स्वच्छ एवं निष्पक्ष चुनाव के संचालन में सभी राजनैतिक दलों का सक्रिय सहयोग मिल सके। (शेष पेज 11 पर)

## मजबूती के साथ चुनाव मैदान में उतरेंगे : कल्पना

### साजिश करनेवाली ताकतों के खिलाफ आज से लड़ाई की शुरुआत

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन ने कहा कि हमारी लड़ाई लंबी है और हमें अभी बहुत ताकत की जरूरत है। हेमंत सोरेन हमारे साथ नहीं हैं। गठबंधन मजबूती के साथ चुनावी मैदान में उतरेगा। इसकी शुरुआत मंगलवार से हम लोग कर रहे हैं। कल्पना सोरेन भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होकर मुंबई से लौटने के बाद सोमवार को रांची एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत कर रही थीं।

वह गठबंधन के तहत झामुमो की ओर से भाग लेने गयी थीं। उन्होंने कहा कि गांडेय विधानसभा से अभी हमारी उम्मीदवारी तय नहीं हुई है, पार्टी जो तय करेगी उसपर काम किया जायेगा। गांडेय सीट पर लोकसभा के पांचवें चरण के दौरान 20 मई को उपचुनाव होगा।



रविवार को मुंबई में सिद्धि विनायक की पूजा करते सीएम और कल्पना

#### कार्यकर्ताओं की जिम्मेवारी बढ़ी

मुंबई में इंडिया गठबंधन की बैठक में शामिल होने के बाद सीएम चंपाई सोरेन और कल्पना सोरेन सोमवार को रांची पहुंचे। एयरपोर्ट पर कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। कल्पना सोरेन ने कहा कि जिस तरह से एक साजिश कर हेमंत सोरेन को फंसाया गया है, ऐसे में पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ताओं की जिम्मेवारी बढ़ गयी है। बैठक के बाद कल्पना मुर्मू सोरेन ने जनसभा में केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला। (शेष पेज 11 पर)

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 61500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 76000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




### सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआइ की खिंचाई, कहा- चयन न करें निष्पक्ष बनें

# कोड व चुनावी बॉन्ड के सभी विवरणों का खुलासा करें


एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआइ) से कहा कि वह चुनावी बांड के सभी विवरणों का खुलासा करते समय चयनात्मक न हो, बल्कि स्पष्ट और निष्पक्ष रहे। कोर्ट ने एसबीआई को भारत के चुनाव आयोग को चुनावी बांड नंबरों का विवरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया और उसके अध्यक्ष को गुरुवार शाम 5 बजे तक एक हलफनामा दायर करने के लिए कहा, जिसमें कहा गया हो कि उसने कोई विवरण नहीं छिपाया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि चुनावी बांड के डेटा के पूर्ण प्रकटीकरण में उनके अद्वितीय छिपे हुए अल्फान्यूमेरिक और सीरियल नंबर शामिल हैं, और इसे प्रकाशन के लिए इसीआइ को दिया जाना चाहिए। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पांच न्यायाधीशों की पीठ जिसमें न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, बी आर गवई, जे बी पारदीवाला और मनोज मिश्रा शामिल थे, ने कहा कि 'एसबीआई से अपेक्षा की गई थी कि वह चुनावी बांड के संबंध में हर संभावित विवरण दें। सीजेआइ ने एसबीआइ का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे से कहा कि अदालत के फैसले से यह स्पष्ट हो गया है कि बैंक को सभी विवरण साझा करने होंगे, जिसमें बांड नंबर भी शामिल हैं और एसबीआई विवरणों के प्रकटीकरण में चयनात्मक नहीं हो सकता है और बांड के संबंध में जानकारी के हर हिस्से को अदालत के सामने पेश करना होगा। सीजेआइ ने कहा कि 'अदालत के आदेश की प्रतीक्षा न करें और हम इस तथ्य पर भरोसा करते हैं कि एसबीआई अदालत के प्रति स्पष्ट और निष्पक्ष रहेगा.' साल्वे ने कहा कि बैंक बांड संख्या का खुलासा कर सकता है और इसमें कोई समस्या नहीं है। (शेष पेज 11 पर)




### 'शक्ति' को ललकारने का पता 4 जून को लग जायेगा : मोदी

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने कर्नाटक में विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने इंडी गठबंधन की ओर से महाराष्ट्र में दिये गये शक्ति वाले बयान का जिक्र किया। पीएम ने कहा कि '4 जून को इनको पता लग जायेगा कि शक्ति को ललकारने का मतलब क्या होता है। पीएम मोदी अल्लामा प्रभु मैदान (फ्रीडम पार्क) में सभा को संबोधित किया। मोदी शिवमोगा के फ्रीडम पार्क में एक खुले वाहन में लोगों की भीड़ के बीच हाथ हिलाते हुए पहुंचे। पीएम मोदी ने अपने भाषण की शुरूआत कन्नड़ में 'शिवमोगा जनातेगे नन्ना नमस्कारगलु' (शिवमोगा के लोगों को मेरा नमस्कार) कहकर की। मोदी ने कहा '4 जून को 400 पार। पीएम ने कहा, हम 400 सीटों की बात क्यों कर रहे हैं? विकसित भारत के लिए 400 पार, विकसित कर्नाटक। (शेष पेज 11 पर)

# चुनाव के दौरान मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए मूलभूत सुविधायें हों : के रवि कुमार

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि जिला निर्वाचन पदाधिकारी लोक सभा चुनाव 2024 के मद्देनजर सभी मतदान केंद्रों पर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों के अनुरूप न्यूनतम सुविधा सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पदाधिकारी अपने क्षेत्राधीन सभी मतदान केंद्रों में इन उपलब्ध सुविधाओं का भौतिक निरीक्षण भी करें साथ ही निर्वाचन के कार्य में लापरवाही बरतने वाले पदाधिकारियों एवं कर्मियों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई करें। वह सोमवार को सभी जिलों के निर्वाचन से संबंधित पदाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मतदान केंद्रों पर उपलब्ध भौतिक सुविधाओं से संबंधित बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में जेईपीसी के अध्यक्ष आदित्य रंजन, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, ओएसडी गीता चौबे, सभी जिलों के निर्वाचन से संबंधित पदाधिकारी आदि थे।


चुनाव का पर्व DESH KA GARV

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, रामगढ़।

(निर्वाचन शाखा)

दूरभाष : 06553-261555(O) Email Id : dc-ramgarh@gov.in

– :: आम सूचना ::–

रामगढ़ जिला के आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि समाहरणालय छत्तरमाण्डू के 'ए' ब्लॉक में जिला नियंत्रण कक्ष अधिष्ठापित किया गया है। किसी भी प्रकार की शिकायत एवं जानकारी तथा लोकसभा आम चुनाव, 2024 से संबंधित शिकायत एवं जानकारी हेतु निम्न दूरभाष संख्या पर सम्पर्क किया जा सकता है। दूरभाष संख्या की विवरणी निम्नवत् है:–

| क्र०सं० | दूरभाष संख्या |
|---|---|
| 1 | 06553–261427 |
| 2 | 06553–261417 |
| 3 | 06553–1950 |
| 4 | 18003457036 |

"वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम"

ह०/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, रामगढ़।

PR 323066 Election(23-24)D



## जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा
(जिला निर्वाचन शाखा)

### आदेश

लोकसभा आम चुनाव– 2024 के दौरान चुनाव प्रचार के लिए मुद्रण सामग्रियों के उपयोग के संबंध में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम–1951 की निम्नांकित धारा के तहत सूचित किया जाता है कि,

1. 127 (क) पुस्तिकाओं, पोस्टरों आदि के मुद्रण पर निर्बन्धन– (1) कोई भी व्यक्ति कोई ऐसी निर्वाचन पुस्तिका या पोस्टर जिसके मुख्य पृष्ट पर उसके मुद्रक और प्रकाशक के नाम और पते न हो, मुद्रित या प्रकाशित न करेगा और न मुद्रित या प्रकाशित कराएगा।
2. कोई भी व्यक्ति किसी निर्वाचन पुस्तिका या पोस्टर को–
   (क) उस दशा में के सिवाय न तो मुद्रित करेगा और न तो मुद्रित कराएगा जिसमें वह उसके प्रकाशक की अनन्यता के बारे में अपने द्वारा हस्ताक्षरित और ऐसे दो व्यक्तियों द्वारा जो उसे स्वयं जानते है अनुप्रमाणित द्विप्रतीक घोषणा मुद्रक को परिदत्त कर देता है: तथा
   (ख) उस दशा में के सिवाय न तो मुद्रित करेगा और न तो मुद्रित कराएगा जिसमें कि मुद्रक घोषणा की एक प्रति दस्तावेज की एक प्रति के सहित–
   (I) उस दशा में जिसमें कि वह राज्य की राजधानी में मुद्रित की जाती है, मुख्य निर्वाचन ऑफिसर को तथा
   (II) किसी अन्य दशा में उस जिले के जिसमें कि वह मुद्रित की जाती है जिला मजिस्ट्रेट को दस्तावेज के मुद्रण के पश्चात् युक्तियुक्त समय के भीतर भेज देता है।
3. इस धारा के प्रयोजन के लिए,
   (क) दस्तावेज की अनेकानेक प्रतियाँ बनाने की किसी ऐसी प्रक्रिया की बाबत जो हाथ से नकल करके ऐसी प्रतियाँ बनाने से भिन्न है, यह समझा जाएगा कि वह मुद्रण है और "मुद्रक" पद का अर्थ तदनुसार लगाया जायेगा: तथा
   (ख) "निर्वाचन पुस्तिका या पोस्टर" से किसी अभ्यर्थी या अभ्यर्थियों के समूह के निर्वाचन को सम्प्रवर्तित या प्रतिकूलतः प्रभावित करने के प्रयोजन के लिए वितरित कोई मुद्रित पुस्तिका, पर्चा या अन्य दस्तावेज या निर्वाचन के प्रति निर्देश करने वाला कोई प्लेकार्ड या पोस्टर अभिप्रेत है, किन्तु किसी निर्वाचन सभा की तारीख, समय, स्थान और अन्य विशिष्टयों को केवल आख्यापित करने वाला या निर्वाचन अभिकत्ताओं या कार्यकर्त्ताओं को चर्चा संबंधी अनुदेश देने वाला कोई चर्चा, प्लेकार्ड या पोस्टर या पोस्टर इसके अन्तर्गत नहीं आता।
4. जो कोई व्यक्ति उपधारा (1) या उपधारा (2) के उपबंधों में से किसी का उल्लंघन करेगा वह कारावास से , जिसकी अवधि 6 (छः) मास तक की हो सकेगी या जुर्माने से, जो दो हजार रुपये तक का हो सकेगा या दोनो से दण्डनीय होगा

अतः मुद्रक द्वारा प्रिंट सामग्री प्रिंटिंग के तीन दिनों के अंदर सामग्री की चार प्रति में प्रकाशन के घोषणा पत्र के साथ नोडल पदाधिकारी, आदर्श आचार संहिता कोषांग, लेखा दल एवं अभ्यर्थी व्यय लेखा कोषांग तथा जिला निर्वाचन कार्यालय, कोडरमा को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। अधिनियम की धारा 77 (1) के तहत प्रत्याशियों द्वारा मुद्रित चुनाव सामग्री के व्यय का विवरण निर्वाचन लेखा व्यय में अनिवार्य रुप से शामिल किया जायेगा।

किसी प्रत्याशी / व्यक्ति के द्वारा उल्लंघन करते हुए पाये जाने पर अधिनियम के प्रावधानों के तहत विहित दण्ड अधिरोपित किया जायेगा एवं भारतीय दण्ड संहिता के सुसंगत धाराओं के अधीन आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, कोडरमा।

PR 323047 (Election) 23-24 (D)



रजिस्ट्री सं. डी. एल.–33004 / 99 REGD. NO. D. L.-33004/99

## भारत का राजपत्र
## The Gazette of India

सी.जी.–डी.एल.–अ.–07032024–252646
CG-DL-E-07032024-252646

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II – खण्ड 3 – उप–खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 990] नई दिल्ली, मंगलवार, मार्च 5, 2024 / फाल्गुन 15, 1945
No. 990] NEW DELHI, TUESDAY, MARCH 5, 2024/PHALGUNA 15, 1945

### सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
अधिसूचना
नई दिल्ली, 5 मार्च, 2024

**का.आ. 1035 (अ)** केन्द्रीय सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3 क की उपधारा (1) के अधीन जारी की गई भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का.आ. 4582 तारीख 19.10.2023, जो भारत के राजपत्र असाधारण, भाग–II, खण्ड 3, उपखंड (ii) में प्रकाशित की गई थी, द्वारा झारखंड राज्य के पलामू जिले के गाँवों में अर्थात गुरहाकला अंचल बिश्रामपुर, NH75 के कि.मी. 196.87 से कि.मी. 200.9 (दलाओ पलामू) तक के राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण (चौड़ा करने / चार लेन का बनाने, आदि), अनुरक्षण, प्रबंधन और प्रचालन के लिए उस अधिसूचना से उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा की थी;

और उक्त अधिसूचना का सार उक्त अधिनियम की धारा 3 क की उपधारा (3) के अधीन **तारीख "23–01–2024"** को **"खबर मंत्रा"** और **"टाइम्स ऑफ इंडिया"** दोनों में प्रकाशित किया गया था;

जबकि सक्षम प्राधिकारी को धारा 3–ग के तहत दायर आपत्ति प्राप्त हुई है, जिस पर विचार किया गया है और उसका उचित रूप से निपटान किया गया;

और सक्षम प्राधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 3 घ की उपधारा (1) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार को अपनी रिपोर्ट दे दी है;

अतः अब केन्द्रीय सरकार, सक्षम प्राधिकारी की उक्त रिपोर्ट प्राप्त हो जाने पर और उक्त अधिनियम की धारा 3 घ की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह घोषणा करती है कि उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए अर्जन किया जाना चाहिये;

और अब, केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 3 घ की उपधारा (2) के अनुसरण में यह घोषणा करती है कि इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन पर उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि सभी विल्लंगमों से मुक्त होकर आत्यन्तिक रूप से केन्द्रीय सरकार में निहित हो जाएगी।

अनुसूची

झारखंड राज्य के पलामू जिले में NH75 के अंतर्गत कि.मी. 196.87 से कि.मी. 200.9 (दलाओ पलामू) के गांवों में अर्थात गुरहाकला, अंचल बिश्रामपुर, जिला–पलामू, झारखंड राज्य के लिए अर्जन की जाने वाली संरचना सहित अथवा संरचना रहित भूमि का विवरण।

[फा. सं. : NHAI/PIU/RNC/NH-75/Section-IV(LA)/3D
अभय जैन, उप सचिव

जिला : पलामू
https://egazette.gov.in
प्रकाशन तिथि : 05.03.2024
https://egazette.gov.in/(S(sq5d3e0xwlcizw2bv2j4ci02))/ViewPDF.aspx
https://bhoomirashi.gov.in/auth/revamp/showFileDf.cshtml?notification_id=53630&file_id=26401

12x20 Sq.cm


लोकसभा चुनाव : पांच राज्यों के आला पुलिस अफसरों की हुई बैठक

# चुनाव प्रभावित करने वाले बिंदुओं पर हुआ मंथन, सीमावर्ती क्षेत्रों पर होगी कड़ी सुरक्षा

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** लोकसभा चुनाव निष्पक्ष और शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर झारखंड समेत पांच राज्यों के आला पुलिस अफसरों ने सोमवार को बैठक की। यह बैठक झारखंड के डीजीपी अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में झारखंड पुलिस मुख्यालय में हुई। इस बैठक में सीमावर्ती राज्य ओड़िशा, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश और बिहार के आला पुलिस अफसर शामिल हुए। डीजीपी अजय कुमार सिंह ने बताया कि यह बैठक भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर की गई।

बैठक में उन बिंदुओं पर चर्चा की गयी, जो पांच सीमावर्ती राज्यों- ओड़िशा, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, के साथ आगामी लोकसभा चुनाव को प्रभावित कर सकते हैं। बिहार और पश्चिम बंगाल और हमने आपसी सहयोग और आगे क्या होगा, इसके लिए रोडमैप बनाया। हमारे पास एक केंद्रीय नियंत्रण कक्ष, नोडल अधिकारी हैं, और स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए जो जरूरी है वह अपनी जगह पर है।

## शांतिपूर्ण तरीके से लोकसभा चुनाव कराने के लिए सभी सुविधाएं मौजूद

डीजीपी ने कहा कि उन बिंदुओं पर विमर्श किया गया, जो लोकसभा चुनावों को प्रभावित कर सकते हैं। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर रोड मैप बनाया गया। इसके लिए एक केंद्रीय नियंत्रण कक्ष है। नोडल अधिकारी हैं। निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव के लिए आवश्यक सभी सुविधाएं हैं। सुरक्षा की दृष्टि के हर पहलू पर विचार विमर्श किया गया। नक्सली, अपराधी, वारंटी, चेकनाका पर सुरक्षा समेत बॉर्डर पर सख्ती को लेकर मंथन किया गया। सीमावर्ती राज्यों के बॉर्डर इलाके में कड़ी नजर रखने पर जोर दिया गया, ताकि चुनाव के दौरान अवांछित तत्व गड़बड़ी नहीं कर सकें। इनसे सख्ती से निबटा जा सके।

बाबूलाल ने मुख्य सचिव को लिखा पत्र, कहा

# जेपीएससी प्रारंभिक परीक्षा के पेपरलीक की सीबीआई जांच हो

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्य सचिव एल खियांग्ते को पत्र लिख कर जेपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा पेपरलीक की सीबीआई जांच कराने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि कुछ छात्रों द्वारा मुझे भेजे गये मेल में, जिसमें स्क्रीनशॉट भी संलिप्त है, पेपर बुकलेट संख्या और ओएमआर उत्तर पुस्तिका संख्या असमान पाई गई है। इस सम्बन्ध में सभी प्रमुख समाचार पत्रों एवं विजुअल मीडिया में प्रकाशित हुआ है।

विगत दिनों भी ऐसा ही मामला सामने आया था, जहां 2025 पदों के लिए राज्य भर के 735 केंद्रों में जेएसएससी द्वारा आयोजित सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 में प्रश्नपत्र लीक का मामला सामने आया था। इसके बाद जेएसएससी ने 28 जनवरी 2024 को सम्पन्न सभी पाली की परीक्षा तथा 4 फरवरी को होने वाली परीक्षा को अपरिहार्य कारणों से रद्द कर दिया था। उन्होंने कहा कि विगत 4 वर्षों में झारखंड के गरीब और आदिवासी बच्चों के सपनों का मजाक बनाकर रख दिया गया है।

# भाजपा के पास मुद्दा नहीं, समझौता विहीन लड़ाई जारी रहेगी मगर हम कभी झुकेंगे नहीं : झामुमो

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** कांग्रेस में प्रिंस और वायनाड से सांसद राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का महाराष्ट्र के मुंबई में बीते रविवार को अंतिम दिन था। इंडी गठबंधन की हिस्सा जेएमएम की ओर से पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन और पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य भाग लेने मुंबई पहुंचे थे। मुंबई से वापस आने के बाद जेएमएम केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि राहुल गांधी ने न्याय यात्रा के दिन अंतिम दिन अपने संबोधन में कहा कि कांग्रेस के एक बड़े नेता ने सोनिया गांधी से कहा कि जेल जाने के डर के कारण बीजेपी ज्वाइन कर रहे हैं लेकिन हम डरने और झुकने वालों में से नहीं हैं।

**जंगल जमीन कॉरपोरेट के हाथों में नहीं जाने देंगे :** हम समझौता विहीन लड़ाई लड़ रहे हैं। हम जल जंगल जमीन को कॉरपोरेट के हाथो में नहीं दे सकते। झारखंड नहीं झुका है और इंडिया भी नहीं झुकेगा। बीजेपी मुद्दा विहीन हो गई है। इडी गठबंधन की एकजुटता से तिलमिला गये हैं। हम लोग शुरू से कह रहे थे कि गांडेय पर चुनाव कराओ लेकिन उस वक्त एक साल का समय होने की बात कही जा रही थी। अब निर्वाचन पदाधिकारी गांडेय विधानसभा उपचुनाव पर मीटिंग बुला रहे हैं। दिखने लग गया है अब चुनाव का नतीजा, बीजेपी के मन का आतंक दिखने लग गया है।

**चुनावी बॉन्ड के माध्यम से आया पाकिस्तान से पैसा :** चुनावी चंदा के डेटा से यह समझा आ गया है कि जो लोग अपने कर्मचारियों को वेतन नहीं दे पाते हैं उन्होंने करोड़ों का चंदा बीजेपी को दिया है। चुनावी बॉन्ड में पाकिस्तान का पैसा आया। झारखंड में जल्द चुनाव अभियान की शुरूआत की जाएगी। चार जून को जब चुनावी परिणाम आयेंगे तब बीजेपी इसे गिनने के लायक नहीं बचेंगे।

# बिहार, यूपी, एमपी और राजस्थान का गिरोह झारखंड में कराता है पेपर लीक : बंधु तिर्की

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष एवं पूर्व शिक्षा मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि झारखंड के आदिवासी और मूलवासी इतने भोले और सीधे साधे हैं कि वह पेपर लीक का मतलब भी नहीं जानते। रविवार को जेपीएससी सिविल सर्विस की प्रारंभिक परीक्षा में पेपर लीक की आ रही खबरों को लेकर कहा कि हालांकि अभी तक पेपर लीक की कोई पुष्टि नहीं हुई है लेकिन पूर्व में जेएसएससी का पेपर तो लीक हुआ था। अब सरकार खुद संज्ञान लेते हुए इसका भंडाफोड़ करे। इसकी जांच होनी चाहिए। बंधु तिर्की ने पेपर लीक मामले को गंभीरता से लेने का मुख्यमंत्री से आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़े तो सीबीआई जांच भी हो क्योंकि यह राज्य के युवाओं के भविष्य का मामला है। उन्होंने कहा कि बिहार, यूपी, राजस्थान और एमपी का गैंग है जो पहले पेपर लीक कराते हैं।

# बदरंग हो गयी बीआरपी-सीआरपी की होली

**रांची।** बीआरपी सीआरपी की एक मांग सेवा शर्त नियमावली कैबिनेट नहीं पारित होने के कारण उनकी होली बदरंग होने जैसी हो गयी है। संघ के सदस्यों ने काफी प्रयास किया था, परंतु अंतिम समय में भी उन्हें सरकार से दगा मिला। इसे लेकर संघ के सदस्यों का कहना है कि 16 मार्च की कैबिनेट बैठक में मंत्री एवं मुख्यमंत्री तथा विभागीय सचिव के आश्वासन के बाद भी सेवा शर्त नियमावली कैबिनेट से पास नहीं होना बीआरपी सीआरपी के लिए घोर निराशाजनक एवं हताशा भरा रहा है। सभी बीआरपी सीआरपी को सक्षम प्राधिकार द्वारा प्राप्त आश्वासन के बाद उम्मीद बंधी थी की आचार संहिता लगने से पूर्व सेवा शर्त नियमावली लागू हो जायेगी। होली में सभी 2600 बीआरपी सीआरपी के घर की खुशी के रंग होली को मौज से भर देगा, लेकिन विभागीय अधिकारियों की नाकामी से 19 साल से सेवारत बीआरपी सीआरपी की होली फीकी हो गई। इतना ही नहीं बीआरपी सीआरपी को मानदेय भी समय पर नहीं मिलता है।


दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा

निविदा सूचना सं.: डीआरएमईएनजीजीआरएनसी–07–10–2024, भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.), रांची के द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: क्रम सं., सूचना सं. एवं कार्य का नाम निम्नानुसार हैं: (1) डीआरएमईएनजीजीआरएनसी–07–2024, रांची मंडल में ट्रैक रिन्यूअल कार्यों के लिए विभिन्न स्थानों से सड़क के माध्यम से पी.वे सामग्री का परिवहन। निविदा मूल्य: रु. 1,40,73,547.13, बयाना राशि: रु. 2,20,400/- (2) डीआरएमईएनजीजीआरएनसी–08–2024, कार्य का नाम: रांची मंडल की हटिया–ओरगा शाखा में रोबोटिक वेल्डिंग टेक्नोलॉजी का उपयोग करते हुए सीएमएस क्रासिंग एवं टंग रेल का पुनरुद्धार। निविदा मूल्य: रु. 26,51,115.52, बयाना राशि: रु. 53,000/-, (3) डीआरएमईएनजीजीआरएनसी–09–2024, कार्य का नाम: हटिया–ओरगा शाखा में ओरगा (ओआरजीए) और गोविंदपुर रोड (जीबीएस) स्टेशनों में वर्तमान एफओबी (3.05 मी. चौड़ा) का विस्तार। निविदा मूल्य: रु. 2,06,80,605.68, बयाना राशि: रु. 2,53,400/-, (4) डीआरएमईएनजीजीआरएनसी–10–2024, कार्य का नाम: मुरी रेलवे स्टेशन में आरपीएफ लेडीज बैरक (20 शय्या) का निर्माण। निविदा मूल्य: रु. 1,31,32,716.55, बयाना राशि: रु. 2,15,700/- निविदा की अंतिम तिथि और समय: दिनांक 01.04.2024 को 15.00 बजे (क्रम सं. 1 हेतु) और दिनांक 08.04.2024 को 15.00 बजे (क्रम सं. 2, 3 एवं 4 प्रत्येक हेतु)। निविदाकार ऑनलाइन निविदा करने के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in देख सकते हैं। ई-निविदा सूचना मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.), दक्षिण पूर्व रेलवे, डीआरएम बिल्डिंग, रांची-834003 के कार्यालय में नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध है। (PR-1244)


## शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ी

**रांची।** शराब घोटाले की राशि का मनी लाउंड्रिंग करने के आरोप में जेल में बंद योगेंद्र तिवारी की न्यायिक हिरासत अवधि अदालत ने एक अप्रैल तक बढ़ा दी है। ईडी कोर्ट में सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आरोपी को पेश किया गया। ईडी ने योगेंद्र तिवारी को बीते 19 अक्तूबर को गिरफ्तार किया था। तब से वह न्यायिक हिरासत में है। योगेंद्र तिवारी द्वारा बालू की तस्करी और अवैध तरीके से जमीन की खरीद बिक्री कर अर्जित आय को शराब के कारोबार में लगाने की खुलासा ईडी की जांच में हुई है।

जेपीएससी प्रश्न पत्र लीक पर सदान मोर्चा ने दी प्रतिक्रिया

# राज्य सरकार को बच्चों के भविष्य की कोई चिंता नहीं : राजेंद्र प्रसाद

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सह झारखंड आंदोलनकारी राजेन्द्र प्रसाद ने जेपीएससी परीक्षा प्रश्न पत्र लीक होने पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। कहा सरकार को बच्चों का भविष्य का कोई चिंता नहीं है। सरकार अपनी जवाबदेही से भाग नहीं सकती। उन्होंने कहा कि सरकार उन, गरीब मां, बाप, भाई, बहन की वेदना को समझे जो भूखे -पेट रहकर, जमीन बेचकर, बैल- बकरी, बेचकर बच्चों की पढ़ाई कराते हैं। इस उम्मीद से की एक दिन उनके बच्चे को सरकारी नौकरी मिल जाएगी और घर परिवार की स्थिति ठीक हो जायेगी, लेकिन उन सपनों को सरकार तोड़ रही है। श्री प्रसाद ने कहा राजनीतिक इच्छाशक्ति और प्रशासनिक विफलता के कारण बच्चों का भविष्य बर्बाद हो रहा है। सरकार इस मामले को गंभीरता से ले और जो भी अधिकार इसके लिए दोषी है, उस पर सख्त से सख्त कार्रवाई करे। उन्होंने कहा कि झारखण्ड में जितने भी अभ्यर्थी परीक्षा में दोबारा शामिल होते हैं, तो सभी अभ्यर्थियों का परीक्षा केंद्र तक आने-जाने का खर्च सरकार खुद उठाये। श्री प्रसाद ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच करा कर दोषियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई करें। उन्होंने यह भी कहा कि बच्चों का यह भविष्य का मामला है इस पर राजनीतिकरण नहीं होना चाहिए।


सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
एक मिनीरत्न कम्पनी
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी)

सूचना

सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कम्पनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in सम्बंधित अनुषंगी कम्पनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in) सीआईएल ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।



JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED
(Govt. of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO Bhawan, Kutchery Road,
Ranchi-834001, Jharkhand.
Ph No.: +91-651-2225878;
e-mail Id-; pdt.juidco@gmail.com
CIN: U45200JH2013SGC001752

NIT No: - JUIDCO/NIT/Domc/UWSS/2024/598
Date: 18/03/2024
Tender ID: -2024_UDD_84172_1 PR No.: 320034

Corrigendum- 1

All bidders are hereby informed that Corrigendum- 1 is released for tender having details as mentioned above for "Domchanch Urban Water Supply Scheme with 5 years of Operation and Maintenance". The bidders are advised to consider the same before submission of their bids against the tender.

Note: Corrigendum- 01 can be referred from the e-tender site of Govt. of Jharkhand i.e., (http://jharkhandtenders.gov.in)

Sd/-
Project Director (Technical)
JUIDCO Ltd., Ranchi

PR 323101 (Urban Development)23-24*D


# एनआइए ने आइएसआइएस आतंकी शाहनवाज व उसके सहयोगियों की संपत्ति कुर्क की, झारखंड से है कनेक्शन

### आतंकवादी गतिविधियों के लिए किया जा रहा था संपत्तियों का इस्तेमाल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने हजारीबाग के रहने वाले आतंकी शाहनवाज और उनके सहयोगी की संपत्ति कुर्क कर ली है। आईएसआईएस मॉड्यूल मामले में एनआईए ने पुणे में 11 आतंकियों की चार अचल संपत्ति कुर्क की है।

एनआईए के मुताबिक, इन संपत्तियों का इस्तेमाल आतंकवादी मकसद के लिए किया जा रहा था। इन चारों संपत्तियों का इस्तेमाल आइइडी बनाने, इसके प्रशिक्षण और आतंकवादी कृत्यों की योजना बनाने के लिए किया जा रहा था।

## 11 आरोपियों की हो चुकी है गिरफ्तारी

गौरतलब हो कि एनआईए इस मामले में पहले ही सभी 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम की धारा 25 के तहत कुर्क की गयी संपत्तियां आवासीय घर और फ्लैट हैं। ये संपत्तियां आरोपी मोहम्मद इमरान खान, मोहम्मद यूनुस साकी, मोहम्मद शाहनवाज आलम, मोहम्मद रिजवान अली, कादिर दस्तगीर पठान, सिमाब काजी, जुल्फिकार अली बड़ौदावाला, अब्दुल्ला फैयाज शेख, तल्हा लियाकत खान, शमिल नाचन और आकिफ नाचन के नाम पर थी।

## मूल रूप से हजारीबाग का है शहनवाज

गिरफ्तार शहनवाज सफीउज्जमा आलम मूल रूप से झारखंड के हजारीबाग जिले के पेलावल स्थित पगमिल का निवासी है। उसका पासपोर्ट रांची में 31 अक्टूबर 2016 को बना था, जिसकी वैधता 30 अक्टूबर 2026 तक है। पासपोर्ट में उसकी जन्मतिथि पांच मार्च 1993 है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने मोहम्मद शहनवाज के दूसरे साथी जिस मोहम्मद अरशद वारसी को गिरफ्तार किया है, वो भी झारखंड के गढ़वा का रहने वाला है। शहनवाज बेंगलुरु के विश्वसरैया इंस्टीच्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से माइनिंग इंजीनियरिंग किया है। माइनिंग इंजीनियर होने के चलते उसे बम ब्लास्ट का ज्ञान है। उसने बम बनाने के कई प्रयोग भी किये। 2020 में लूटकांड के एक मामले में वह हजारीबाग से जेल भी गया था।

# कांटाटोली फ्लाईओवर के निर्माण कार्य में आयी तेजी

**आखिरी 486वें सेगमेंटल बाक्स का कास्टिंग पूरा होने के साथ हुई पूजा अर्चना, 42 स्पैन में 27 पर सेगमेंटल बाक्स चढ़ाने का काम पूरा, शेष 15 स्पैन पर जल्द चढ़ेगा सेगमेंट, सर्विस लेन के निर्माण कार्य में भी तेजी से प्रगति, रैंप एप्रोच वाले स्थान पर काम शीघ्र**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बहुप्रतीक्षित कांटाटोली फ्लाईओवर का निर्माण राज्य सरकार द्वारा तय सीमा में पूरा हो जायेगा। जल्द ही रांचीवासियों को कांटाटोली फ्लाईओवर की सौगात मिलेगी। इस क्रम में सोमवार को फ्लाईओवर के सड़क का प्रारूप देने वाले आखिरी 486वें सेगमेंटल बाक्स की कास्टिंग का काम पूरा कर लिया गया। फ्लाईओवर के निर्माण के क्रम में अब कुल 42 स्पैन (दो पीलरों के बीच की दूरी) में से 27 स्पैन पर सेगमेंटल बाक्स चढाने का काम पूरा कर लिया गया है। जिसमें 325 सेगमेंटल बाक्स चढ़ाये गये हैं। शेष 15 स्पैन पर 160 सेगमेंटल बाक्स चढ़ाने का काम जल्द पूरा कर लिया जायेगा। सभी 486 सेगमेंटल बाक्स की कास्टिंग पूरी हो चुकी है। यातायात की सुगमता बहाल करने के लिए सर्विस रोड के अधिकांश पथांसो पर सड़क का निर्माण शुरू किया जा चुका है। सर्विस लेन पर भी कालीकरण का काम प्रगति पर है। सिर्फ जहां एप्रोच और रैंप निर्माण का काम बाकी है वहीं तकनीकी कारणों से सर्विस लेन का काम अभी शुरू नहीं हुआ है, वहां भी शीघ्र ही निर्माण कार्य शुरू कराया जायेगा। एप्रोच रोड यानी फ्लाईओवर के ढलान को भी बनाने का काम तेजी से तेजी से चल रहा है। एप्रोच के नीचे दुकानें बनायी जा रही है। इस बीच निर्माण में बाधाक सभी विद्युत उपस्करों को हटाने का काम भी पूरा कर लिया गया। पाइपलाइन शिफ्टिंग पूरा करने के लिए जुडको के निर्देश पर काम पूरा करने का काम अंतिम चरण में है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कांटाटोली फ्लाईओवर का निरीक्षण किया गया था और उच्चस्तरीय बैठक में निर्माण कार्य अगस्त तक पूरा करने का निर्देश दिया था।

# डॉ बीपी कश्यप को विट्रियो-रेटिना के क्षेत्र में मिली एफएआइसीओ की मानद उपाधि

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** कोलकाता में सोमवार को आयोजित अखिल भारतीय नेत्र सोसाइटी के 82वें वार्षिक सम्मेलन के उद्घाटन सम्मारोह में झारखंड के प्रसिद्ध नेत्र चिकित्सक डॉ. बीपी कश्यप को विट्रियो-रेटिना के क्षेत्र में एफओआईसीओ की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें रामकृष्ण मिशन सेवा प्रतिष्ठान के सेक्रेटरी स्वामी नित्याकामानंदा के द्वारा प्रदान किया गया। यह मानद उपाधि रेटिना सर्जन्स को उनके रेटिना के क्षेत्र में किये गये उल्लेखनीय कार्य के लिए दिया जाता है। गौरतलब हो कि 1984 में डॉ. बीपी कश्यप ने झारखंड (तब बिहार) में पहली बार रेटिना ट्रीटमेंट की शुरूआत की थी। उस समय वह समूचे बिहार के इकलौते रेटिना सर्जन थे। 1984 से लेकर 2004 तक, वे झारखंड और बिहार के इकलौते रेटिना सर्जन रहे। आज झारखंड में रेटिना के क्षेत्र में जितनी भी नई तकनीके, मशीनें, ट्रीटमेंट पद्धति, रिसर्च, प्रशिक्षण इत्यादी मौजुद हैं, झारखंड में सबको लाने का श्रेय, सिर्फ डॉ. बीपी कश्यप को जाता है। डॉ कश्यप के राष्ट्रीय स्तर पर इस मानद उपाधि से सम्मानित किए जाने पर झारखंड का नाम रोशन हुआ है।

# विकास के लिए सुरक्षा व आर्थिक सुरक्षा दोनों महत्वपूर्ण : राज्यपाल

**इकोनॉमिक सिक्योरिटी पर अध्ययन को लेकर रांची आयी टीम के साथ संवाद**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने सोमवार को राज भवन में राष्ट्रीय रक्षा शक्ति महाविद्यालय नई दिल्ली के फैकल्टी ऑफ कोर्स मेंबर नेशनल सिक्यूरिटी एंड स्ट्रेटजिक स्टडीज कोर्स के तहत झारखंड में इकोनॉमिक सिक्यूरिटी पर अध्ययन के लिए आये टीम के सदस्यों के साथ संवाद करते हुए कहा कि विकास के लिए सुरक्षा एवं आर्थिक सुरक्षा दोनों महत्वपूर्ण है। वर्तमान में हमारा देश विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। उन्होंने कहा कि मैं विभिन्न देशों का भ्रमण कर चुका हूं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय, नई दिल्ली का गौरवशाली इतिहास रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में स्थापित झारखंड रक्षा विश्वविद्यालय को सैनिक विश्वविद्यालय के रूप में गठन करने को इच्छुक हैं।

राज्यपाल ने कहा कि झारखंड राज्य का गठन बिहार से अलग होकर 15 नवम्बर 2000 को सृजन हुआ। जब यह विधयेक संसद में रखा गया था, तब वे लोक सभा सांसद थे। तब, उन्हें इस पर अपना मत देने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था। राज्यपाल ने कहा कि यहां पर्यटन के विकास की असीम संभावनाएं हैं। यहां के कई स्थल पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। झारखंड राज्य में खेल के क्षेत्र में कई प्रतिभा हैं। महेंद्र सिंह धोनी के नेतृत्व में भारत ने 2011 में विश्व कप जीता, यहीं के रहने वाले हैं। झारखंड को तीरंदाजी की भूमि कहा जाता है। यहां की कई बेटियाँ हॉकी में अपना सर्वश्रेष्ट प्रदर्शन कर देश एवं झारखंड को गौरवान्वित कर रही है।

# शहरी क्षेत्रों में गठित सभी वोटर अवेयरनेस फोरम को क्रियाशील रखने का निर्देश

# निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश के अनुरूप लोस चुनाव की करें तैयारियां: के. रवि कुमार

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने राज्य के सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों से कहा कि वे आगामी 20 से 30 मार्च 2024 तक, खासकर शहरी क्षेत्रों में, विशेष अभियान चलाकर वोटर अवेयरनेस फोरम के माध्यम से मतदाताओं को अपने मताधिकार के प्रयोग एवं नैतिक मतदान के प्रति जागरूक करने तथा उनकी चुनाव के प्रति उदाशीनता के कारणों से अवगत होंगे। यदि मतदाता किसी खास असुविधावश अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं करते हों तो वैसे कारणों का तत्काल निवारण कराकर उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करें। वे सोमवार को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियो के साथ विभिन्न जिलों में लोकसभा निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 135-बी के तहत अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए सभी सरकारी/गैर सरकारी/ व्यवसायिक संस्थानों के कर्मियों के लिए सवैतनिक अवकाश का प्रावधान किया गया है। भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाता जागरूकता के लिए हर संस्थान में मतदाता जागरूकता के लिए वोटर अवेयरनेस फोरम गठित करने का प्रावधान किया है। यदि किसी भी सरकारी/गैरसरकारी/ निजी अथवा व्यवसायिक संस्थान में वोटर अवेयरनेस फोरम गठित कराकर उसे त्वरित क्रियाशील कराएं। यदि पिछले चुनावों में किसी खास स्थान पर मतदान का प्रतिशत कम रहा हो, तो निकट के मतदाता वोटर अवेयरनेस फोरम के नोडल पदाधिकारियों के साथ बैठक कर उनसे फीडबैक प्राप्त करें एवं प्राप्त फीडबैक के आधार पर उस क्षेत्र के मतदाताओं को अपने मताधिकार के प्रयोग में यदि कोई भी असुविधा संभावित हो तो उसका तत्काल निराकरण सुनिश्चित करवाएं।

उन्होंने कहा कि पोस्टल बैलेट से मतदान की सारी तैयारियां समयपूर्व पूरी कर ली जाए, ताकि पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग करने वाले मतदाताओं को मतदान करने में किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होने पाए। इसके अतिरिक्त चुनाव के लिए जिलावार वाहन प्रबंधन, आदर्श आचार संहिता के अनुपालन, मतगणना केन्द्रों की तैयारी, मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों की पहुंच इत्यादि विषयों की भी समीक्षा की गई।

मौके पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा, ओएसडी गीता चौबे, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार सहित मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## लोकतंत्र के महापर्व में मीडिया की भूमिका काफी अहम : सीइओ

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान के लिए मीडिया की भूमिका अहम है। मतदाताओं को बिना किसी प्रलोभन के एवं नैतिक मतदान के लिए उनके मताधिकार के प्रयोग के लिए जागरूक करने में वे अपनी भूमिका निभाएं। वे सोमवार को अपने कार्यालय में मीडिया के प्रतिनिधियों के लिए आयोजित कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। कार्यशाला में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा ने इलेक्शन एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग पर विस्तृत रूप से आयोग के दिशा-निर्देशों से मीडिया प्रतिनिधियों को अवगत कराया। वहीं अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह ने आदर्श आचार संहिता के बारे में, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता ने निर्वाचन से संबंधित विभिन्न मामलों, उप निर्वाचन पदाधिकारी (मुख्यालय) संजय कुमार ने फेक न्यूज, पेड न्यूज जैसे विभिन्न विषयों पर एवं सिस्टम एनालिस्ट एसएन जमील ने आईटी अप्लीकेशन के उपयोग की जानकारी दी। प्रश्नोत्तरी सत्र में मीडिया के प्रतिनिधियों की शंकाओं का समाधान किया गया।

# रांची जिले के 28 मतदान केंद्रों के भवन परिवर्तित

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया गया की रांची जिला अंतर्गत 28 मतदान केंद्र के भवन व स्थल परिवर्तन किया गया।

विधानसभा संख्या एवं नाम- 58- तमाड़, (136), राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, तिनतिला

अनुमोदित मतदान केंद्र संख्या एवं नाम- आँगनबाड़ी केंद्र, तिनतिला

विधानसभा संख्या एवं नाम- 58- तमाड़, (139), राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, कुरुंगा

अनुमोदित मतदान केंद्र संख्या एवं नाम- आंगनबाड़ी केंद्र, कुरुंगा

विधानसभा संख्या एवं नाम- 61- सिल्ली, (1), सामुदायिक भवन डहुआ अनुमोदित मतदान केंद्र संख्या एवं नाम- मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र, डोकाद

विधानसभा संख्या एवं नाम- 61- सिल्ली , (20), सामुदायिक भवन, पहाड़ सिंह

अनुमोदित मतदान केंद्र संख्या एवं नाम- आंगनबाड़ी केंद्र, पहाड़सिंह

विधानसभा संख्या एवं नाम- 61- सिल्ली, (166), राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, डोकाद उत्तर भाग (कमरा न-01) अनुमोदित मतदान केंद्र संख्या एवं नाम- राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय, डोकाद, उत्तर भाग (कमरा न-01)

विधानसभा संख्या एवं नाम- 61- सिल्ली, (167), राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, डोकाद दक्षिण भाग (कमरा न-02)

अनुमोदित मतदान केंद्र संख्या एवं नाम- राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय, डोकाद दक्षिण भाग (कमरा नं-02)

विधानसभा संख्या एवं नाम- 61- सिल्ली, (184), राजकीयकृत प्रा. वि.विद्यालय, चिरूडीह

अनुमोदित मतदान केंद्र संख्या एवं नाम- राजकीयकृत मध्य विद्यालय, कापीडीह

विधानसभा संख्या एवं नाम- 61- सिल्ली, (190), राजकीयकृत मध्य विद्यालय, नावाडीह

अनुमोदित मतदान केंद्र संख्या एवं नाम- राज्यकीयकृत मध्य विद्यालय गोवाली

विधानसभा संख्या एवं नाम- 61- सिल्ली, (251), राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय, जिलिंगसेरेंग

अनुमोदित मतदान केंद्र संख्या एवं नाम- पंचायत सचिवालय जिलिंगसेरेंग

विधानसभा संख्या एवं नाम- 62- खिजरी, (63), नव प्रा. विद्यालय तापे

अनुमोदित मतदान केंद्र संख्या एवं नाम- सामुदायिक भवन तापे

विधानसभा संख्या एवं नाम- 64- हटिया , (101), कर्मचारी भवन मेराल

अनुमोदित मतदान केंद्र संख्या एवं नाम- उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय दलादिली, बगीचा टोली (कमरा नंबर 1)

विधानसभा संख्या एवं नाम- 64- हटिया , (102), आंगनबाड़ी केंद्र मेराल

अनुमोदित मतदान केंद्र संख्या एवं नाम- उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय दलादिली, बगीचा टोली (कमरा नंबर 2)

विधानसभा संख्या एवं नाम- 64- हटिया , (424), सेठ सीताराम उच्च विद्यालय डोरंडा (कमरा संख्या-5)

अनुमोदित मतदान केंद्र एवं नाम- आकाश दीप ऑटिज्म सेरब्रल पाल्सी एवं बौद्धिक अक्षमता केंद्र डोरंडा रांची-2, (कमरा नं.-1)

विधानसभा संख्या एवं नाम- 64- हटिया, (425), सेठ सीताराम उच्च विद्यालय डोरंडा (कमरा संख्या-6)

अनुमोदित मतदान केंद्र संख्या एवं नाम- आकाश दीप ऑटिज्म सेरब्रल पाल्सी एवं बौद्धिक अक्षमता केंद्र डोरंडा रांची-2, (कमरा नंबर.-02)

विधानसभा संख्या एवं नाम- 64- हटिया , (466), रा.म.वि. कल्याणपुर, (कमरा संख्या-1),

अनुमोदित मतदान केंद्र संख्या एवं नाम- रा.म.वि.कल्याणपुर, (कमरा संख्या-11)

विधानसभा संख्या एवं नाम- 64- हटिया, (467), रामवि कल्याणपुर (कमरा संख्या-2)

अनुमोदित मतदान केंद्र संख्या एवं नाम- रा.म.वि. कल्याणपुर, (कमरा संख्या-12)

विधानसभा संख्या एवं नाम- 64- हटिया, (468), रामवि. कल्याणपुर, (कमरा संख्या-3),

अनुमोदित मतदान केंद्र संख्या एवं नाम- रा.म. वि. कल्याणपुर (कमरा संख्या-13)

विधानसभा संख्या एवं नाम- 64- हटिया , (469), रा. म. वि. कल्याणपुर, (कमरा संख्या-4)

अनुमोदित मतदान केंद्र संख्या एवं नाम- रा.म. वि. कल्याणपुर (कमरा संख्या-14)

विधानसभा संख्या एवं नाम- 65- कांके, (258), राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय जयपुर कोंगे, (कमरा संख्या-2)

अनुमोदित मतदान केंद्र संख्या एवं नाम-विश्वा गेस्ट हाउस रिसेप्शन कमरा पानीकल कांके रोड़

विधानसभा संख्या एवं नाम- 66- मांडर, (5), उत्क्रमित प्रा. वि. तालाब मोहल्ला बलसोकरा (कमरा संख्या-1)

अनुमोदित मतदान केंद्र संख्या एवं नाम- रा. कृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय बिडरा (कमरा संख्या-2)

विधानसभा संख्या एवं नाम- 66- मांडर, (6), उत्क्रमित प्रा. वि. तालाब मोहल्ला बलसोकरा (कमरा संख्या-2)

अनुमोदित मतदान केंद्र संख्या एवं नाम- रा. कृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय बिडरा (कमरा संख्या-3)

विधानसभा संख्या एवं नाम- 66- मांडर, (32), आंगनबाड़ी केंद्र चान्हो

अनुमोदित मतदान केंद्र संख्या एवं नाम- उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय चान्हो टिकराटोली

विधानसभा संख्या एवं नाम- 66- मांडर, (34), राजकृत प्राथमिक विद्यालय पाटूक

अनुमोदित मतदान केंद्र संख्या एवं नाम- नव प्राथमिक विद्यालय पूरबटोली

विधानसभा संख्या एवं नाम- 66- मांडर, (56), सामुदायिक भवन चंपाडीह

अनुमोदित मतदान केंद्र संख्या एवं नाम- उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय चंपाडीह

विधानसभा संख्या एवं नाम- 66- मांडर, (75), सामुदायिक भवन बेजांग

अनुमोदित मतदान केंद्र संख्या एवं नाम- आर. सी. प्राथमिक विद्यालय बेजांग

विधानसभा संख्या एवं नाम- 66- मांडर, (83), सामुदायिक भवन तुरीटांड

अनुमोदित मतदान केंद्र संख्या एवं नाम- तरंगा लैंप्स लि. तुरीटोला, पंचायत तरंगा

विधानसभा संख्या एवं नाम- 66- मांडर, (84), आंगनवाड़ी-सह-नियोजन केंद्र मधुकम

अनुमोदित मतदान केंद्र संख्या एवं नाम- उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय मधुकम

विधानसभा संख्या एवं नाम- 66- मांडर, (275), राजकीय कृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय मसियातु, (कमरा संख्या-2)

अनुमोदित मतदान केंद्र संख्या एवं नाम- नव प्राथमिक विद्यालय भैसादोन बेड़ो-1)

## जानलेवा हमले के दोषी को उम्रकैद

**रांची।** अपर न्यायायुक्त विशाल श्रीवास्तव की अदालत ने सोमवार को जानलेवा हमला मामले में दोषी अभियुक्त अमित राम को सात साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। अदालत ने उक्त आरोप में 14 मार्च को दोषी ठहराया था। अभियुक्त पर रातू रोड निवासी सूरज राम से जबरदस्ती पैसे की मांग करने का आरोप है। जब सूरज राम ने पैसे देने से मना किया तो 2 जून 2021 को रातू रोड स्थित दुर्गा मंदिर के सामने ही चाकू से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। रिम्स में चला इलाज के दौरान उसके पेट में 21 टाके लगे थे। इस घटना को लेकर सुखदेवनगर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पुलिस ने एक जुलाई 2021 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

# रांची में सीआइडी साइबर सेल की छापेमारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** विदेशी खातों से पैसे के आदान-प्रदान को लेकर रांची में सीआइडी की साइबर सेल की टीम ने छापेमारी की। गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए सीआईडी के अधीन काम करने वाली साइबर सेल की टीम ने सोमवार की शाम सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के हरमू रोड स्थित एक कार्यालय में छापेमारी हुई। साइबर सेल की टीम ने हरमू रोड स्थित होंडा शो रूम के ऊपर वाले फ्लोर पर स्थित कार्यालय में छापेमारी की। यह कार्यालय बिजेंद्र सिंह नाम के व्यक्ति का है। छापेमारी करने के पीछे विजेंद्र सिंह का विदेशी कनेक्शन बताया जा रहा है, जानकारी के मुताबिक,उनके द्वारा विदेशी खाते से बड़े पैमाने पर पैसे का आदान-प्रदान किया गया है। साइबर अपराधियों से भी इनका कनेक्शन सामने आया है, इसी को लेकर सीआईडी की साइबर सेल की टीम ने यह छापेमारी की।इस दौरान टीम ने कई लैपटॉप, डिजिटल उपकरण आदि बरामद किया है।

## जेपीएससी अध्यक्ष और सदस्यों पर कानूनी कार्रवाई करें सीएम : आजसू

**रांची।** 11वीं जेपीएससी की पीटी के दौरान राज्य के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर हुई धांधली एवं प्रश्न पत्र लीक मामले पर आजसू पार्टी के केन्द्रीय संगठन सचिव एस अली ने इसे जेपीएससी की विफलता और नाकामी बताया है। उन्होंने कहा कि आयोग ने 3 मार्च तक आवेदन लिया और 17 मार्च को ही परीक्षा ले ली। जल्दीबाजी में ली गयी परीक्षा के आयोजन में प्रशासनिक अव्यवस्था और नियमों का खुलकर उलंघन हुआ है। उन्होंने कहा कि 11वीं जेपीएससी पीटी परीक्षा में बड़े पैमाने पर रणनीति के तहत धांधली और प्रश्न पत्र लीक करवाया गया है। यह तैयारी कर फरीक्षा में शामिल हुए अभ्यर्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है।

# सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर हाई कोर्ट ने लगायी रोक

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** गोवंश तस्करी से जुड़े एक मामले में सांसद निशिकांत दुबे को झारखंड हाई कोर्ट से तत्काल राहत मिली है। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट ने मामले में सोमवार को निशिकांत दुबे की याचिका पर सुनवाई करते हुए उनके खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक लगाई है। मामले में राज्य सरकार की ओर से जवाब दाखिल करने के समय की मांग की गयी। कोर्ट ने दो सप्ताह का समय राज्य सरकार को प्रदान किया है।

आरोप है कि निशिकांत दुबे ने एक व्यक्ति को गोवंश की तस्करी मामले में पकड़ा और उसकी पिटाई की और उसे बाद में पुलिस को सौंप दिया था। मामले में उस व्यक्ति का कहना था कि उसके पास लाइसेंस है और इसलिए वह गोवंश ले जा रहा था। वह गोवंश तस्कर नहीं है। लेकिन निशिकांत दुबे ने उसे धमकी दी और उसे मारपीट कर पुलिस को सौंप दिया था। मामले को लेकर देवघर के मोहनपुर थाना में निशिकांत दुबे के खिलाफ देवघर के मोहनपुर थाना में कांड संख्या 281/2023 दर्ज किया गया था। इस केस को निरस्त करने के लिए निशिकांत दुबे की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई है।

# दुमका में झामुमो का है दबदबा, 2019 में भाजपा ने रोका

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** दुमका लोकसभा सीट झारखंड मुक्ति मोर्चा के दिग्गज नेता शिबू सोरेन का गढ़ रहा है। यहां से उन्होंने 8 बार जीत दर्ज की है। हालांकि 2019 में वह बीजेपी के सुनील सोरेन से वे हार गए थे। अब 2024 के महासंग्राम में बीजेपी ने एक बार फिर सुनील सोरेन को टिकट देकर मैदान में उतारा है। वर्ष 2024 के लिए बीजेपी ने सुनील सोरेन को टिकट दिया है। वहीं, इंडिया गठबंधन में दुमका लोस चुनाव का उम्मीदवार कौन होगा, इस पर फैसला नहीं हुआ है। शिबू सोरेन की उम्र 75 साल है, इस बार इंडिया गठबंधन उन्हें टिकट देगा या नहीं, इस पर संशय की स्थिति बनी हुई है।

गौरतलब हो कि दुमका झारखंड की चर्चित लोकसभा सीटों में से एक है।

## दुमका सीट का सियासी इतिहास



दुमका में पहली बार 1952 में चुनाव हुआ और कांग्रेस के पॉल जुझार सोरेन यहां के पहले सांसद चुने गये। इसके बाद 1957 में देबी सोरेन झारखंड पार्टी से लोकसभा पहुंचीं। वहीं 1962, 1967 और 1971 में कांग्रेस के एससी बेसरा लगातार तीन बार सांसद चुने गये। फिर 1977 में जनता पार्टी के बटेश्वर हेम्ब्रम ने जीत दर्ज की। वहीं 1980 के लोकसभा चुनाव में पहली बार झारखंड मुक्ति मोर्चा के शिबू सोरेन ने ताल ठोंकी और सांसद बनकर दिल्ली पहुंचे। हालांकि 1984 में कांग्रेस के पृथ्वी चंद किस्कू जीते। 1989 में शिबू सोरेन ने फिर वापसी की। यह जीत का सिलसिला 1991 और 1996 में भी चला। इसके बाद 1998 में यहां से बीजेपी का खाता खुला और बाबूलाल मरांडी जीतकर लोकसभा पहुंचे। उन्होंने 1999 के चुनाव में भी जीत दर्ज की। हालांकि 2002 के उपचुनाव शिबू सोरेन फिर इस सीट पर काबिज हो गये। इसके बाद वह 2004, 2009 और 2014 में भी सांसद बने। हालांकि 2019 के चुनाव में वह बीजेपी के सुनील सोरेन से चुनाव हार गये।

## जानें- कब किसने मारी बाजी

- 1952 - पॉल जुझार सोरेन, कांग्रेस
- 1957- देबी सोरेन, झारखंड पार्टी
- 1962 - एससी बेसरा, कांग्रेस
- 1967 - एससी बेसरा, कांग्रेस
- 1971 - एससी बेसरा, कांग्रेस
- 1977 - बटेश्वर हेम्ब्रम, जनता पार्टी
- 1980 - शिबू सोरेन, झारखंड मुक्ति मोर्चा
- 1984 - पृथ्वी चंद किस्कू, कांग्रेस
- 1989 - शिबू सोरेन,झारखंड मुक्ति मोर्चा
- 1991 - शिबू सोरेन, झारखंड मुक्ति मोर्चा
- 1996 - शिबू सोरेन, झारखंड मुक्ति मोर्चा
- 1998 - बाबूलाल मरांडी,भाजपा
- 1999 -बाबूलाल मरांडी, भाजपा
- 2002 (उपचुनाव) शिबू सोरेन, झामुमो
- 2004 - शिबू सोरेन,झारखंड मुक्ति मोर्चा
- 2009 - शिबू सोरेन, झारखंड मुक्ति मोर्चा
- 2014 - शिबू सोरेन, झारखंड मुक्ति मोर्चा
- 2019 - सुनील सोरेन,भाजपा

# कांग्रेस की चुनावी घोषणा पत्र के साथ आज झारखंड के इंडिया गड़बंधन के उम्मीदवारों की सूची हो सकती है जारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कांग्रेस के घोषणा पत्र के साथ मंगलवार को झारखंड में इंडी गठबंधन के उम्मीदवारों की सूची जारी हो सकती है। सूची जारी होते ही तमाम तरह की चर्चाओं पर विराम लग जायेगा। मालूम हो कि बीजेपी के 11 उम्मीदवारों की सूची जारी होने के बाद से इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों को लेकर राजनीतिक गलियारों चर्चाओं का बाजार गर्म था।

ज्ञात हो कि झारखंड में उम्मीदवारों के चयन को लेकर सोमवार को दिल्ली में कांग्रेस वर्किंग कमिटी की बैठक के बाद स्कूटनी कमिटी की भी बैठक हुई। इस बैठक में कांग्रेस आलाकमान ने अपनी पार्टी के उम्मीदवारी के आवेदन का स्कूटनी किया है। राज्य में इंडिया गठबंधन के तहत कांग्रेस सात लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ेगी, यह तय हो गया है। लोकसभा की सात सीटों पर पार्टी के पास पहुंचे उम्मीदवारों के आवेदन की स्क्रूटनी कर ली गई है। स्क्रूटनी के बाद चुनाव कमेटी की बैठक में यह तय हो जायेगा की कौन-कौन झारखंड में गठबंधन से कांग्रेस का उम्मीदवार होगा।

इस संबंध में प्रदेश कांग्रेस के महासचिव सह मीडिया चेयरमैन राकेश सिन्हा ने बताया है कि सोमवार को झारखंड में कांग्रेस उम्मीदवारों के चयन को लेकर दिल्ली में स्कूटनी कमिटी की बैठक हुई है। बैठक में उम्मीदवारों के नाम पर सहमति बन गयी है। ऐसी संभावना है कि मंगलवार को झारखंड में कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़नेवाले उम्मीदवारों की घोषणा कर दी जाय।

## इंडिया गठबंधन में सीट शेयरिंग का फॉमूर्ला सेट

झारखंड में इंडी गठबंधन के तहत चार दल राज्य में चुनाव लड़ रहे हैं। जिसमें कांग्रेस, जेएमएम, आरजेडी और सीपीआई माले शामिल है। कांग्रेस लोकसभा की सात सीट रांची, खूंटी, लोहरदगा, हजारीबाग, धनबाद, गोड्डा और पलामू सीट पर उम्मीदवार देगी। वहीं जेएमएम राजमहल, दुमका, गिरिडीह, जमशेदपुर और सिंहभूम (चाईबासा) लोकसभा सीट पर अपना उम्मीदवार देगा। इसके साथ सीपीआई माले कोडरमा और चतरा लोकसभा सीट से आरजेडी चुनाव लड़ेगा।

# झारखंड में मोदी सरकार के विरुद्ध आक्रोश : लोकतंत्र बचाओ अभियान

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** लोकतंत्र बचाओ अभियान ने सोमवार को सत्य भारती में बैठक की। बताया गया कि लोकतंत्र बचाओ अभियान झारखंड में लम्बे समय से जन मुद्दों पर संघर्ष कर रहा है। अनेक संगठनों और कार्यकर्ताओं की एक साझा पहल है। अभियान पिछले एक साल से राज्यभर में 2024 लोकसभा चुनाव के परिप्रेक्ष में लोगों के साथ संवाद व जन जागरण कार्यक्रम जैसे जन सभा, यात्रा, सम्मेलन आदि कर रहा है। लोकतंत्र व लोगों पर प्रभाव पर जमीनी संघर्ष व संवाद कर रही है। पिछले एक साल से राज्य के विभिन्न लोक सभा क्षेत्रों में यात्राओं व सभाओं से यह बात साफ है कि जनता, खास कर के आदिवासियों, दलितों व मेहनतकाश वर्ग के अन्य लोगों में मोदी सरकार के विरुद्ध व्यापक आक्रोश है। आदिवासी समाज एकमत है कि मोदी सरकार के कार्यकाल में जल, जंगल, जमीन, खनिज के संरक्षण से जुड़े जन पक्षीय कानूनों और प्रावधानों को खत्म किया जा रहा है। आदिवासियों को सरना-ईसाई के नाम पर बांटने की कोशिश को भी सब समझते हैं। इस बार निर्णय लिया है कि हर हालात में भाजपा और मोदी सरकार को चुनाव में हराना है। लोकतंत्र बचाओ 2024 अभियान भी इस मुहिम में लगा हुआ है।

## 1008 निशान के साथ निकाली गई खाटू नरेश की भव्य शोभा यात्रा

# सांवरिया थारो खूब सज्यो दरबार...

खबर मन्त्र संवाददाता




**रांची।** श्याम प्यारे के जयकारों के साथ भक्ति के सैलाब के रूप में सोमवार को निकली खाटू नरेश के पवित्र निशान की शोभायात्रा अद्भुत थी। अवसर था श्री श्याम मित्र मंडल रांची की स्थापना दिवस पर पांच दिवसीय रंग रंगीलो श्री श्याम फागण अमृत महोत्सव का। शोभायात्रा मारवाड़ी भवन हरमू रोड से 1008 श्याम भक्तों ने नंगे पैर पवित्र निशान को हाथों में थामे नगर भ्रमण शुरू किया। शोभायात्रा 2:00 बजे दिन में शुरू हुई। रथ पर विराजमान खाटू नरेश के शीश का विभिन्न सुगंधित एवं आकर्षक फूलों से श्रृंगार किया गया। शोभायात्रा गोरखनाथ लेन महावीर चौक गांधी चौक, शहीद चौक, अल्बर्ट एक्का चौक, कोतवाली रोड, कार्ट सराय रोड से होते हुए हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर पहुंची। मुख्य रथ पर अध्यक्ष सुरेश सरावगी, पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया एवं राजीव रंजन मित्तल खाटू नरेश की सेवा कर रहे थे। भक्तिमय भजनों से निशान शोभायात्रा बढ़ती जा रही थी। आगे आगे बादल ग्रुप की ताशा पार्टी उसके बाद झुंझुनू से आई 51 सदस्यों की डफ पार्टी सुमधुर भजनों को पेश कर रहे थे। मंदिरा सिंह ग्रुप की नृत्य मंडली मनोहारी नृत्य पेश कर रही थी। धनबाद से आए गायक पंकज सांवरिया एवं पंकज मोदी भजनों की गंगा प्रवाहित कर रहे थे। मेरे श्याम की दीवानगी सर चढ़कर बोले, थान देख कोनी पाई बाबा श्याम घुंघटियो आड़े आओ जी, म्हारा प्यारा है गजानंद आइजो, कन्हैया जमुना में डर लागे रे, सांवरिया थारो खूब सज्यो दरबार, दुनिया चले ना श्री राम के बिना आदि भक्ति गायन निशान यात्रा की शोभा बढ़ा रहे थे। पवन शर्मा मदन सोनी रवि जोशी विनोद डागा सलज अग्रवाल तनय काठपाल ने भजनों की गंगा बहायी। निशान धारकों का उत्साह एवं भक्ति दर्शनीय थी। सूरज संगम महावीर चौक, जन कल्याण समिति प्यादा टोली सहित कई संस्थाओं ने शोभा यात्रा का स्वागत किया। भक्तों ने विभिन्न स्थानों पर श्याम प्रभु की आरती उतारी। 11000 बुंदिया प्रसाद के पैकेट मार्ग में वितरित किए गए। देर शाम शोभायात्रा गंतव्य पर श्री श्याम मंदिर पहुंची। शोभायात्रा का संचालन गौरव अग्रवाल मोनू, पवन गाड़ोदिया, आदित्य लोहिया ने किया।

# अधर्म पर धर्म की जीत का पर्व है होली : स्वामी सदानंद महाराज

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** हिन्दुओं के महापर्व होली का पर्व अधर्म पर धर्म की जीत का पर्व है। ये बातें संत शिरोमणी श्री श्री 1008 स्वामी सदानंद महाराज ने श्री कृष्ण प्रणामी सेवा समिति के तत्वावधान में सोमवार को होली मिलन महोत्सव में कही। उन्होंने कहा कि धर्म भले थोड़ा परेशान होता है, लेकिन अंत में धर्म की जीत होती है। आगे उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति पश्चिम सभ्यता की ओर जा रही है आज के हमारे बच्चे विदेशी रहन-सहन की ओर आकर्षित हो रहे हैं। आज के समय में हमें बच्चों के बीच देशभक्ति का अलख जगाना चाहिए, इसके बाद अंत में शिष्यों के साथ फूलों की होली खेली एवं आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि होली का महत्व भक्त पहलाद के भक्ति के ऊपर आधारित है। भक्त पहलाद के पिता हिरण्यकश्यप भक्त प्रहलाद को अपनी पूजा करने के लिए कहता था लेकिन पहलाद कृष्ण भक्ति में लीन थे, वह अपनी बहन के द्वारा प्रह्लाद को अग्नि मे जला कर मारना चाहता था लेकिन उसकी बहन जलकर मर गई और भगवान ने भक्त प्रहलाद को बचा लिया। इसलिए कहा गया है कि भक्ति से कोई बड़ी पूजा नहीं है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल सचिव मनोज कुमार चौधरी, उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, ननद किशोर पाटोदिया बिष्णु सोनी, नन्द किशोर चौधरी, सुरेश चौधरी, बिजय अग्रवाल, नवल अग्रवाल, अनुप अग्रवाल, ओमप्रकाश सरावगी, पुर्णमल सर्राफ,सज्जन पाडिया, सुरेश चौधरी, वेकट गाडोदिया, सुरेश अग्रवाल, सुरेश भगत, दिलीप अग्रवाल, शिव भगवान अग्रवाल महिला समिति की विधा देवी अग्रवाल, प्रमिला पुरोहित, बिमला जालान, शोभा जालान, सरिता अग्रवाल, कविता गाड़ोदिया, शिला मुरारका, सुनीता अग्रवाल, सरीता अग्रवाल, पुनम अग्रवाल,अंशुल अग्रवाल सहित अन्य सदस्य लोग मौजूद थे।

## खबर एक नजर में

### लोअर बाजार थाना में शांति समिति की बैठक

**रांची।** रमजान व होली के शुभ अवसर पर शांति समिति की बैठक लोअर बाजार थाना में थाना इंचार्ज दयानंद कुमार की अध्यक्षता में हुई। सर्वसम्मति से आपसी एकता, शांति भाईचारे के साथ होली व रमजान शरीफ का पवित्र महीना मनाने का निर्णय लिया गया। थाना इंचार्ज ने कहा कि जहां-जहां होलिका दहन होता है, वहां पुलिस प्रशासन की चौकसी रहेगी। साथ ही जहां मस्जिदों में नमाज होता है, वहां भी पुलिस अपनी निगरानी रखेगी, ताकि सभी मिलजुल कर अमन शांति के साथ पर्व-त्यौहार मने। शांति समिति के सदस्यों ने भी आपसी एकता व भाईचारे पर बल दिया। मौके पर कांग्रेस प्रवक्ता खुर्शीद हसन रूमी, सेंट्रल मुहर्रम कमेटी के महासचिव अकीलुर्रहमान, भारतीय एकता कमेटी के अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा, हाजी मासूक, मो. इस्लाम, भास्कर वर्मा, मो. शकील, मो. गुड्डू, गुलाम सरवर रिजवी, रजि अहमद, अब्दुल खालिक, रंजन वर्मा, गोपाल प्रसाद, टिंकू कुमार, देशप्रिय क्लब के पदाधिकारी शामिल थे।

### झारखंड छात्र मोर्चा ने वीसी को सौंपा ज्ञापन

**रांची।** जेसीएम छात्र मोर्चा ने रांची विश्वविद्यालय के कुलपति एवं परीक्षा नियंत्रक से सेम-4 के रिजल्ट के संबंध में मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। विदित है कि पिछले दिनों 4 में करीब 80 प्रतिशत से ज्यादा बच्चा विभिन्न विषयों में फेल हो गये थे। इसके बाद जेसीएम ने विश्वविद्यालय में तालाबंदी की थी। विश्वविद्यालय को सात दिनों का समय दिया था। सात दिन के बाद पुन: जेसीएम के अध्यक्ष अमन तिवारी के नेतृत्व में जेसीएम विश्वविद्यालय प्रशासन से मुलाकात कर स्थित का जायजा लिया और कहा कि अभी तक छात्रहित में कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। इसपर वीसी डॉ अजीत कुमार सिन्हा एवम् परीक्षा नियंत्रक आशीष कुमार झा ने कहा कि टोटल 28 हजार स्टूडेंट्स में से 24 हजार छात्र प्रमोटेड हैं, जो कि सेम 5 के फॉर्म भरने के लिए एलिजिबल हैं। मौके पर जेसीएम छात्र मोर्चा के सचिव असद फेराज टिंकू, संगठन सचिव मो इरफान खान, उपाध्यक्ष अमन ठाकुर, डीएसपीएममू सचिव अल्ताफ राजा, उपाध्यक्ष भास्कर महतो, कोषध्यक्ष राहुल मुंडा एवम कई छात्र मौजूद थे।

### महावीर मंडल के निर्वाचित सदस्यों का स्वागत

**रांची।** सोमवार को श्री चैती दुगार्पूजा महासमिति के तत्वावधान में श्री महावीर मंडल के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रवि कुमार पिंकू सहित सभी निर्वाचित पदाधिकारियों का भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में किशोर साहू ,राजीव रंजन मिश्रा, ललित ओझा, संजय कुमार सिंह,रविन्द्र वर्मा, गोपाल पारीक थे। नव निर्वाचित अध्यक्ष रवि कुमार पिंकू, मंत्री- दीपक ओझा, उपाध्यक्ष- राजा सेन गुप्ता एवं राज किशोर सह मंत्री- उदय रविदास एवं प्रेम कुमार कोषाध्यक्ष- प्रमोद सारस्वत का स्वागत किया गया। श्री मिश्रा ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को श्री रामनवमी मोहत्सव 2024 को भव्य एवं ऐतिहासिक रूप से मनाने का आवाहन किया। इस अवसर पर रवि कुमार पिंकू ने कहा कि मंडल के सभी वरिष्ठ सदस्यों एवं पदाधिकारियो के साथ समन्वय बनाकर श्री रामनवमी मोहत्सव 2024 को भव्य रूप से सफल बनायेंगे। समारोह में लंकेश सिंह, सुनील रंजन सहाय, प्रकाश चंद्र सिन्हा, संजय जयसवाल, नंदू अरोड़ा, प्रवीण व्यास सहित दर्जनों सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

### व्यवस्था परिवर्तन का कार्य अधूरा : निदेशक

**रांची।** सत्ता परिवर्तन तो अनेक बार हुए, लेकिन व्यवस्था परिवर्तन का कार्य अब तक अधूरा है। ये बातें सोमवार को जेपी विचार मंच की 50वीं वर्षगांठ को संबोधित करते हुए झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के निदेशक प्रेम मित्तल ने कही। उन्होंने कहा कि जब तक व्यवस्था में परिवर्तन नहीं होगा तब तक जेपी के विचार प्रासंगिक बने रहेंगे। हम जहां भी चर्चा करें, व्यवस्था परिवर्तन की बात को आगे बढ़ाएं और इस विचार को एक आंदोलन बनाएं। पुनदाग का मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट के निदेशक आरएके वर्मा ने जेपी आंदोलन के समय के अपने अनेक संस्मरणों का विवरण दिया। बाल कल्याण आयोग की पूर्व अध्यक्ष उषा पांडे ने जेपी के विचारों और जीवनी पर प्रकाश डाला। जेपी विचार मंच के शैलेश सिन्हा ने कहा कि जेपी कल भी थे, आज भी हैं और कल भी रहेंगे। कार्यक्रम में सत्येंद्र कुमार मल्लिक, यतींद्र लाल दास, किसलय किशोर, हितेंद्र सिन्हा, शशांक सहाय, प्रेम सिंह, कसाना मलिक, अंजू सिंह, प्रतिमा सिंह, पूजा दत्ता, अंश दत्त, अखौरी उत्तम कुमार आदि ने भी अपने विचार रखें।

## रक्षा शक्ति विवि के कर्मचारियों ने खोला मोर्चा

# विवि के मुख्य द्वार पर धरना विवि के रजिस्ट्रार देख भागे

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय में तृतीय तथा चतुर्थ कर्मचारियों ने कार्य वहिष्कार कर सोमवार को लगभग आठ घंटे तक मुख्य द्वार पर धरना पर बैठे रहे। इस दौरान उनका कहना था कि रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय के सहायक कुलसचिव डॉ. सुमित कुमार गुप्ता के द्वारा तृतीय तथा चतुर्थ कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है। विवि के सभी चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों को कहीं भी बैठने पर जातिसूचक के साथ सैलरी काटने की धमकी दी जाती है। डॉ. सुमित कुमार गुप्ता ने एक गर्भवती महिला कर्मचारी के साथ दुर्व्यवहार किया। श्री गुप्ता ने कहा क खड़ी नहीं हो सकती हो तो घर पे रहो। इन बातों से महिला फुट-फूट कर रोने लगी। महिला कर्मचारी को देख सभी ने मानवता दिखायी और धरने पर बैठ गए। इस घटना की जानकारी जब विवि के कुलसचिव डॉ. राजेश कुमार को मिली तो वह विवि के गेट से ही वापस चले गए, क्योंकि कुछ दिन पहले वे स्वयं एक महिला कर्मचारी के मुंह पर फाइल फेंक कर गाली-गलौज की थी। इसकी शिकायत कर्मचारियों ने उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, राजभवन, महिला आयोग सी की गयी थी। धरना-प्रदर्शन कर रहे कर्मियों का कहना है कि जब तक हम सभी को लिखित में कुछ नहीं दिया जाता है, तब तक कार्य बहिष्कार रहेगा और सभी लोग धरने पर बैठे रहेंगे।

## डीएसपीएमयू में भारत संस्कृति यात्रा कार्यक्रम का हुआ समापन

# अपनी सांस्कृतिक विरासत और विविधता को बढ़ावा देने के लिए आगे आयें : वीसी

खबर मन्त्र संवाददाता




**रांची।** श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के परफॉर्मिंग आर्ट विभाग और हिंदुस्तान आर्ट एंड कल्चर सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय संगीत और नृत्य कार्यक्रम का समापन सोमवार को हुआ। मौके पर डीएसपीएमयू के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि यह कार्यक्रम लोगों को अपनी सांस्कृतिक विरासत को समझने, अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता को दिखाने और सांस्कृतिक विविधता को बढ़ावा देने के लिए एक मंच प्रदान करता है। संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से भारत संस्कृति यात्रा के नाम से आयोजित इस दो दिवसीय संगीत कार्यक्रम में दो दिनों तक देश विदेश के ख्याति प्राप्त कलाकारों ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के सभागार में अपनी कला का प्रदर्शन किया। इस संगीत यात्रा के दूसरे दिन का प्रारंभ देश और विदेश में अपनी कलात्मक श्रेष्ठता का प्रदर्शन कर चुके और संगीत नाटक अकादमी से सम्मानित प्रसिद्ध संतूर वादक पंडित तरुण भट्टाचार्य के संतूर वादन से हुई। इसके बाद संगीतमय वातावरण को आगे बढ़ाते हुए वैश्विक स्तर पर प्रसिद्धि प्राप्त सितारवादक और इटावा घराने का प्रतिनिधित्व करनेवाले शाकिर खान ने अपने सितारवादन की कला को उपस्थित कलाप्रेमियों के बीच सभागार में प्रस्तुत किया। भारतीय शास्त्रीय नृत्य में पारंगत एक कुशल कलाकार अमृता दास ने ओडिसी नृत्य प्रस्तुत किया।

मौके पर कुलसचिव डॉ नमिता सिंह, डॉ निभा शर्मा, डॉ तान्या शर्मा, परफॉमिंग आर्ट की समन्वयक डॉ गीतांजलि सिंह , डॉ अनुपम कुमार, प्रो राजेश कुमार, डॉ आशीष झा, डॉआनंद कुमार ठाकुर हिंदुस्तान आर्ट एंड कल्चर सोसायटी के सदस्य और शिक्षक मौजूद थे। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

# जेसीआइ यूथ ने स्कूल में शुद्ध पेयजल के साथ उपलब्ध करायी मूलभूत सुविधा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** जेसीआई यूथ ने वर्दवान कंपाउंड स्थित डी.ए.वी बुद्धा स्कूल में शुद्ध पेयजल के साथ मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराया है। इसका उद्घाटन जेसीआई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ईशान अग्रवाल ने किया। जेसीआई यूथ की अध्यक्ष सोनल अग्रवाल ने बताया कि स्कूल एक ऐसी जगह है, जहां बच्चों का सामाजिक विकास तेजी से होता है। हम उम्र बच्चों के साथ वे घुल मिलकर चीजों को बेहतर तरीके से समझते हैं। वैसे तो समाजीकरण के मामले में घर को सबसे बड़ा स्कूल माना जाता है। पिछले कई वर्षों से संस्था के सदस्यों के द्वारा स्कूल की तन मन और धन से सेवा करती आ रही हैं। सोनल ने बताया कि स्कूल के बच्चों के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की गई है। स्कूल में लगभग 100 बच्चे पढ़ाई करते हैं। स्कूल में विद्यार्थियों के बीच कॉपी, पेंसिल और जरूरतों की वस्तु बांटी गई। स्कूल में रंगारंग कार्यक्रम के साथ तरह-तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।



### जेसीआई रांची नियो ने स्कूल में उपलब्ध कराई क्रिकेट पिच की सुविधा

**रांची।** जेसीआई रांची नियो ने स्कूल में क्रिकेट पिच की सुविधा उपलब्ध कराई है। इसका उद्घाटन एक दिवसीय दौरे पर रांची पहुंचे जेसीआई इंडिया के उपाध्यक्ष ईशान अग्रवाल ने किया। उनके साथ जेसीआई इंडिया के क्षेत्रीय अध्यक्ष वसुंधरा सिंह, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष देवेश नागोरी, क्षेत्रीय निर्देशक विशाल दोना भी मौजूद थे। जेसीआई रांची नियो के अध्यक्ष गोपेश गोयंका ने बताया कि जीएमएस स्कूल, बरियातू में बच्चों के लिए प्रैक्टिस क्रिकेट पिच की सुविधा मुहैया कराई गई है। इसका उद्घाटन ईशान अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर बच्चों के बीच उनसे जुड़े उनके निजी जीवन में आने वाले वस्तु भेंट की गई। इसी दौरान ईशान अग्रवाल ने कहा कि यह संस्था की तरफ से बहुत अच्छा कदम उठाया गया। कार्यक्रम के संयोजक अभिषेक झाझरिया थे। अतिथियों ने बच्चों को क्रिकेट प्रेक्टिस करने और भविष्य में क्रिकेट में करियर बनाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में संस्था की सचिव ऋचा जालान, मीडिया प्रभारी मोनिका गोएनका, पूर्व अध्यक्ष प्रतीक बदानी, सदस्य प्रवीण कुमार, हर्ष सिंघानिया, गुणीत सिंह, जेसीआई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ईशान अग्रवाल, जोन अध्यक्ष वसुंधरा सिंह, जोन उपाध्यक्ष देवेश नागौरी, जोन डायरेक्टर मैनेजमेंट विशाल धोना उपस्थित थे।

### यूजी सेमेस्टर-4 के विद्यार्थियों के हित में निर्णय लेने की मांग

**रांची।** जेसीएम छात्र मोर्चा का डेलिगेशान सोमवार को आरयू के कुलपति एवं परीक्षा नियंत्रक से मिला। उनसे मिलकर यूजी-सेम 4 के रिजल्ट के संबंध में चर्चा की। कहा कि पिछले दिनों सेम-4 में करीब 80% से ज्यादा बच्चे फेल हो गए थे। इसके बाद जेसीएम ने विश्वविद्यालय में तालाबंदी की थी और विश्वविद्यालय को सात दिनों का समय दिया था। इन चीजों में विचार करने के लिए। सात दिन के बाद पुनः जेसीएम के अध्यक्ष अमन तिवारी के नेतृत्व में जेसीएम विश्वविद्यालय प्रशासन से मुलाकात कर स्थित का जायजा लिया और कहा कि अभी तक छात्रहित में कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। इससे छात्रों में असंतोष है। वीसी डॉ अजीत कुमार सिन्हा एवं परीक्षा नियंत्रक आशीष कुमार झा ने कहा कि टोटल 28 हजार स्टूडेंट्स में से 24 हजार छात्र प्रमोटेड हैं , जो कि सेम 5 के फॉर्म भरने के लिए एलिजिबल हैं। इसलिए उनका साल बर्बाद नहीं होगा। मौके पर जेसीएम छात्र मोर्चा के सचिव असद फेराज टिंकू, संगठन सचिव मो इरफान खान, उपाध्यक्ष अमन ठाकुर आदि थे।

## साहित्यकार 'मीनू' मीना सिन्हा की तीसरी पुस्तक 'अनुभव के दरख्त' काव्य संग्रह का लोकार्पण



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** साहित्यकार 'मीनू' मीना सिन्हा की तीसरी पुस्तक 'अनुभव के दरख्त' काव्य संग्रह का लोकार्पण सोमवार को झारखंड प्रदेश अंगिका समाज के तत्वावधान में अंगिका समाज के बुद्धिजीवियों एवं साहित्यकारों के द्वारा किया गया। डीएवी पब्लिक स्कूल कमड़े में आयोजित कार्यक्रम में डा.श्रीमोहन सिंह, डा. एम.पी सिन्हा, डा.निवास चंद्र ठाकुर, पंकज मित्र, श्रीप्रकाश देवकुलिस, अनिल कुमार सहाय,चंद्रिका ठ-ाकुर, एच. के. सिंह के द्वारा लोकार्पण किया गया। लोकार्पित पुस्तक में सकारात्मक नजरियों के साथ जमीन से जुड़ी १०८ कविताएं हैं । संकलन में 'अपनी बात' की काव्यमय प्रस्तुति दिल को छूती हुई उम्मीद की ऐसी किरण जगाती दिख पड़ती है जो अंधेरे को मिटा देने के लिए आकुल-व्याकुल है। बहुमुखी प्रतिभा से संपन्न 'मीनल' उपनाम से प्रसिद्ध 'मीनू' की प्रथम पुस्तक 'जीवनधारा', 2018 और दूसरी पुस्तक 'बिटिया' 2021 में आईं । दो काव्य संग्रह 'पत राखो हे मेरी माता और 'गिरिपथ' शीघ्र प्रकाश्य है। गद्य और पद्य दोनों में समान अधिकार रखने वाली 'मीनू' की रचनाएं प्रतिष्ठित पत्र-पत्रिकाओं में छपती रहती हैं ।'महादेवी वर्मा स्मृति सम्मान, 'अंग भूमि महिला गौरव सम्मान' सहित शताधिक सम्मानों की इन्हें प्राप्ति हो चुकी है। सेवानिवृत्ति के बाद साहित्य सृजन में समर्पित रचनाकारा को चित्रकारिता का भी सम्मान प्राप्त है।

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ निर्मला कॉन्वेंट हाई स्कूल का 22वां वार्षिकोत्सव संपन्न

# लक्ष्य पाने के लिए एकलव्य जैसी तपस्या करनी होगी : राजीव रंजन

**नन्हे मुन्ने विद्यार्थियों ने मोबाइल एडिक्शन पर बहुत ही सुंदर नाटक प्रस्तुत कर मोबाइल के उपयोग में कमी लाने के लिए समाज को संदेश दिया**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** निर्मला कॉन्वेंट हाई स्कूल एदलहातू में सोमवार को 22वां वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद थे। उन्होंने बच्चों को लक्ष्य बनाकर शिक्षा ग्रहण करने का संदेश दिया। कहा कि जो विद्यार्थी अपने मन को वश में करके एकलव्य की तरह तपस्या करगा, वह निश्चित ही अपने लक्ष्य को प्राप्त कर लेगा। उन्हें कोई पराजय नहीं कर सकता है। श्री प्रसाद ने विद्यालय प्रबंधन तथा शिक्षकों की मेहनत और उनके छात्रछात्राओं को एक सही दिशा देने की लग्न की खूब प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि विद्यालय प्राचार्य विजय कुमार शर्मा समाज को एक नई दिशा देने का काम कर रहे हैं। इससे पूर्व विद्यालय प्रबंधन समिति की सचिव सीमा शर्मा, विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार शर्मा, छात्र-छात्र तथा अभिभावकों ने सामूहिक रूप से मां सरस्वती की वंदना कर कार्यक्रम की शुरूआत की थी।

मौके पर प्राचार्य विजय कुमार शर्मा, शिक्षक और विद्यार्थियों ने सभी अतिथियों को बुके एवं स्मृति चिन्ह से स्वागत किया। इसके बाद बच्चों बच्चों ने कई सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किये। नन्हे मुन्ने विद्यार्थियों ने मोबाइल एडिक्शन पर बहुत ही सुंदर नाटक प्रस्तुत कर मोबाइल के उपयोग में कमी लाने के लिए समाज को संदेश दिया जिसकी सराहना उपस्थित सभी लोगों ने की। इसके उपरांत देश के विभिन्न राज्यों जैसे मणिपुरी, गुजराती, नागपुरी इत्यादि वेशभूषा पर आधारित सामूहिक तरीके से वहां की सांस्कृतिक, भौगोलिक एवं आंचलिक प्रस्तुतियां दी तो दर्शक तालियां बजाने पर विवश हो गये। इस स्वर्णिम मौके पर विगत प्रतियोगिताओं में विजई छात्र-छात्राओं को विशेष अतिथियों के द्वारा पुरस्कृत भी किया गया।

कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका गीता कुमारी, अनामिका छेत्री तथा छात्रक रिश्ता कुमारी ने किया और विद्यालय के शिक्षिका किरण कुमारी के नेतृत्व कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अंत में विद्यालय के प्रिंसिपल विजय कुमार शर्मा ने उपस्थित सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले प्रतिभागियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को मुख्य अतिथि के द्वारा पुरस्कृत किया गया। मौके पर विद्यालय प्रबंधन की सचिव सीमा शर्मा,शिवानी कुमारी, गीता कुमारी, अनामिका छेत्री, सुधीर कुमार, निधि कुमारी,सुधा राणा निशा कुमारी,आशुतोष कुमार, पंकज कुमार, सुरेश कुमार इत्यादि सहित कई गणमान्य लोगों के साथ बड़ी संख्या में अभिभावकगण तथा शिक्षक- शिक्षिका एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

# शब्दकार ने कथा के कहन पर आयोजित की परिचर्चा

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** शब्दकार की ओर से सोमवार को रश्मि शर्मा के आवास पर टीवी चैनल में कार्यरत साहित्यकार एवं पत्रकार प्रियदर्शन तथा कहानीकार और आकाशवाणी रांची में कार्यरत पंकज मित्र के साथ कहानी के कहन पर परिचर्चा हुई। इसमें रांची के रचनाकारों ने कहानी एवं रचना शिल्प के विषय में दोनों अतिथियों से तरह-तरह के प्रश्न पूछे। उन्होंने कहानी कला का आरंभ, इतिहास एवं उसके शिल्प पर तरह-तरह के आख्यानों एवं उदाहरणों द्वारा उपस्थित रचनाकारों की जिज्ञासाओं को शांत करने की कोशिश की। प्रियदर्शन ने इस विषय में अनेक देसी एवं विदेशी कहानीकारों एवं कवियों के बारे में चर्चा करते हुए उपस्थित लोगों से एक सार्थक संवाद स्थापित किया। उन्होंने बताया कि कहानी कला एक तरह से झूठ का आख्यान है, जिसे सच की तरह कहा जाता है।

विभिन्न कालखंड में रची गई कहानियों के विषय में चर्चा करते हुए उन्होंने न केवल कहानी कला के महत्ता पर रोशनी डाली बल्कि किस प्रकार कहानी रचा जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि कहानी को पाठकों के मन में स्थापित करने के लिए अविश्वसनीय घटनाओं को भी किस प्रकार विश्वसनीय ढंग से कसा जाना चाहिए कि कल्पना यथार्थ पर हावी न हो ।

वहीं पंकज मित्र ने भी यथार्थ, कल्पना एवं फैंटसी के बीच के अंतर और इस अंतर को पाटने के लिए एक सम्यक संतुलन स्थापित करते हुए किस प्रकार से यथार्थ को एकदम से यथार्थ की भांति न कहकर उसे एक प्रकार के गल्प में गढ़े जाने की बात की, ताकि वह अपने पाठकों से जुड़े और पाठक एक सांस में उस कहानी को पढ़ता चला जाए। उन्होंने बताया कि पात्रों की पहचान और उनकी सुसंगतता तथा उनके बीच एक सहज तालमेल हो, ताकि कहानी, पाठक के मनो-मस्तिष्क में सहजता से उतर जाए।

स्पीड न्यूज

### रातू : खड़े ट्रैक्टर से बाइक टकरायी, एक घायल

**रातू।** हुरहुरी स्थित लॉरेंस हाई स्कूल के समीप सोमवार की शाम करीब 7.30 बजे खड़ी ट्रैक्टर से होंडा साइन मोटर साइकिल जेएच 01 सीजे 9359 टकरा गयी। इससे बाइक सवार नीरज कुमार घायल हो गये। उनके चेहरे पर गंभीर चोटें आयी है। उनका इलाज निजी अस्पताल में कराया जा रहा है। वह चट्टी के रहने वाले हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि श्री कुमार ठाकुरगांव से लौट रहे थे।

### बेड़ो : सड़क हादसे में दंपति घायल, पत्नी रिम्स रेफर



**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के बारीडीह गांव के समीप सोमवार की पूर्वाह्न लगभग साढ़े ग्यारह बजे एक बाइक सवार दंपति के सामने अचानक कुत्ता के आ जाने से लापुंग दानेकेरा रुगु टोली गांव निवासी 35 वर्षीय बासुदेव लोहरा व 34 वर्षीय पत्नी प्रेमी देवी सड़क पर गिरकर दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें ग्रामीणों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। जहां डा कुसुमलता ने गंभीर रूप से घायल दोनों का प्राथमिक उपचार कर गंभीर रूप से घायल पत्नी प्रेमी देवी को बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर कर दिया। बासुदेव ने बताया कि वे अपने गांव से बेड़ो आ रहे थे।

# रामपुर रिलायंस पेट्रोल पंपकर्मी से 1.67 लाख रुपये की छिनतई

## दो बाइक पर सवार लुटेरों ने दिया घटना को अंजाम

खबर मन्त्र संवाददाता

**नामकुम।** सोमवार दोपहर थाना क्षेत्र के रामपुर रिलायंस पेट्रोल पंप समीप कांटाघर के पास पेट्रोल पंप का पैसा कंपनी के ऑफिस में जमा कराने जा रहे पंपकमी से दो पल्सर बाईक सवारों ने एक लाख 67 हजार रुपये की छिनतई कर ली। बताया जा रहा है कि रिलायंस पेट्रोल पंपकर्मी सत्यजीत महापात्रा रोजाना की तरह पंप मे हुई सेल की राशि को लेकर पास कंपनी के कांटा घर स्थित ऑफिसमें रखने जा रहे थे। उसी दौरान जब वे टाटा रोड से काँटाघर पर चढ़ रहे थे, वहां पहले से घात लगाए खड़े दो पल्सर बाइक सवार युवकों ने उनसे रुपया रखा झोला छीन लिया और बाइक से रिंग रोड की ओर भाग निकले। वृद्ध महापात्रा पकड़ो पकड़ो पैसा लेकर भाग रहे हैं, चिल्लाते हुए बाइक के पीछे भागे पर बाइक सवार दूर जा चुके थे। हल्ला सुनकर आसपास के लोग दौड़े और श्री महापात्रा को संभाला। घटना की जानकारी नामकुम पुलिस को दी गई। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित के बयान पर मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी। थानेदार ब्रहमदेव प्रसाद ने बताया कि पुलिस बाईक सवारों को पकड़ने के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है, जल्द हीअपराधी सलाखों के पीछे होंगे। सत्यजीत महापात्रा ने बताया कि वे नामकुम बाजार से सामान लेकर लौटे और रोजाना की भांति सेल का पैसा लेकर ऑफिस में जमा करने जा रहे थे, उसी दौरान दो बाईक सवारो ने उनसे रूपया रखा झोला छीन लिया और भाग निकले। उन्होने बताया कि वे पिछले पच्चीस तीस सालों से काम कर रहे हैं पर आजतक उनके साथ ऐसी घटना नहीं हुई।

## झपट्टामारों के आतंक से परेशान हैं क्षेत्र के लोग



बताया जा रहा है कि इससे पूर्व सात मार्च को नामकुम बाजार स्थित स्टेट बैंक से पैसा निकालकर घर जा रही पुस्पा कच्छप से अपराधियों ने एक लाख रुपए कर छिनतई कर ली थी। इससे पूर्व थाना क्षेत्र के सिमेन्ट व्यवसायी के बाईक की डिक्की तोडकर अपराधियो ने पचास हजार रुपए निकाल लिए थे, उससे पूर्व बडाम की रहने वाली एक महिला से अपराधियों ने नामकुम बाजार स्टेट बैंक के पास ही ढाई लाख रुपए लूट लिए थे, क्षेत्र में बढ़ती छिनतई और चेन लूट की घटना से स्थानीय लोगों में भारी रोष व्याप्त है। लोगों ने एसएसपी सहित वरीय अधिकारियो से मिलकर कानून व्यवस्था की बिगडती स्थिति को सुधारने की मांग करने का निर्णय लिया है।

### अनगड़ा में हुई सड़क दुर्घटना में स्कूटी सवार की मौत

**अनगड़ा।** रांची-पुरुलिया सड़क पर हेसल खीरा टोली के पास सोमवार की रात सड़क दुर्घटना में सुकरा मुन्डा नामक एक 52 वर्षीय व्यक्ति की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गयी। मृतक टाटीसिलवे थाना क्षेत्र अन्तर्गत डेंबाबुरा चतरा गांव का निवासी था। बताया गया कि सुकरा अनगड़ा से अपनी घर की ओर स्कुटी पर सवार होकर लौट रहा था उसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे एक पिकअप वैन से उसके स्कूटी की टक्कर हो गई। सिर में गंभीर चोट लगने के कारण मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची अनगड़ा पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त किया तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा। घर वालों को जब इस घटना की सूचना मिली तो पूरे गांव में मातम पसर गया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। वहीं धक्का मारने के बाद पिकअप वैन का चालक फरार हो गया था।

# सीनियर एसपी ने कांडों के खुलासे का दिया निर्देश

## एसएसपी ने अपराध पर जतायी चिंता

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** सीनियर एसपी चंदन कुमार 4 फरवरी को व्यवसायी सुरेश प्रसाद गुप्ता हत्या कांड और 9 मार्च की रात पिर्रा के आस्थापुरम में माधुरी पांडेय को बंधक बनाकर की गयी लूटपाट मामले को लेकर काफी सख्त हैं। वह सोमवार की शाम साढ़े 6 बजे थाने पहुंचे। यहां करीब 1 घंटे तक रह ट्रेनी आईपीएस एस मो याकुब समेत पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक कर क्षेत्र में बढ़ते अपराध पर गहरी चिंता जतायी। श्री कुमार ने कांड संख्या 48-24 और 95-24 में अब तक हुयी कार्रवाई पर नाराजगी जताते हुये अनुसंधान में तेजी लाने व पुलिस गश्त तेज करने समेत कई जरूरी निर्देश दिये।

### लूटपाट के दो आरोपियों को जेल

पुलिस दोनों ही मामले पर तकनीकी सेल से घटना स्थल का कॉल डंप करा ली है। रिपोर्ट की प्रतीक्षा की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। हालांकि इसमें कोई सफलता नहीं मिली है। लूटपाट के दो आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। इसमें परहेपाट का अकरम अंसारी और हुरहुरी निवासी अब्दुल कलाम शामिल है।

# रातू : आईपीएस ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण, शिक्षकों को दिये निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** प्रखंड में 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव की प्रशासनिक तैयारी शुरू हो गयी है। ट्रेनी आईपीएस एस मो याकुब ने थाना क्षेत्र के सुंडील, चटकपुर, कमड़े, नवांसोसो व झिरी स्थित 15 मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर मतदाताओं के लिये न्यूनतम सुविधाओं का जायजा लिया और शिक्षकों को कई जरूरी निर्देश भी दिये। इसके उपरांत वह सीएन राज प्लस टू हाई स्कूल व आदिवासी बाल विकास विद्यालय भी गये। यहां चुनाव ड्यूटी में तैनात किये जाने वाले बल के रहने की व्यवस्था की जायेगी। मौके पर पुलिस निरीक्षक शशिभूषण चौधरी, कंप्यूटर ऑपरेटर राधेश्याम पांडेय तथा बॉडी गार्ड हशनैन खान व अजीत कुमार ठाकुर मौजूद थे। इधर सीओ और प्रभारी बीडीओ सह एईआरओ रवि कुमार ने भी क्षेत्र के डायट परिसर स्थित अभ्यासिक और राजकीयकृत मवि हुरहुरी के मतदान केंद्र का निरीक्षण किया।

## हटाये जायेंगे बैनर-पोस्टर



अधिकारियों ने बताया कि निर्वाचन आयोग के आदेश पर मुख्यालय के अलावा क्षेत्र में सरकारी, गैर सरकारी व राजनीतिक दलों की ओर से लगाये गये बैनर व पोस्टर युद्ध स्तर पर हटवाये जा रहे हैं। पार्टियों के नेता और कार्यकर्त्ताओं को होडिंग व पोस्टर हटा लेने के निर्देश दिये गये हैं। इसका अनुपालन नहीं करने वालों पर कार्रवाई की चेतावनी दी गयी है।

# सड़क हादसे में घायल महिला की रिम्स में इलाज के दौरान मौत



**बेड़ो।** सड़क दुर्घटना में घायल हुई बेड़ो बस्ती निवासी 50 वर्षीय महिला रतनी देवी पति पुनई उरांव की सोमवार को इलाज के दौरान रिम्स में मौत हो गई। मृतक का शव जैसे ही गांव पहुंचा तो पूरे गांव में मातम छा गया। स्वजनों में कोहराम मच गया। ज्ञात हो कि रांची गुमला मुख्य मार्ग पर बेड़ो थाना क्षेत्र के पोकलो ढोड़हा के समीप रविवर की शाम लगभग साढ़े छह बजे सवारी ऑटो व स्विफ्ट डिजायर कार की हुई भिड़ंत में रतनी देवी व बेटा अंश प्रीतम गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिन्हें इलाज के लिए ग्रामीणों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। जहां दोनों का प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। जहां रिम्स में दोनों का इलाज चल रहा था। वहीं इलाज के दौरान मां रतनी देवी की मौत हो गई। इधर मौत हो जाने के बाद शव जैसे ही गांव पहुंचा पूरे गांव में मातम का माहौल छा गया। मृतक की पुत्री आरती टोप्पो व स्वजनों का रो.रोकर बुरा हाल है। स्वजनों का चीत्कार और विलाप से माहौल और गमगीन हो गया। ज्ञात हो कि रतनी देवी डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में काम करती थी।

एक नजर में

### इटकी के गुलजार रोड में इफ्तार पार्टी



**इटकी।** इटकी गुलजार रोड में सोमवार को इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इफ्तार पार्टी में दर्जनों रोजेदारों ने भाग लिया। इफ्तार के बाद मगरिब की नमाज अदा की गयी और देश की एकता अखंडता, भाईचारे, खुशहाली, विश्व में अमन चैन व शांति की दुआ मांगी गयी। इफ्तार पार्टी में मौलाना अय्यूब, हाजी कैसर आलम, मो खालिद, मेराज आलम, परवेज आलम, शहाब हमजा, डॉ साकिब जमाल, मो साजिद, मो समीउद्दीन, खुर्शीद आलम, जेयाउल आरफीन, वहाब हमजा, आरिश व सोहैल हासमी सहित दर्जनों रोजेदार मौजूद थे।

### इटकी प्रखंड सभागार में बीएलओ की बैठक

लोकसभा चुनाव की तैयारी पर चर्चा

**इटकी।** लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर सोमवार को प्रखंड सभागार में बीएलओ और बीएलओ सुपरवाइजरों की एक बैठक बीडीओ शशि नीलिमा डुंगडुंग की अध्यक्षता में हुई। बैठक में बीडीओ ने बूथों में तैयारी से संबंधित कई दिशा निर्देश दिया। साथ ही 85 प्लस आयु व दिव्यांग मतदाता जो मतदान केंद्र तक नहीं जा सकते हैं वैसे मतदाताओं की सूची तैयार करने के अलावा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। मौके पर बीएसओ हेमंत एक्का, रोशन सुधाकर कुजूर, नवीन कुमार चौधरी, सुधीर राम तिवारी, नाथू उरांव सहित सभी बूथों के बीएलओ मौजूद थे।

### बेड़ो में वज्रपात से दुधारू गाय मरी

**बेड़ो।** थाना क्षेत्र के जरिया नहर टोली गांव में सोमवार की अपराह्न लगभग चार बजे वर्षा के दौरान हुई वज्रपात में इसी गांव निवासी बालू गोप का घर के बाहर बने शेड में बंधी एक दुधारू गाय की मौत हो गई। जबकि उसी बगल में बंधे एक बछड़ा व एक गाय बाल.बाल बच गए। लगभग 18 लीटर दूध देने वाली गाय की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। किसान बालू गोप ने बताया कि गाय का मूल्य चालीस से पैतालीस हजार की थी। इधर गाय के मर जाने किसान को रोजी रोटी की समस्या उत्पन्न हो गई। इधर पीड़ित ने आपदा प्रबंधन के तहत उचित मुआवजे दिए जाने की मांग की है।

### स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का विकास होता है : डॉ रुखसाना

**बेरमो।** सोमवार को स्थानीय विद्यालय अनपती देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर फुसरो में सीसीएल ढोरी क्षेत्र सीएसआर कार्यक्रम के तहत एनीमिया एवं भैया बहनों के स्वास्थय जांच हेतु केंप का आयोजन किया गया ।जिसमे भैया बहनों के खून जांचएहिमोग्लोबिन जांच साथ ही साथ अन्य जांच भी किया गया इस कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाचार्य पंकज कुमार मिश्रा कस्तूरबा श्री विद्यानिकेतन ढोरी के सचिव धीरज कुमार पांडे विद्यालय की आचार्या श्रेया वर्णवाल ओर मिशा कुमारी के द्वारा आए हुए डॉक्टर टीम को अंग वस्त्र देकर स्वागत सह सम्मान किया गया।

# खलारी में आंधी-तूफान के साथ झमाझम बारिश

## मैक्लुस्कीगंज के ईट व्यवसायियों का हुआ नुकसान



खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** खलारी कोयलांचल खलारी डकरा मैक्लुस्कीगंज में मंगलवार को शाम 4 बजे से अचानक मौसम ने करवट लिया। क्षेत्र में बादलों ने काली घटाओं का डेरा जमा कर अंधी के साथ तेज बारिस जम कर हुआ। जानकारी के अनुसार खलारी कोयलांचल क्षेत्र में दिन में लगभग 33 डिग्री सेल्सियस का गर्मी बरपा रहा था। दोपहर 2.30 बजे के बाद से आसमान में बादल छाने लगा। कुछ देर के बाद अचानक से आंधी के साथ बारिस होना चालू हो गया। बे मौषम बरसात होने से कोयलांचल के गर्मी से राहत मिला, लेकिन बारिस से पूर्व ही कोयलांचल क्षेत्र के खलारी मैक्लुस्कीगंज में विधुत आपूर्ति ठप कर दिया गया। बारिश होने से रमजान में रोजेदारों को गर्मी से राहत मिली। वही एक ओर मैक्लुस्कीगंज खलारी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ईंट व्यवसायों के लिए बे मौसम बरसात आफत का बरसात बताया जा रहा है। क्षेत्र के मैक्लुस्कीगंज, सरना, नवाडीह, कोंनका, खलारी, होयेर, बमने, चंदवा सहित अन्य ईंट व्यवसायों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। कुछ लोगों का मानना है कि बारिश होना ईंट का भाव मे वृद्धि होना बताया जाता है।

# चुनाव ड्यूटी देने में एनके प्रबंधन पर भेदभाव करने का आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** उत्तरीकर्णपुरा क्षेत्र के सीसीएल प्रबंधन के द्वारा सीसीएल कर्मियों में भेदभाव करने का आरोप एनके क्षेत्र के यूनियन नेताओं ने लगाया। बताया गया कि चुनाव आयोग की ओर से सीसीएल कर्मियों का जारी लिस्ट के अनुसार साफ दशार्त रहा है। चुनाव आयोग में सिर्फ कम पढ़े लिखे वाले ही श्रमिको को चुनाव ड्यूटी में भेजा जा रहा है। इस संबध में जनता मजदूर संघ के अध्यक्ष गोल्डन प्रसाद यादवएयूसीडब्ल्यू केडीएच शाखा अध्यक्ष अरविंद कुमारएयूसीडब्ल्यू कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा कि सीसीएल प्रबंधन के उच्च नीच का राजनीति कर भेद भाव किया है। एनके क्षेत्र में 200 से अधिक अधिकारी है लेकिन लोक सभा चुनाव 2024 में एक भी अधिकारी का नाम शामिल नहीं है। साथ ही परियोजना कार्यालय के वरिष्ठ बाबुओं का भी नाम शामिल नहीं है स यह एक जाँच का विषय बनता है। चुनाव ड्यूटी में सीसीएल से ज्यादातर अशिक्षित श्रमिकों का नाम दिया गया है। उन्होंने कहा 18 मार्च से प्रशिक्षण शिविर कांके रांची दिया गया है। पूर्व के चुनाव में श्रमिकों को चुनाव ड्यूटी जाने पर टी ए ध्डी ए 16500 दिया गया था। इस वर्ष 2024 के महापर्व में 20000 रुपये की मांग किया गया। बताया कि सीसीएल कर्मचारियों को चुनाव ड्यूटी का प्रशिक्षण चिट्ठी आई है।

# खूंटी में भाजपा के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता

**खूंटी।** राजनीतिक पार्टियां पूरे जोश के साथ लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट गई हैं. चुनाव तारीखों की घोषणा होते ही खूंटी में चुनावी सरगर्मी बढ़ गई है. इसके तहत केंद्रीय मंत्री सह खूंटी लोकसभा के सांसद अर्जुन मुंडा और पूर्व सांसद करिया मुंडा ने संयुक्त रूप से खूंटी में बीजेपी के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया. इस मौके पर लोकसभा क्षेत्र के सभी नेत, विधायक, पूर्व विधायक सहित प्रखंड स्तर के नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे. इससे पूर्व खूंटी के बीजेपी नेताओं और कार्यकताओं ने अर्जुन मुंडा का स्वागत किया।

## अबकी बार 400 पार का नारा किया बुलंद

चुनावी कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा लोकसभा क्षेत्र के सभी विधायक, पूर्व विधायक, जिलाध्यक्ष सहित प्रखंड अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष समेत कार्यकताओं संग बैठक कर लोकसभा चुनाव की रणनीति पर मंत्रणा की। साथ ही फिर से केंद्र में मोदी सरकार बनाने पर बल दिया।

# लोस चुनाव को लेकर खलारी बीडीओ ने की बैठक

## अधिकारियों को दिये कई दिया-निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** खलारी प्रखण्ड मुख्यालय सभागार में सोमवार को लोकसभा चुनाव को लेकर खलारी बीडीओ संतोष कुमार की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक में सभी राजनीतिक दलों के अध्यक्ष व सचिव के अलावा बीएलओ व पर्यवेक्षक शामिल हुए। मौके पर बीडीओ संतोष कुमार ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर लागु हुई आर्दश आचार संहिता की विशेष जानकारी देते कई आवश्यक दिशा.निर्देश देते हुए कहा कि सरकारी या सार्वजनिक स्थलों पर लगा राजनीतिक दलों का पोस्टरए बैनर को हटाना है। साथ ही जहां भी पार्टियों के द्वारा दिवाल लेखन और पेंटिंग किया गया है उसे भी हटा लेना है। बीडीओ ने निर्देश दिया कि बिना अनुमति के अगर किसी भी निजी वाहनों में पार्टियों के स्टीकरए झण्डाए बोर्ड लगा हो तो उसे भी हटा ले अन्यथा आदर्श आचार संहिता के तहत सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई किया जाएगा। इस अलावे उन्होने सभी राजनीतिक दलों को निर्देश दिया कि बिना अनुमति के कोई भी चुनाव



संबंधित बैठक जनसभा रैली और अन्य आयोजनों को न करे। उक्त सभी कार्यों के लिए आर्दश आचार संहिता के तहत अनुमति लेना आवश्यक है। बैठक में सीओ प्रणव अम्बष्ट के अलावा भाजपा खलारी मंडल के अध्यक्ष शैलेन्द्र शर्मा कार्तिक पांडेय दिलीप पासवान झारखंड मुक्ति मोर्चा से प्रखंड अध्यक्ष अनिल पासवान कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष साबीर अंसारी विक्की सिंह रोशन लाल योगेश प्रसाद बीपीओ विनय प्रसाद गुप्ता प्रखंड कोआर्डिनेटर असीत कुमार आदित्यनाथ झा परीक्षित महतो कनीय अभियंता रमेश कुमार प्रेमचंद मुर्मू रविरंजन रिषु कुमारी आदि उपस्थित थे।

# जेपीएससी पेपर लीक मामले की जांच कर त्वरित कार्रवाई करे चम्पाई सरकार : अर्जुन मुंडा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय मंत्री और खूंटी जिला से सांसद अर्जुन मुंडा ने कहा कि झारखंड के युवाओं की बदकिस्मती उनका साथ नहीं छोड़ रही है। आज जेपीएससी परीक्षा के फिर से पेपर लीक की बेहद दुर्भाग्यपूर्ण सूचना मिली है। मैं मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से आग्रह करता हूं कि इस मामले की त्वरित जांच कराएं और दोषियों पर कठोरतम कार्रवाई करें। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आज जेपीएससी की परीक्षा के दौरान जिस प्रकार से पेपर लीक हुआ उससे स्पष्ट है कि झारखंड सरकार ने जेएसएससी की तरह जेपीएससी को भी पैसा कमाने का जरिया बना दिया है। इसलिए झारखंड के नौजवानों से मेरी अपील है कि अब इस भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकने में आप सबका साथ चाहिए। मैं विश्वास दिलाता हूं कि भाजपा की सरकार बनते ही ऐसे भ्रष्ट लोगों को चुन-चुनकर जेल भेजेंगे और झारखंड के नौजवानों का हक, झारखंड के नौजवानों को दिलाकर रहेंगे तथा कदाचार मुक्त परीक्षा सुनिश्चित करेंगे।

## आजसू से राज्य सरकार को घेरा

जेपीएससी पेपर लीक मामले को लेकर आजसू ने भी राज्य सरकार को घेरा। विधायक लंबोदर महतो ने इस पूरे मामले की जांच सीबीआई से करने की मांग की

### पेपर लीक होना दुखद घटना : अमर बाउरी

नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि यह काफी दुखद और शर्मनाक घटना है। जेपीएससी के छात्रों के साथ राज्य सरकार ने एक बार फिर गंदा मजाक किया है। जिस तरह से राज्य सरकार आनन-फानन में जेपीएससी की परीक्षा को आयोजित करने की कोशिश कर रही थी इसके पीछे कोई ना कोई षडयंत्र जरूर रहा होगा। बाउरी ने कहा कि राज्य सरकार इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराएं और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे। साथ ही अभ्यर्थियों से अपील कि वे निराश ना हों। उन्होंने कहा कि इस भ्रष्ट सरकार के कुछ दिन ही शेष बचे हैं।

# शौंडिक समाज के मुख्य संरक्षक बने आदित्य साहू, बधाई

## शौंडिक युवा मंच की बैठक में निर्णय

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** शौंडिक युवा मंच ओरमांझी की एक महत्वपूर्ण बैठक मंच के अध्यक्ष अमित कुमार साहू की अध्यक्षता में हुई। जिसमें सर्वसम्मति से मुख्य संरक्षक राज्यसभा सदस्य आदित्य प्रसाद साहू व नंदगोपाल साहू को बनाया गया। इसके अलावे प्रखंड समाज के सभी वरिष्ठ लोग की उपस्थित में शौंडिक युवा मंच ओरमांझी का विस्तार भी किया गया। जिसमें कुलदीप साहू, उमाशंकर साहू, लक्ष्मण साहू, कामेश्वर साहू, चंदेश्वर साहू, रामचरण साहू, सुरेश साहू, जगमोहन साहू, जलेश्वर साहू, जगदीश प्रसाद साहू, नंदकिशोर साहू, रामचंद्र साहू, चंद्रमोहन साहू को संरक्षक बनाया गया। वहीं जयप्रकाश गुप्ता, आमोद कुमार साहू, नागेंद्र प्रसाद साहू, आशेश्वर लाल गुप्ता, दुर्गाचरण साहू, रोहित साहू को सलाहकार समिति का सदस्य बनाया गया। बाद में राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू को मंच के सभी पदाधिकारी व सदस्य द्वारा मुख्य संरक्षक बनने पर पुष्प गुच्छ देकर स्वागत करते हुए बधाई दी गई। मौके पर शौडिंक युवा मंच के सचिव राजधाम साहू, कोषाध्यक्ष अजय कुमार साहू, उपाध्यक्ष कुंदन साहू, दीपक कुमार साहू, नवीन कुमार साहू, नीतीष कुमार साहू सहित समाज के कई गणमान्य उपस्थित थे।



आदित्य साहू का स्वागत करते शौडिक समाज के लोग।

### बीएंडके क्षेत्र में 76,174 टन कोयला उत्पादन

**बेरमो।** बीएंडके क्षेत्र के इतिहास में 17 मार्च को एक दिन में 76174 टन कोयला उत्पादन अब तक का सबसे अधिक कोयला उत्पादन है। बीएंडके जीएम के रामाकृष्णा ने इस उपलब्धि के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से योगदान देने वाले सभी को धन्यवाद दिया। महाप्रबंधक के रामाकृष्णा ने कहा कि एक टीम वर्क के तहत क्षेत्र के मजदूरोंए अधिकारियोंए श्रमिक प्रतिनिधियों एवं विस्थापितों को एक साथ लेकर बेहतर उत्पादन एवं डिस्पैच कार्य करना मेरी पहली प्राथमिकता है।

# सीएए न्यायपूर्ण कदम

पड़ोसी देशों में धार्मिक उत्पीड़न के चलते भारत लौटे हजारों लोगों के लिये सीएए यह न्यायपूर्ण नागरिकता ही है। भले ही सीएए को हकीकत में बदलने में चार साल से अधिक का समय लग गया हो मगर यह कदम अपना सब कुछ गवां कर लौटे लोगों के सपने सच होने जैसा है। उनकी स्थिति असमंजस के चलते कष्टदायक बनी हुई थी। नये कानून के प्रावधानों के अनुसार अब पाकिस्तान, अफगानिस्तान व बांग्लादेश में अल्पसंख्यक के रूप में सताये गए हिंदू, सिख, बौद्ध, पारसी आदि लोगों को भारत आने पर नागरिकता मिलने में आसानी होगी। दरअसल, नागरिकता अधिनियम 1955 के अनुसार भारत में नागरिकता पाने के लिये देश में ग्यारह साल तक रहना जरूरी था। अब यह अवधि घटाकर छह वर्ष कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि जब 2019 में नागरिकता संशोधन अधिनियम को संसद की मंजूरी मिली थी तो भ्रम व राजनीतिक हस्तक्षेप के चलते खासा विवाद हुआ था। दरअसल, व्याख्या की गई थी कि यह देश के अल्पसंख्यकों की नागरिकता पर संकट लाने वाला कदम है। केंद्र सरकार भी विरोधियों को यह समझाने में सफल नहीं हो सकी कि यह कानून किसी की नागरिकता छीनने वाला नहीं बल्कि पड़ोसी देशों में उत्पीड़न के बाद पलायन करने वाले भारतीय लोगों को न्यायपूर्ण नागरिकता देने के लिये है। लेकिन इस मुद्दे पर जमकर हुई राजनीति का शोर इतना प्रबल था कि सीएए के मुद्दे पर अनपेक्षित विवाद पैदा हुआ। दिल्ली में इसके विरोध में लंबा आंदोलन चला। जो कालांतर हिंसक टकराव में भी तब्दील हुआ। बहरहाल, सीएए को देश में लागू करके भाजपा ने अपने लक्षित वर्ग को यह विश्वास दिलाया कि उसने अपने कोर एजेंडे में शामिल अधिकांश मुद्दों को मूर्तरूप दे दिया है। ठीक चुनाव से पहले इसका क्रियान्वयन इसी ओर इशारा भी करता है।

# एक चुनाव?

एक देश एक चुनाव के तहत पहला लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में एक साथ चुनाव करवाना, दूसरा सौ दिनों के भीतर नगरपालिकाओं और पंचायतों का चुनाव कराना। समिति ने शासन के तीनों स्तरों के चुनाव में उपयोग के लिये एक मतदाता सूची और मतदाता फोटो पहचान पत्र की भी सिफारिश की है। दरअसल, पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान भारतीय जनता पार्टी ने अपने घोषणापत्र में चुनावी खर्च घटाने, सरकारी संसाधनों की मितव्ययता ,सुरक्षा बलों का कुशलता से उपयोग सुनिश्चित करने तथा प्रभावी नीति नियोजन के लिये संसद, विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के लिये एक साथ चुनाव के विचार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जतायी थी। भारतीय जनता पार्टी की ओर से कहा गया था कि वह इस मुद्दे पर विभिन्न हितधारकों के मध्य आम सहमति बनाने का पुरजोर प्रयास करेगी। कोविंद समिति का कहना है कि इस दौरान देश के सैंतालीस राजनीतिक दलों ने एक राष्ट्र, एक चुनाव के बाबत अपने विचार रखे। इन दलों में से 32 राजनीतिक दलों ने एक साथ चुनाव कराये जाने के सुझाव का समर्थन किया। निश्चित रूप से यह एक बड़ी चुनौती है कि साल भर देश के किसी न किसी राज्य में विधानसभाओं के चुनाव होते रहते हैं। जिसके चलते जहां चुनावी खर्च बेतहाशा बढ़ जाता है, वहीं नौकरशाही जनता के विकास कार्यों के बजाय चुनाव प्रबंधन में जुटी रही है। वहीं बार-बार आचार संहिता लगने से विकास कार्य भी बाधित होते हैं। ऐसे में पूरे देश में एक साथ चुनाव कराने के विचार को एक कारगर विकल्प के रूप में बताया जाता रहा है। लेकिन, इस विचार को अमली-जामा पहनाने में कई व्यावहारिक दिक्कतें भी हैं। इसमें दो राय नहीं कि एक साथ चुनाव कराने के लिये एक सामान्य मतदाता सूची का विचार पहली नजर में लाभकारी नजर आ रहा है।


# पहली बार मतदाता बने युवा वोट अवश्य डालें

**खिलाड़ी** अपने समर्पण, दृढ़ता और टीम भावना के माध्यम से देश की सेवा करते हैं। चाहे घरेलू मैदान हो या विदेशी, देश की जर्सी पहनना एक विशेषाधिकार और जिम्मेदारी दोनों है। लेकिन दुनिया के सबसे जीवंत लोकतंत्र के एक अभिन्न अंग के रूप में हम खिलाड़ी और युवा भारतीय एक और विशेषाधिकार की आकांक्षा करते हैं- वह है मतदान।



चुनाव लोकतंत्र का आधार होता हैं, जो नागरिकों को अपने प्रतिनिधियों को चुनने का महत्वपूर्ण अधिकार देता है। हालांकि, यह अधिकार निष्क्रिय नहीं है; चुनावी प्रक्रिया में सक्रिय रूप से शामिल होना एक कर्तव्य है, विशेषकर युवाओं का। ऐतिहासिक रूप से, युवाओं ने सामाजिक परिवर्तन का नेतृत्व किया है और चुनावों में उनकी भागीदारी महत्वपूर्ण है। लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए, मतदाता पंजीकरण से लेकर जमीनी स्तर पर प्रचार अभियान तक के प्रत्येक चरण में युवाओं की सक्रिय भागीदारी की आवश्यकता होती है।

पहली बार के मतदाता नए दृष्टिकोण के साथ पारदर्शिता और समावेश जैसे आदर्श लेकर आते हैं। एक युवा मतदाता की ऊर्जा और तकनीक-प्रेमी प्रकृति, चुनावी परिदृश्य को जीवंत बनाती है तथा नागरिकों की जरूरतों के अनुरूप पहुंच और उत्तरदायित्व को बढ़ावा देती है। युवा निर्वाचित प्रतिनिधियों को जवाबदेह बनाने एवं जनता से जुड़े मुद्दों का समर्थन करने व आवाज उठाने के लिए सोशल मीडिया का उपयोग करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा इस प्रकार लोकतंत्र के महत्व और इसके प्रति निष्ठा की रक्षा करते हैं।



-नीरज चोपड़ा

यह अभियान गीत मतदाता जागरूकता अभियान का एक हिस्सा है जो चुनावी प्रक्रिया में युवाओं की अधिक से अधिक भागीदारी के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी की अपील की भावना का प्रतीक है। देश भर के युवा इस अभियान गीत को अपने युवा मित्रों को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करने के आह्वान के रूप में अपना रहे हैं।

महात्मा गांधी के शब्दों में, भविष्य इस पर निर्भर करता है कि आप आज क्या करते हैं।₹ लोकतंत्र का पहिया एक बार फिर से घूम रहा है, भारत में आम चुनाव, 2024 की तैयारी चल रही है, ऐसे में राष्ट्र के भाग्य को स्वरूप देने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया जाना जरूरी है।

अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बातह्यह्य में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने चुनावी प्रक्रिया में युवाओं की सहभागिता के महत्व पर जोर दिया और पहली बार मतदाता बने युवाओं के लिए लक्षित निर्वाचन आयोग के मेरा पहला वोट देश के लिए अभियान के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने भारत के युवाओं के जोश और उत्साह की सराहना की तथा उनसे सक्रिय रूप से मतदान में भाग लेने की अपील की क्योंकि देश के भविष्य पर इसका प्रत्यक्ष प्रभाव पड़ता है।

पहली बार मतदाता बने युवाओं से रिकॉर्ड संख्या में भाग लेने की अपील करते हुए, उन्होंने देश की नियति को आकार देने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने विभिन्न सेक्टरों से जुड़े प्रभावशाली लोगों से अभियान में शामिल होने तथा सामाजिक बदलाव को प्रेरित करने में उनकी प्रभावी भूमिका को स्वीकार करते हुए युवा मतदाताओं को प्रोत्साहित करने की अपील की। चुनावी माहौल के बीच, उन्होंने युवाओं से न केवल राजनीतिक कार्यकलापों में भाग लेने का आग्रह किया बल्कि वर्तमान में जारी चचाओं और बहसों के बारे में भी जानकारी रखने की अपील की।

भारतीय निर्वाचन आयोग चुनावों में युवाओं की सार्वजनिक प्रबुद्ध सहभागिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ह्यह्यमेरा पहला वोट देश के लिए अभियान चला रहा है। यह अभियान गीत मतदाता जागरूकता अभियान का एक हिस्सा है जो चुनावी प्रक्रिया में युवाओं की अधिक से अधिक भागीदारी के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी की अपील की भावना का प्रतीक है। देश भर के युवा इस अभियान गीत को अपने युवा मित्रों को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करने के आह्वान के रूप में अपना रहे हैं।

इस पहल के तहत उच्च शिक्षा संस्थान (एचईआई) देश भर में मतदाता जागरूकता कार्यकलापों का आयोजन कर रहे हैं और अधिक प्रतिनिधि लोकतंत्र के लिए मतदान करने के मूल्य पर जोर दे रहे हैं। जहां उच्च शिक्षा संस्थान वास्तविक कार्यक्रमों का आयोजन कर रहे हैं, ऑनलाइन प्रतियोगिताएं भी माईगव प्लेटफॉर्म पर आयोजित की जा रही हैं जिनमें ब्लॉग लेखन, पॉडकास्ट, वाद-विवाद आदि का आयोजन किया जा रहा है जिससे कि कंटेंट सृजन में रचनात्मकता को प्रोत्साहित किया जा सके। कार्यशालाएं, संगोष्ठियां, फ्लैश मौब्स तथा मतदाता संकल्प अभियान छात्रों को चुनावी प्रक्रिया की तरफ और अधिक आकर्षित कर रहे हैं तथा इन्हें इसके बारे में शिक्षित कर रहे हैं जिसमें एनएसएस स्वयंसेवक तथा संस्थान के क्लब सक्रिय रूप से अभियान में हिस्सा ले रहे हैं।

प्रधानमंत्री की अपील के जवाब में, इंस्टाग्राम, यूट्यूब और मनोरंजन उद्योग सहित विभिन्न प्लेटफार्मों के प्रभावशाली लोग सक्रिय रूप से इस अभियान का समर्थन कर रहे हैं और पहली बार मतदाता बने युवाओं को प्रेरित कर रहे हैं। देश के कोने-कोने से खेल, मनोरंजन, व्यापार और उद्योग जैसे क्षेत्रों में अपनी छाप छोड़ने वाले प्रमुख नाम इस संदेश को दूर-दूर तक फैलाने के लिए एक साथ आए हैं।इस अभियान में जसप्रीत बुमराह, रविचंद्रन अश्विन, मोहम्मद सिराज, अवनि लेखारा, सैखोम मीराबाई चानू जैसे मेरे साथी खिलाड़ी और अनिल कपूर, प्रोसेनजीत चटर्जी, रवीना टंडन, राणा डूग्गुबाती, कैलाश खेर, श्रेया घोषाल जैसी फिल्मी हस्तियां व रितेश अग्रवाल, बी. वी. आर. मोहन रेड्डी जैसे उद्योग जगत के अगुआ और कई पद्म पुरस्कार विजेताओं ने भाग लिया है, जिससे यह अभियान मतदाता जागरूकता का एक राष्ट्रीय आंदोलन बन गया है।यह जन आंदोलन युवाओं की आवाज की सामूहिक शक्ति और देश के लोकतांत्रिक परिदृश्य को आकार देने में उनकी सक्रिय भागीदारी के महत्व को रेखांकित करता है। आइए हम इस जिम्मेदारी को उठाने और अपनी सामूहिक आवाज की ताकत का उत्सव मनाने के लिए एकजुट हों। आइए हम इस चुनौती को स्वीकार करें, आइए हम अपनी आवाज उठायें और आइए हम दूसरों को भी ऐसा करने के लिए सशक्त बनायें।

(भारतीय ट्रैक और फील्ड एथलीट तथा पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा के मौजूदा ओलंपिक एवं विश्व चैंपियन हैं।)

खास बात

## योग के साधन

स्वामी मुक्तरथ



योगसाधन के उपाय में यह बतलाया गया है कि पहले किसी स्थूल विषय का आधार लेकर, उसके उपरांत किसी सूक्ष्म वस्तु को लेकर और अंत में सब विषयों का परित्याग करके चलना चाहिए और अपना चित्त स्थिर करना चाहिए। चित्त की वृत्तियों को रोकने के जो उपाय बतलाए गए हैं वह इस प्रकार हैं:- अभ्यास और वैराग्य, ईश्वर का प्रणिधान, प्राणायाम और समाधि, विषयों से विरक्ति आदि। यह भी कहा गया है कि जो लोग योग का अभ्यास करते हैं, उनमें अनेक प्रकार को विलक्षण शक्तियाँ आ जाती है जिन्हें 'विभूति' या 'सिद्धि' कहते हैं। यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि ये आठों योग के अंग कहे गए हैं, और योगसिद्धि के लिये इन आठों अंगों का साधन आवश्यक और अनिवार्य कहा गया है। इनमें से प्रत्येक के अंतर्गत कई बातें हैं। कहा गया है जो व्यक्ति योग के ये आठो अंग सिद्ध कर लेता है, वह सब प्रकार के क्लेशों से छूट जाता है, अनेक प्रकार की शक्तियाँ प्राप्त कर लेता है और अंत में कैवल्य (मुक्ति) का भागी बनता है। सृष्टितत्व आदि के संबंध में योग का भी प्रायः वही मत है जो सांख्य का है, इससे सांख्य को 'ज्ञानयोग' और योग को 'कर्मयोग' भी कहते हैं।

पतंजलि के सूत्रों पर सबसे प्राचीन भाष्य वेदव्यास जी का है। उस पर वाचस्पति मिश्र का वार्तिक है। विज्ञानभिक्षु का 'योगसारसंग्रह' भी योग का एक प्रामाणिक ग्रंथ माना जाता है। योगसूत्रों पर भोजराज की भी एक वृत्ति है (भोजवृत्ति)। पीछे से योगशास्त्र में तंत्र का बहुत सा मेल मिला और 'कायव्यूह' का बहुत विस्तार किया गया, जिसके अनुसार शरीर के अंदर अनेक प्रकार के चक्र आदि कल्पित किए गए। क्रियाओं का भी अधिक विस्तार हुआ और हठयोग की एक अलग शाखा निकली; जिसमें नेति, धौति, वस्ति आदि षट्कर्म तथा नाड़ीशोधन आदि का वर्णन किया गया। शिवसंहिता, हठयोगप्रदीपिका, घेरण्डसंहिता आदि हठयोग के ग्रंथ है। हठयोग के बड़े भारी आचार्य मत्स्येंद्रनाथ (मछंदरनाथ) और उनके शिष्य गोरखनाथ हुए हैं।

(सत्यानंद योग मिशन, रांची)

# स्वांस से सिमरण

धर्म-प्रवाह

साध्वी मनीषा

**जब** स्वांस भीतर जाती है तो इसका आपके प्राणों में पूरा बोध हो कि स्वांस भीतर जा रही है। स्वांस बाहर जाती है तो इसका भी आपके प्राणों में पूरा बोध हो कि स्वांस बाहर जा रही है। तब आप पाएंगे कि एक गहन शांति उतर आई है। यदि आप स्वांस आ रही है, जा रही है इसे गहराई से देख सको तो यह क्रिया अभी तक की खोजी गई ज्ञान की सारी क्रियाओं से सर्वश्रेष्ठ क्रिया है और फिर किसी भी क्रिया की जरूरत नहीं पड़ेगी। स्वांस सदैव वर्तमान में है। हम अतीत में स्वांस नहीं ले सकते और न ही भविष्य में स्वांस ले सकते हैं। स्वांस लेना हमेशा इसी क्षण में है। लेकिन मन अतीत के बारे में सोच सकता है और भविष्य के बारे में सोच सकता है। शरीर तो वर्तमान में होता है लेकिन, मन अतीत और भविष्य के बीच झूलता रहता है। शरीर और मन के बीच में एक विभाजन हो जाता है। शरीर वर्तमान में रहता है और मन कभी भी वर्तमान में नहीं रहता है। वे कभी भी मिलते नहीं, वे कभी एक दूसरे के सामने नहीं आते और उसी विभाजन के कारण विषाद, चिंता, तनाव और अशांति पैदा होते हैं। हर एक तनावग्रस्त है और वह तनाव ही चिंता व अशांति है। इस मन को वर्तमान में लाना है क्योंकि वर्तमान के अतिरिक्त दूसरा कोई समय है ही नहीं। इसलिए अभ्यास के प्रति प्रतिबद्धता से मन को स्वांसों की धुन में लीन करके स्वांसों के इसी पल में एकाकार करें तभी स्वांसों के भीतर की शक्ति की पहचान होती है। परमात्मा के सानिध्य में शांति के अनुभव से मनुष्य जीवन सफल होता है।

**पिछली** सरकारों के समय में थाना और तहसील गिरवी रख दिए जाते थे।

मगर भाजपा का कोई भी कार्यकर्ता अनावश्यक सिफारिश के लिए किसी थाने या तहसील में नहीं जाता है।


– आदित्यनाथ योगी

रोचक ट्वीट

**ड्रोन** की बहुआयामी उपयोगिता का लाभ देश को मिले, ड्रोन स्टार्ट अप इकोसिस्टम को प्रोत्साहन मिले, इसके लिए आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी जी सतत प्रयत्नशील हैं।



–अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री



**समय** मूल्यवान सत्ता है। समय अर्थात जीवन, समय का अपव्यय परोक्षतः जीवन का ही अपव्यय है। अतः उच्चतर लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु प्राप्त ऊर्जा शक्ति सामर्थ्य और समय का सही उपयोग हो ।

–अवधेशानंद गिरी

कार्टून वर्ल्ड

## युद्ध से कराहता यूक्रेन



लेटर टू एडिटर

### गंभीर अपराध

**यह** एक ऐसा अपराध है जिसकी गूंज बड़ी दूर तक सुनाई देती है। इस राज्य में किसी भी लड़की को सरेआम पीटा जाना दुष्कर्म किया जाना एक शर्मनाक घटना है। ऐसे धटनाओं पर तुरंत अंकुश लगाने ी जरुरत है। झारखंड एक शांत और अपराधमुक्त राज्य था लेकिन विगत कुछ वर्षो से राज्य के शहर और ग्रामीण इलाकों में महिलाओं के प्रति अपराध बढ़ा है।

अनुराधा, गढ़वा

### बचाव के विकल्प

हाल ही में हुई बेमौसमी बारिश से खेतों में खड़ी फसलों को हुए नुकसान से बचाव के लिए कृषि विशेषज्ञों की सलाह है कि पानी सोखने के लिए खेतों में प्रति एकड़ चार-पांच बैग जिप्सम के जरूर डालें। आम की मंजरियों को काला होने से बचाने हेतु हेक्साकोनाजोल नामक दवाई की एक मिलीलीटर मात्रा प्रति एक लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें।

– रजनीश सिंह, रांची

# समाज का विकास और राज्यों के आर्थिक विकास का संबंध

सुधांशु कुमार

समाज

आर्थिक वास्तविकता एवं समाज के आर्थिक अनुबंध (रूसो के शब्दों में) का अंग सरकार, उद्योग जगत और उपभोक्ताओं की तिकड़ी होती है और इस पर मीडिया एवं न्यायपालिका का प्रभाव भी होता है। एक समन्वित दृष्टिकोण से आर्थिक बहाली की बाधाओं को दूर करने में मदद मिल सकती है। उत्पादों एवं सेवाओं पर लागू वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों को एक उदाहरण के तौर पर देखें। किसी भी दर पर सरकारी संग्रह उस समय बढ़ जाता है जब उत्पाद या सेवा की आपूर्ति बढ़ती है। लेकिन कीमत बढने पर अमूमन उस सेवा या उत्पाद की मांग घट जाती है। बाजार साम्यावस्था मांग एवं आपूर्ति स्तरों पर निर्भर दाम पर उपभोक्ता को लगने वाले मूल्य के एक स्तर पर होगी। इसके विपरीत जीएसटी की दरें कम होने का मतलब मांग बढ़ने होता है। महंगे उत्पादों के मामले में दर कम होने पर सरकार का जीएसटी संग्रह बढ़ जाता है। इसकी वजह यह है कि कर की दर बढ़ने पर एक स्तर के बाद बिक्री राजस्व में गिरावट आने लगेगी जिसका नतीजा जीएसटी संग्रह में कमी के तौर पर सामने आएगा।

जहां सरकारी खजाना कर संग्रह पर निर्भर होता है, वहीं सरकार का उद्देश्य सत्ता में बने रहने के अलावा सार्वजनिक हित को बढ़ाना भी होना चाहिए। जब संग्रहीत कर तर्कसंगत होने के साथ जनहित में भी योगदान देते हैं तो उत्पादों एवं सेवाओं की चुकाई कीमत के बारे में उपभोक्ता के नजरिये के साथ साम्यता होती है क्योंकि इसका इस्तेमाल सरकारी कोष से जन कल्याण के लिए किया जाता है। किसी उत्पाद या सेवा के लिए एक सर्वोत्कृष्ट जीएसटी दर मानी जाती है जो समाज के लिए सार्वजनिक लाभ को अधिकतम कर दे। कर की ये दरें विनिर्माण एवं आवश्यक सेवाओं के प्रमुख क्षेत्रों को प्रभावित करती हैं। एक उदाहरण से इसे समझते हैं। कारों एवं ऑटो उपकरणों के विनिर्माण में भारत की क्षमता पिछले कई वर्षों में व्यवस्थित ढंग से तैयार हुई है। वर्ष 2018 में 323 अरब डॉलर के कुल निर्यात का 5 फीसदी से थोड़ा अधिक हिस्सा वाहन निर्यात का था जबकि 2 फीसदी हिस्सा वाहन कलपुर्जों का था। हालांकि कई कारणों से बिक्री में सुस्ती रही जिनमें जीएसटी व्यवस्था में ढलने से जुड़ी समस्याओं की भी कुछ भूमिका रही। वाहनों एवं कलपुर्जों पर जीएसटी दर को 28 फीसदी रखने के पीछे अधिक राजस्व जुटाने का मकसद था। लेकिन जीएसटी प्रणाली की जटिल संरचना एवं इसके क्रियान्वयन संबंधी अड़चनों ने जुलाई 2018 के बाद बिक्री को कम कर दिया। इसके अलावा इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहन, सख्त प्रदूषण मानकों को अपनाने और सुस्त पड़ती अर्थव्यवस्था से जुड़ी समस्याओं ने भी हालात को बिगाड़ने का काम किया। जीएसटी प्रणाली से जुड़ी मुश्किलों ने वाहनों के निर्यात को भी प्रभावित किया। जीएसटी की दरों के बारे में विचार करने के कई परिप्रेक्ष्य हैं।

पहला, अगर दरों को 28 फीसदी से घटाकर 12 फीसदी या 5 फीसदी पर लाया जाता है तो राजस्व पर पड़ने वाले उसके असर को ध्यान में रखना होगा। (अ) वाहन बाजार की अगुआ मारुति सुजूकी पर ऊंची कर दरों से प्रभावित होने की संभावना नगण्य है क्योंकि अस्थायी तौर पर बिक्री सुस्त है और उसने अपनी क्षमता पुराने निवेश से स्थापित की है। भारत के अगले 10 वर्षों में एक ठोस बाजार एवं एक मजबूत विनिर्माण आधार के रूप में तब्दील होने की उम्मीद करते हैं तो भी इस अंतरिम अवधि में नियामकीय अनिश्चितता और अपर्याप्त ढांचे की वजह से उनका उत्साह इस हद तक फीका पड़ सकता हैं। भारत यह मानकर नहीं चल सकता है कि यह स्वभावतः चीन का विकल्प है।

# हाट बाजार का सामाजिक ताना-बाना टूट रहा है

सुधीर विद्यार्थी

समाज

**गांव** के हाट-बाजारों की शक्ल अब बदल गई हैं। वे प्रायः मझोले किसान होते और अपनी फसल का थोड़ा-सा हिस्सा बेचने के लिए बैलगाड़ियों में लादकर लाते। छोटी जोत की किसानी करने वाले अपने सिरों पर अनाज रखकर, उसकी बिक्री कर और अपनी जरूरत का सौदा-सुलुफ बांधकर घर लौट जाते। कई बार यह खरीदारी इतनी कम होती कि उन चीजों की खपत दो-तीन दिनों में ही हो जाती और फिर अगले बाजार का बेचैनी से इंतजार होता।

वहां बिकने वाली वस्तुओं में दाल, मसाले, गुड़, सरसों, मिट्टी का तेल, कुप्पी, साबुन, कंघी और बिसातखाने के दूसरे छोटे-बड़े सामान, कपड़ा, आलू-सब्जी की दुकानें तथा नाई से हजामत बनवाने का भी काम होता। पान और चाट के नुक्कड़ भी सज जाते। मांस-मछली की बिक्री होती, तो भीड़ से थोड़ा हटकर बैलों और घोड़ों के नाल लगाने तथा उनकी पूंछों के बाल कतरने वाले अपने कारोबार में जुटे होते। कोई एक दवाखाना भी उसी घेरे में आ जमा होता। पहले इन बाजारों में मिट्टी के बर्तन भी बिकते देखने को मिल जाते थे, पर अब छोटे घरों में भी उनकी पहुंच नहीं रही। प्लास्टिक ने कुम्हारों की कला को विस्थापित कर दिया है। बाजार में खरीदारों की आवाजों का मिला-जुला शोर बाजार के चरित्र का एक खास और स्थायी हिस्सा होता, जिसे चीन्हना इन दिनों कठिन हो गया है।

गांव में तीसरे दिन या सप्ताह भर में जुड़ने वाले इन बाजारों में अब गंवई स्त्री-पुरुष नहीं आते। मोटे अनाज की पैदावार घटने पर बिक्री के लिए बाजार तक उनका पहुंचना मुहाल होने लगा है। जरूरत की चीजों की खरीदारी के लिए लोग अब मोटर वाहनों से निकटवर्ती कस्बों में जाने लगे हैं। जो पक्की सड़कें गांव के निकट से गुजर कर शहर की तरफ जाती हैं, उनके किनारे बड़ी संख्या में दुकानें उग आई हैं, जिनसे देहात के बाजारों की रौनक कम होने के साथ वहां लोगों की उपस्थिति घटी है। ठंडे पेय और पैकटबंद चीजें बेचने वालों ने अब बाजार की नई संस्कृति विकसित की है। यहां हाट-बाजारों की भांति देहात के लोग मोल-भाव कर चीजें नहीं खरीद सकते। गांव में सब्जी पैदा करने वाले किसान भी अब अपना उत्पाद लेकर मंडी जाते हैं या फिर बिचैलिया उन्हें सीधे खेत से ही उठा लेता है। मुक्त अर्थव्यवस्था ने गांव के ढांचे को ही तोड़ा-बदला नहीं, परंपरागत हाट-बाजार के परिदृश्य को भी उलट दिया है। खेतों में पैदा मूली, गाजर, आलू, लौकी, तुरई-सब कुछ अब शहर के मॉल में चमकीली पन्नियों में बिकने लगी है। देहाती बाजार अब उजड़ गए हैं। दुकानदारों और ग्राहकों के बीच जमा-जमाया रिश्ता भी दरका है।

नए बाजार की संस्कृति अब गांव के छोटे हाट-बाजारों को पनपने भी नहीं देना चाहती। वह अपने व्यावसायिक शातिरपने से उन्हें वीरान करने पर आमादा है। गांव में छोटी जोत वाला बड़े लोगों से अपनी घर-गिरस्ती चलाने के लिए जो उधार-कर्ज लेता था, उसे निपटाने के लिए उसके पास साप्ताहिक बाजार में अनाज बेचकर देने का रास्ता होता था, जिसे नए बाजार ने बंद कर दिया है। एक समय बाजार स्वयं चलकर गांव आता था। तब अनाज के बदले चीजों की खरीदारी का चलन था। रसोई का सामान, मसाले, बरफ, चाट, धान का चूरा जैसी वस्तुओं की अदला-बदली का व्यापार बड़ा दिलचस्प था।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### बरकट्ठा पुलिस ने ब्राउन शुगर के साथ एक युवक को पकड़ा

**बरकट्ठा।** पुलिस ने थाना क्षेत्र से गुप्त सूचना के आधार पर सोमवार को सलैया टोला बेलाटांड स्थित सरकारी अस्पताल के भवन से सोनू कुमार पिता लालधारी महतो ग्राम घसकोडीह बरकट्ठा, को अवैध रूप से करीब 5.94 ग्राम ब्रॉउन शुगर के साथ पकड़ा है ।

### अवैध कोयला लदा 6 हाईवा जप्त

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले में अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक लगाने एवं दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने के उद्देश्य से उपायुक्त चंदन कुमार द्वारा अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में 17 मार्च 2024 को रात्रि गश्ती के दौरान रांची रोड से नई सराय रामगढ़ के बीच चलाए गए छापेमारी अभियान के दौरान 6 हाईवा, जेएच24एल 2412(35 एमटी कोयला), वाहन संख्या जेएच01डीपी 6866 (लगभग 25 एमटी कोयला), वाहन संख्या जेएच02एयू 4910 (लगभग 20 एमटी कोयला), जेएच 24 जे 2280 (लगभग 20 एमटी कोयला) जेएच 24 एच 211 2 ( लगभग 20 एमटी कोयला) एवं वाहन संख्या जेएच24 जे 6029 (लगभग 20 एमटी कोयला) को जब्त कर वाहन एवं खनिज को रामगढ़ थाना में रखा गया। जिसके उपरांत संबंधित वाहनों के वाहन मालिक, चालक व अन्य संलिपतों आदि के विरुद्ध रामगढ़ थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई । वहीं, जब्त किए गए सभी 6 हाईवा एवं खनिज के विरुद्ध नियमानुसार राज्यसात की कार्रवाई हेतु जिला खनन पदाधिकारी` द्वारा उपायुक्त के न्यायालय में अनुशंसा कर दी गई है।

### अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिला महासचिव राजीव रंजन की माता का निधन



**रामगढ़।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिला महासचिव राजीव रंजन प्रसाद की माता इंदिरा प्रसाद 84 वर्ष का रविवार को शाम 5:00 बजे रांची स्थित रिम्स में इलाज के क्रम में देहांत हो गया। स्वर्गीय इंदिरा प्रसाद का अंतिम संस्कार सोमवार को रांची में किया गया। उन्हें मुखाग्नि उनके पुत्र अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिला महासचिव राजीव रंजन प्रसाद ने दी। उनके अंतिम संस्कार में समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं, राजीव रंजन प्रसाद की माता इंदिरा प्रसाद के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष अरूण कुमार सिन्हा ने कहा कि उनका निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। जिसकी भरपाई संभव नही है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि अखिल भारतीय कायस्थ महासभा दुख की इस घड़ी में स्वर्गीय इंदिरा प्रसाद के परिजनों के साथ है। कहा कि हम ईश्वर से कामना करते हैं कि वे स्वर्गीय इंदिरा प्रसाद को अपने श्री चरणों में स्थान दें । स्वर्गीय इंदिरा प्रसाद के निधन पर बिनोद श्रीवास्तव, रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, सूर्यवंश श्रीवास्तव, राजेश सिन्हा, आनंद सिन्हा,पंकज कृष्ण जमुआर, मनोज सिन्हा, विश्वरंजन सिन्हा, डॉ उदय श्रीवास्तव, डॉ स्वराज, डॉ के चंद्रा, डॉ संजीव कृष्ण जमुआर, संजय लाला, डॉ रोहित वर्मा, अनिल अस्थाना, अतुल्य कुमार वर्मा, नितेश रंजन, मधुसूदन प्रसाद सहित कई लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

## 16 दिनों से लगातार जनसंपर्क कर रहे हैं भाजपा लोकसभा प्रत्याशी

# जनसेवा व विकास प्राथमिकता : मनीष



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** भाजपा हजारीबाग लोकसभाक्षेत्र के सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने टिकट की घोषणा होते ही हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में ताबड़तोड़ तूफानी जनसंपर्क अभियान शुरू कर दिया। उनका यह जनसंपर्क अभियान 02 मार्च से शुरू हुआ जो निरंतर 17 मार्च तक चला। इस दौरान उन्होंने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के हजारीबाग, रामगढ़, चतरा और कोडरमा जिले के सभी प्रखंड क्षेत्रों का सघन दौरा किया। भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने इस दौरान स्थानीय भाजपा मंडलों के कार्यकताओं संग बैठक की और आगामी लोकसभा चुनाव में देश हित और पार्टी हित में पीएम नरेंद्र मोदी के विकास कार्यों को आगे बढ़ाने तथा नरेंद्र मोदी के गारंटी करने से संबंधित जानकारी को लेकर मतदान तक जनता के बीच रहने और अपने बूथ को मजबूत बनाने पर जोर देने का अनुरोध किया। वहीं जनसंपर्क अभियान चलाकर जनता से सीधे रुबरु होते हुए मोदी सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराते हुए फिर एक बार प्रचंड बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनाने का अपील किया। मनीष जायसवाल ने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के बंगाल बॉर्डर रामगढ़ के गोला प्रखंड स्थित बरलंगा पंचायत से लेकर बिहार बॉर्डर के चौपारण प्रखंड स्थित चौरदाहा पंचायत तक लोगों के बीच पंहुच बनाई। वहीं चतरा जिले के बचरा और कोडरमा जिले के चंदवारा पहुंचकर लोगों से पीएम मोदी के विकसित भारत के लक्ष्य की पूर्ति हेतु भाजपा के पक्ष में मतदान करने का अपील किया। मौके पर मनीश जायसवाल ने कहा कि जनता के विश्वास और पार्टी के भरोसे पर उतरूंगा खरा, जनसेवा और विकास होगी प्राथमिकता।

## रामनवमी को ले ग्रामीणों की हुई बैठक श्रीश्री रामनवमी अखाड़ा कमेटी का गठन



बैठक में उपस्थित लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

भुरकुंडा (रामगढ़)। भदानीनगर क्षेत्र के कुरसे महादेव मंदिर प्रांगण में सोमवार को स्थानीय ग्रामीण की बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से इस बार भी पूरे धूमधाम व भक्तिभाव के साथ रामनवमी पूजा मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही रामनवमी पूजा सह झांकी एवं शोभा यात्रा के लिए श्रीश्री रामनवमी अखाड़ा कुरसे कमेटी का गठन किया गया। इसमें संरक्षक के रूप में दिनेश सिंह, धनेश्वर यादव, गिरधारी गोप, राणा प्रताप सिंह, फुलेश्वर राम, महेश सिंह, सचिन साहू, राजकुमार साहू, जयलाल सिंह, राज कपूर सिंह, हरिचरण करमाली, रामदास बेदिया, जनार्दन मुंडा, वीरेंद्र यादव, जयदेव सिंह, अजय तुरी, पंकज सिंह, रविंद्र बेदिया चुने गये। वहीं अध्यक्ष संतोष कुमार यादव, उपाध्यक्षपवन मुंडा व विक्रांत सिंह, सचिव राहुल करमाली, सह सचिव उत्तम सिंह व प्रेम सागर सिंह, कोषाध्यक्ष आशीष कुमार सिंह, सह कोषाध्यक्ष विशाल ठाकुर व रोहित सिंह, संगठन सचिव दीपक सिंह चुने गये। जबकि कार्यकारिणी सदस्यों में सतीश सिंह, सूरज ठाकुर, सिकेंन्द्र सिंह, छोटू प्रजापति, विशाल करमाली, प्रीतम सिंह, सुरज मुंडा, विकास करमाली, विकास मुंडा, धीरज सिंह, राजदीप करमाली, प्रेम ठाकुर, संजीव करमाली, अभिषेक करमाली, राहुल बेदिया, पंकज कुमार सिंह, रामवीर सिंह, शिबू करमाली, किशन मुंडा, राज मुंडा, योगेंद्र यादव, पवन सोनी, मनमोहन बेदिया, रणवीर यादव, विजय तुरी, प्रशांत सिंह, सूरज सिंह, साहिल सिंह, रोहन करमाली, सागर करमाली, नरेंद्र सिंह, कृष्णा करमाली, मुकेश सिंह, डीकेश सिंह, रोहित करमाली आदि शामिल हैं।

## 29 काटूनों में ले जाये जा रहे 348 बोतल शराब जब्त, प्राथमिकी दर्ज



जब्त शराब

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की अधिसूचना जारी किए जाने के उपरांत से आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार द्वारा उड़न दस्ता दलों, स्टेटिक सर्विलांस दलों सहित निर्वाचन संबंधित कार्यों में लगे अन्य प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को आदर्श आचार संहिता का रामगढ़ जिले में सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में रविवार रात को गुप्त सूचना प्राप्त होने के उपरांत नियंत्रण कक्ष द्वारा उड़न दस्ता दल को तत्काल रूप से इसकी जानकारी दी गई। जिसके उपरांत उड़न दस्ता दल द्वारा मांडू थाना क्षेत्र में जांच अभियान चलाकर सफेद स्विफ्ट कार वाहन संख्या जेएच01सीटी 7247 से 29 काटूनों में ले जाये जा रहे 348 बोतल शराब जब्त किया गया। मामले की जानकारी एक्साइज टीम को दी गई जिसके उपरांत मामले में तत्काल रूप से प्राथमिकी दर्ज कराई गई व इस संबंध में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## एक नजर में

### होली मिलन समारोह का आयोजन

**बड़कागांव।** महावीर मंडा सर्वजाति हिंदू समाज हरली के बैनर तले पूर्व मुखिया महेंद्र महतो की अध्यक्षता व कोषाध्यक्ष केशव नाथ महतो के नेतृत्व बेला बाध में ऐतिहासिक होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन हरली समाज के पूर्व अध्यक्ष त्रिवेणी महतो ने किया। समारोह की शुरूआत बजरंगी झंडा का ध्वजारोहण एवं पुरुषोत्तम भगवान राम के मूर्ति पर पूजा अर्चना कर की गई। होली मिलन समारोह में सभी लोगों ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर भाईचारगी का मिशाल पेश किया। मिलन समारोह में सांस्कृतिक कला मंच हरली के नेतृत्व में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित भीड़ होलियारी गीतों में सराबोर हो गए। साथ ही साथ भोजन का भी आनंद लोग दिनभर लेते रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि बड़कागांव में इस तरह का होली मिलन समारोह पहली बार हो रही है जो हरली सर्वजातीय हिंदू समाज का ऐतिहासिक है। इतना विशालतम होली मिलन समारोह प्रखंड भर में आज तक नहीं हुई थी। लोगों ने कहा कि होली पर्व सभी भेदभाव मिटाकर आपसी भाईचारगी मिलन का त्यौहार है। समारोह में केंद्रीय कुशवाहा समाज प्रखंड अध्यक्ष सोहनलाल मेहता,अखिल भारतीय तैलिक समाज प्रखंड अध्यक्ष जगत नंदन प्रसाद गुप्ता,सचिव कैलाश साव,पदुम साव,हरली समाज अध्यक्ष राम सुंदर महतो, पत्रकार नरेश कुमार,उमेश कुमार दांगी,उमेश महतो,पूर्व पसस उपेंद्र कुमार, शिवदयाल महतो,रामेश्वर राम,संतोष राणा,सुनील कुमार,श्यामलाल निराला,नरेश कुमार,धनेश्वर महतो, संजय कुमार,मटुकधारी महतो, रामेश्वर साव,धानेश्वर पासवान,संजय भुइयां,सबूर महतो,तेजू ठाकुर, कन्हाई राणा,रोशन महतो,किरण बाला,विमला कुमारी,नथू महतो, रामनाथ महतो,बीनू महतो,सेवंती देवी,ललिता कुमारी सहित ग्राम पंचायत के विभिन्न जाति समुदाय के हजारों की संख्या में महिला- पुरुष शामिल थे। कार्यक्रम में बाहर से आए हुए कलाकार एवं हरली समाज के महिला कलाकार द्वारा भी होलियारी गीत प्रस्तुत किया गया।

### एकलव्य मॉडर्न आवासीय विद्यालय में हुआ शुभम कुमार का चयन

बड़कागांव। प्रखंड अंतर्गत नापो खुर्द पंचायत के डोकाटांड निवासी ढलन साव पत्नी सुशीला देवी के पुत्र शुभम कुमार को भारत सरकार के जनजातीय मंत्रालय के अंतर्गत एकलव्य मॉडर्न आवासीय विद्यालय में पोस्ट ग्रेजुएट शिक्षक के रूप में चयन हुआ है। इनका पोस्टिंग झारखंड के रांची जिले में हुआ है। इस मौके पर राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के प्रदेश मंत्री कुंज बिहारी साव ने मिठाई खिलाकर बधाई दी एवं इनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य राम विलास साहू, जिला अध्यक्ष नंदलाल साहू, जिला उपाध्यक्ष अशोक साव, जिला प्रभारी गणेश प्रसाद गुप्ता, समाजसेवी राजकुमार साव ,हरि साहू, माथुर साहू, तेजू साहू, बोधन साव, सहित साहू समाज के गण मान्य लोग उपस्थित थे।

### कमार्बेडा गांव में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन

चरही। चुरचू प्रखंड के इंद्रा पंचायत अंतर्गत ग्राम इंद्रा टोला कमार्बेडा फुटबॉल मैदान में झरना झारखंड ट्रस्ट के तत्वाधान में अंतरास्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष आनंद सोरेन व संचालन ट्रस्ट के सचिव बिशुन मुर्मू ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि इंद्रा मुखिया राधिका देवी व विशिस्ट अतिथि पूर्व जीप सदस्य अग्नेशिया सांडी पूर्ति , बीस सूत्री अध्यक्ष बालकुमार महतो ,जरबा मुखिया सुनीता देवी , चरही पंसस निरंजन महतो ,झारखंड आदिवासी दलित मंच के संयोजक महालाल हंसदा ,इंद्रा के पूर्व मुखिया दसरथ महतो के द्वारा संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित व फीता काटकर कर किया गया। मौके पर महिलाओं के बीच सौ मीटर रेस , रस्सा कस्सी रेस ,बम ब्लास्ट ,सुई धागा रेस ,घड़ा फोड़ ,बोतल रेस ,चम्मच रेस ,बैलून फोड़ सहित कई प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम ,द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं बच्चियों के द्वारा रंगारंग नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मनीष मुर्मू , धानो मुर्मू ,एहतेसामुल हसन , तस्लीम अंसारी,फागु सोरेन सहित अन्य मौजूद थे।

### विचित्र नवजात शिशु का जन्म चिकित्सक भी हैरान

**विष्णुगढ।** ॐ साईं सेवा सदन में रविवार रात को विचित्र प्रसव हुवा माता रूबी कुमारी ने अजीबोगरीब बच्च को जन्म दिया। बच्चे की आंत पेट के बाहर है। इस नवजात का पिता का नाम संतोष कुमार दास है जो विष्णुगढ़ प्रखंड पंचायत बनासो ग्राम नावाटांड का रहने वाला है। संतोष कुमार दास अपनी पत्नी को प्रसव के लिए लगभग 2 बजे सीएससी विष्णुगढ़ लेकर पत्नी रूबी काफी दर्द महसूस कर रही थी । और बच्चा होने में देरी हो रहा था तो वहां उनके गार्जियन ने एक अल्ट्रासाउंड करने का इच्छा जाहिर कर अल्ट्रासाउंड करने का अनुरोध वहां के चिकित्सकों से किया अल्ट्रासाउंड करा कर देखा तो पता चला कि उसका कोड फंसा हुआ है और नाल बाहर है तो उनके रिश्तेदार ॐ साई सेवा सदन संचालक लक्ष्मी कुमारी के देख रेख में बच्चा को सुरक्षित प्रसव कराया गया नवजात अभी स्वस्थ है। डॉक्टर ने नवजात को तत्काल रेफर करते हुए यह बताया कि यह एक बीमारी है जिसका नाम गैस्ट्रोश्चिसिस है। बहुत रियल केस है लाखों मे एक दो होते हैं । ॐ साई नर्सिंग होम संचालक लक्ष्मी कुमारी ने बताया कि कुछ दिन पहले इसी तरह सीएससी विष्णुगढ़ में हुई थी और दूसरा मेरे यहां बिष्णुगढ़ मे हुई है यह बहुत ही दुर्लभ और बहुत ही विचित्र करने वाली घटनाएं हैं इस तरह का दृश्य देखने के बाद लोग बहुत डर जाते है और माता-पिता का हिम्मत टूटने लगता है माता-पिता के पास पैसा नहीं रहने के कारण बहुत नवजात का मौत हो जाती है इस तरह के अपरेशन में लाखो का खर्च होता है।

### विधायक प्रतिनिधि ने बीडीओ से शिष्टाचार भेंट कर किया स्वागत

दारु (हजारीबाग)। सदर विधायक मनीष जायसवाल के विधायक प्रतिनिधि बलदेव बाबू ने भाजपा प्रतिनिधि मंडल के साथ प्रखंड के नये बीडीओ हारून रासिद से भेंट कर उनका स्वागत किया।प्रखंड के पूर्व के बीडीओ मनीष कुमार का तबादला होने के बाद नये बीडीओ का प्रभार हारून रासिद ने सम्हाला है। विधायक प्रतिनिधि ने बुके और डायरी देकर बीडीओ का स्वागत किया।इस अवसर पर बीडीओ ने कहा की सबके साथ मिलकर प्रखंड का विकास करना है फिलहाल चुनाव का समय है सबका साथ लेकर इसे सफलता पूर्वक पुरा करना है। विधायक प्रतिनिधि के साथ भाजपा नेता अशोक कुशवाहा, विकाश यादव, निरंजन यादव, अजय यादव मोहन कुशवाहा,सहित कई अन्य लोग शामिल थे।

### जनता मजदूर संघ महाप्रबंधक कार्यालय कुजू शाखा कमिटि का गठन

**कुजू।** जनता मजदूर संघ कुजू क्षेत्रीय कमिटि की बैठक सोमवार को नयामोड़ कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय सचिव जगदीश महतो ने किया। बैठक में संगठन की मजबूती पर चर्चा किया गया। बाद में सर्वसम्मति से महाप्रबंधक कार्यालय कुजू शाखा कमिटि का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष झुनकू सिंह, उपाध्यक्ष-अजय कुमार, मो इस्लाम अंसारी, सचिव कंचन सिंह, सह सचिव बबीता कुमारी, जय महतो, उप सचिव विजय मोहाली, घनश्याम करमाली, संगठन मंत्री रोहन महतो, सह संगठन मंत्री राहुल कुमार, जानकी महतो, कोषाध्यक्ष गणेश सिंह, सह कोषाध्यक्ष अरुण कुमार, संतोष कुमार, उप कोषाध्यक्ष सत्य प्रकाश मुंडा, मीडिया प्रभारी सत्य प्रकाश मुंडा, नरेश कुमार का चयन किया गया। जबकि कार्यकारिणी सदस्यो में धनेश्वर महतो, शंकर मांझी, उमेश मुंडा, कृष्णा राम, प्रदीप मुंडा, दीपक कुमार महतो, सुमन देवी, संजीव मनी, मनोज ओझा, मदन महतो,दिव्या बनर्जी , डालेश्वर साव, श्वेता पटेल, कृष्णा पासवान, जसोदा देवी, सकुंवा देवी शामिल है। मौके पर क्षेत्रीय अध्यक्ष उमेश प्रसाद साहू, वेलफेयर सदस्य नंदकिशोर प्रसाद आदि मौजूद थे।

## होली मिलन समारोह का आयोजन



खाद्य सामग्री वितरण के दौरान शामिल लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कुजू।** उज्जवला फाउंडेशन द्वारा सोमवार को होली मिलन समारोह का आयोजन बोंगावार फोरलेन स्थित जेपी रेस्टोरेंट के बैंक्वेट हॉल में किया गया। समारोहक अध्यक्षता फाउंडेशन अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति व संचालन सचिव आशा कुमारी ने किया। समारोह में सदस्यों ने एक दूसरे को अबीर - गुलाल लगाकर होली की बधाइयां दिया। बाद में फाउंडेशन के अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति ने रिफाइन, सरसों तेल, सूजी, बेसन, आटा, मैदा आदि खाद्य सामग्रियों से भरे 105 पैकेट महिलाओं के बीच वितरित किया। मौके पर जगेश्वर प्रजापति ने कहा कि होली पर्व सभी लोगों के लिए खास होता है। इसलिए मेरा प्राथमिकता है कि उनके होली को थोड़ा और बेहतर बनाये जाये, इसके लिए सदस्यों के बीच खाद्य सामग्री का वितरण किया जा रहा है। मौके पर शांति देवी, सुमन देवी, अनीता देवी, वीणा कुमारी, मनसरी देवी, संगीता देवी, गुड़िया बानो, सुनीता देवी, तमन्ना देवी, प्रियंका कुमारी, प्रीति कुमारी, पूनम देवी, सावित्री देवी, सुमित्रा देवी, लक्ष्मी देवी समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### 4 दिनों से लापता सीसीएल कर्मी महिला का शव कुएं से बरामद

**कुजू।** कुजू पुलिस ने सोमवार को करीब एक सप्ताह से लापता सीसीएल कर्मी महिला का शव रतवे के एक कुएं से बरामद किया। पुलिस ने शव को कब्जे में कर अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। जानकारी के अनुसार सोमवार को ग्रामीणों ने की नजर कुएं में तैरते शव पर पड़ा। जिसकी सूचना लोगों ने तुरंत पुलिस को दी। पुलिस पहुंचकर शव को बाहर निकाला। जिसके बाद रतवे निवासी सन्नू कुमार मुंडा ने सीसीएल कर्मी फुआ भानो देवी (52 वर्ष ) पति स्व बिजली मुंडा का पहचान किया। ज्ञात हो कि अपनी फुआ की गुमशुदगी लेकर 16 मार्च को भतीजा सन्नू कुमार मुंडा ने कुजू ओपी में आवेदन दिया था। जिसमें उन्होंने 14 मार्च की सुबह करीब 5:30 बजे से अपनी फुआ को गुमशुदा बताया था।

## सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा में एक दिवसीय इन-हाउस प्रशिक्षण का किया गया आयोजन




कार्यक्रम को सम्बोधित करते प्राचार्य व मौजूद अथिति।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रजरप्पा ।** सरस्वती विद्या मंदिर, रजरप्पा में सीबीएसई के नियमों के अनुसार एक दिवसीय इन-हाउस प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का विषय लैंगिक संवेदनशीलता (जेंडर सेंसिटिविटी)था। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों में विद्यालय में होनी वाली लैंगिक असमानताओं को कैसे समाप्त किया जाए तथा सभी छात्र-छात्राओं के प्रति किस प्रकार समान दृष्टिकोण रखा जाए और उनकी शिक्षण पद्धतियों में नवाचार और सृजनात्मकता को शामिल करने के लिए प्रेरित करना था। प्रशिक्षण सत्र में विषय विशेषज्ञ गोपाल मिस्त्री विश्वकर्मा ने शिक्षकों को छात्र-छात्राओं के बीच के सीखने की प्रक्रिया को अधिक रोचक और प्रभावी बनाने के लिए अपने अनुभव और ज्ञान साझा किया। इसके अलावा, शिक्षकों को छात्रों की विभिन्न शैक्षिक जरूरतों को समझने और उनके अनुसार शिक्षण योजना बनाने के तरीके भी बताए गए।विद्यालय के प्राचार्य उमेश प्रसाद ने इस प्रशिक्षण को शिक्षकों के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन बताया और कहा कि इससे विद्यालय की शिक्षण प्रणाली में गुणात्मक सुधार होगा। उन्होंने आगे कहा कि विद्यालय भविष्य में भी इस तरह के प्रशिक्षण सत्रों का आयोजन करता रहेगा। इस प्रशिक्षण में एसटी एनसी राकेश सहाय, मिथलेश खन्ना, डॉ. गायत्री पाठक, अमरदीप शाहदेव, अनिल कुमार, दुर्गा प्रसाद, ललिता गिरि, शुक्ला चौधरी, शशि कान्त सहित सभी आचार्य एवं दीदी उपस्थित थे।

## कुमार क्लासेस के मार्गदर्शन में देश भगत यूनिवर्सिटी पंजाब ने शिक्षक सम्मान समारोह सह एजुकेशन कॉन्क्लेव का किया आयोजन

# दर्जनों शिक्षक सम्मानित, छात्र-छात्राओं को विभिन्न कोर्सो की दी गई जानकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पटेलनगर भुरकुंडा स्थित कुमार क्लासेस के मार्गदर्शन में देश भगत यूनिवर्सिटी मांडी गोविंदगढ़ पंजाब के तत्वावधान में सोमवार को भदानीनगर क्षेत्र के मेनरोड स्थित राजनंदिनी रेस्टोरेंट एंड पार्क में शिक्षक सम्मान समारोह सह (शिक्षाविदो का समागम) एजुकेशन कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि देश भगत यूनिवर्सिटी के उप कुलपति (व्याइस चांस्लर) डॉ. हर्ष सदावर्ती एवं ओएसडी के अध्यक्ष अमित कुकरेजा ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इसके बाद क्षेत्र के दर्जनों शिक्षकों को अतिथियों ने मोमेंटो देकर सम्मानित किया।



दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथिगण

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. हर्ष सदावर्ती ने देश भगत यूनिवर्सिटी द्वारा कराये जा रहे सभी कोर्सों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया की हमारे यहां 200 से अधिक कोर्स की पढ़ाई होती है। इसके तहत पीएचडी, पोस्ट ग्रेजुएट, अंडर ग्रेजुएट, पीजी डिप्लोमा, डिप्लोमा सर्टिफिकेट, इंजीनियरिंग, पारा मेडिकल, डेंटल साईंस, नर्सिंग, आयुर्वेदा, एग्रीकल्चर, लाइफ साईंस फार्मसी, मीडिया, टीचर ट्रेनिंग, लीगल स्टडी, होटल मैनेजमेंट एवं एयरलाइन टूरिज्म, बिजनेश मैनेजमेंट एंड अकाउंट, डिजाइल एंड फाइन आर्ट्स, कंम्पयूटर साईंस एंड एपलीकेशन, लाइब्रेबी एंड इंफोर्मेशन साईंस, सोशल साईंस, हुमर्नाटिज एंड लैंग्वेजेज सहित रोजगार व स्व-रोजगार के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। श्री सदावर्ती ने वर्तमान समय नये पैटर्न के अनुसार शिक्षा प्राप्त करने की अपील की। वहीं विशिष्ट अतिथि अमित कुकरेजा ने भी बच्चों को शिक्षा के प्रति मोटिवेट करते हुए कई महत्वपूर्ण कोर्सों की जानकारी दी। कुमार क्लासेस के निदेशक संतोष कुमार ने कहा की इस तरह के आयोजन से शिक्षकों का समाज में प्रतिष्ठा बढ़ेगा। उन्होंने बच्चों को 10वीं एवं 12वीं के बाद के कार्सो की जानकारी दी। यूनिवर्सिटी के झारखंड एडमिशन इंचार्ज दिनेश सिंह भी कई महत्वपूर्ण जानकारियां साक्षा की। मंच संचालन करियर काउंस्लिंग बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. एसएन सिंह ने किया। धन्यवाद ज्ञापन कुमार क्लासेस के निदेशक संतोष कुमार ने किया। मौके पर विश्वनाथ कुमार, शिव शंकर पांडेय, जानकी ठाकुर, बैजनाथ कुमार, जितेंद्र कुमार आजाद सहित दर्जनों छात्र-छात्राएं मौजूद थें।

**ये शिक्षक हुए सम्मानित**

सम्मानित होने वाले शिक्षको में प्रो. एनके सिंह, सौंदा पब्लिक स्कूल के प्राचार्य अमित कुमार साहू, बेस स्पोकेन इंग्लिश इंस्टीच्युट के डायरेक्टर जेएन प्रसाद, एमके साहु, एस्पयार कोचिंग सेंटर के को-ऑडिनेटर सह अंग्रेजी शिक्षक नितेश सिंह, एसएसी कोचिंग के निदेशक अवधेश कुमार सिंह, डॉन बास्को एकाडमी के निदेशक अंगद राय, दीपक मुखर्जी, अजीत सिंह, बृजमोहन प्रसाद, उमेश सिंह, पीसीआई के प्रकाश कुमार, शक्ति सिंह, विकास कुमार सहित दर्जनों शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल थें।

### आदर्श आचार संहिता को लेकर उपायुक्त ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

# चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करें : जिला निर्वाचन पदाधिकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में आदर्श आचार संहिता को लेकर मान्यता प्राप्त (राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय) राजनीतिक के प्रतिनिधि के साथ बैठक की। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने बताया कि चुनाव आयोग ने शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और स्वतंत्र रूप से चुनाव सम्पन्न कराने के लिए आदर्श आचार संहिता लागू किया है। उन्होंने आचार संहिता की जानकारी देने के साथ कहा कि किसी भी प्रकार आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन न किया जाए। इसके निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित हो। यदि इससे सम्बंधित कोई जानकारी प्राप्त करनी हो तो चुनाव कार्यालय से अथवा सम्बंधित अधिकारियों से सम्पर्क कर किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों से 100 मीटर की दूरी के अंदर प्रचार करना पूर्णतया प्रतिबंध रहेगा। साथ ही मतदान समाप्त होने के लिए नियत घंटे के साथ समाप्त होने वाले 48 घंटों के अवधि के दौरान सार्वजनिक बैठक आयोजित करने पर रोक रहेगी। उन्होंने कहा कि कोई भी राजनीतिक दल या अभ्यर्थी अपने अनुयायियों को किसी भी व्यक्ति की अनुमति के बिना उसकी भूमि, भवन, परिसर की दीवारों इत्यादि पर झंडा लगाने, बैनर लटकाने, सूचना चिपकाने,



नारा लिखने इत्यादि की अनुमति नहीं देगा। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता के अंतर्गत वाहनों और बैठकों में लाउडस्पीकर का प्रयोग करने की अनुमति सुबह 6 बजे से लेकर रात 10 बजे तक ही दी जाएगी। इसके बाद आचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने पार्टी कार्यकर्ताओं/समर्थकों के आवास पर व वाहनों पर झंडे लगाने से संबंधित जरूरी जानकारी दी।

**सी-विजिल व सुविधा एप्प की दी गयी जानकारी :** जिला सूचना विज्ञान अधिकारी सुभाष यादव द्वारा सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को सी-विजिल व सुविधा एप्प की जानकारी दिया गया। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता का उल्लघंन से संबंधित विडियो/फोटो/ऑडियो के माध्यम से सी-विजिल एप्प पर शिकायत दर्ज कर सकते हैं, जिस पर एफ़एसटी की टीम के द्वारा उस शिकायत पर त्वरित रूप से कार्रवाई किया जायेगा। उन्होंने सभी राजनीतिक प्रतिनिधियों को चुनाव के दौरान सभा, जुलूस, रैली, बैठक इत्यादि के लिए अनुमति देने के लिए सुविधा एप्प की जानकारी दिया। उन्होंने कहा कि लिंक के माध्यम से अनुमति के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं, इसके लिए अनुमंडल कार्यालय में टीम गठित किया है, जो आप लोगों को सुविधा एप्प पर किये गये ऑनलाइन आवेदन की मॉनिटरिंग करेंगे और एप्प के बारे में जानकारी दिया जायेगा।

**सोशल मीडिया पर विशेष रहेगी निगरानी :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया कि आदर्श आचार संहिता का उल्लघंन न हो, इसके लिए सोशल मीडिया सेल का गठन किया गया है। इसके माध्यम से सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। एसडीपीओ के नेतृत्व में सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। बैठक में एसडीओ रिया सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस कुजूर, एसडीपीओ जीतवाहन उरांव, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, डीएसपी पुरूषोत्तम कुमार सिंह समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि एवं अन्य मौजूद थे।

## आचार संहिता लागू...रहेंगे ये प्रतिबंध, इन बातों का जरूर रखें ध्यान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** लोकसभा आम चुनाव 2024 की घोषणा के साथ ही चतरा और सिमरिया अनुमंडल में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। निष्पक्ष चुनाव के लिए धारा 144 लागू की गई है, जिसके तहत बिना अनुमति के सार्वजनिक स्थानों पर जुलूस, रैली या धरना नहीं दिया जा सकेगा, कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का हथियार नहीं रख सकेगा और रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग वर्जित रहेगा। सरकारी संपत्ति पर नारा लिखना, पोस्टर चिपकाना, झंडा लगाना, होर्डिंग लगाना और तोरण द्वार लगाना प्रतिबंधित है।

किसी भी व्यक्तिगत संपत्ति पर बिना मालिक की अनुमति के नारा लिखना, पोस्टर चिपकाना, झंडा लगाना, होर्डिंग लगाना आदि




प्रतिबंधित है। पाँच या उससे अधिक व्यक्ति का किसी भी स्थान पर एकत्रित होना प्रतिबंधित रहेगा। कोई भी व्यक्ति/ राजनीतिक दल/ संगठन/ उम्मीदवार/ अभ्यर्थी ऐसे किसी प्रकार का पोस्टर, पर्चा, आलेख, फोटो आदि का प्रयोग नहीं करेंगे, जो किसी व्यक्ति/ समुदाय/ धर्म/ जाति की भावनाओं को आहत करता हो। किसी भी व्यक्ति, राजनीतिक दल या संगठन को सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी या विधि-विरूद्ध संदेश का प्रयोग नहीं करना चाहिए जिससे किसी की भावनाएँ आहत हों या आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन हो। सरकारी स्वामित्व वाले गेस्ट हाउस, भवन का कोई भी हिस्सा किसी भी राजनीतिक गतिविधियों/ सभा/ बैठक के लिए उपयोग नहीं किया जायेगा। कोई भी पार्टी अपना अस्थाई कार्यालय धार्मिक स्थल, शिक्षण संस्थान एवं मतदान केन्द्र के 200 मीटर के अन्दर नहीं करेंगे।

## अयोग्य लोगों को आवास आवंटित करने का आरोप

**चतरा।** झारखंड सरकार ने आवास योजना के तहत योग्य लाभुकों को आवास मुहैया कराने के लिए अभियान चलाया था, लेकिन चतरा जिले के विभिन्न प्रखंडों में अयोग्य लोगों को आवास आवंटित किए जाने का आरोप लग रहा है। कान्हाचट्टी प्रखंड में ऐसे कई मामले सामने आए हैं जहां जिन लोगों के पास पहले से ही आवास है या जिनके पति या पत्नी को पहले आवास मिल चुका है, उन्हें फिर से अबुआ आवास योजना का लाभ दिया जा रहा है। इसके अलावा, कुछ पंचायतों में अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित आवास सामान्य जाति या अनुसूचित जाति के लोगों को आवंटित किए गए हैं। जमरी बक्सपुरा पंचायत के मुखिया ने पंचायत सचिव और स्वयंसेवकों पर मनमानी का आरोप लगाते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी को पत्र लिखा है और कार्रवाई की मांग की है।

## चतरा में स्थानीय सांसद, रोजगार व शिक्षा की मुद्दे पर वोट करेंगे लोग




**पंकज सिंह**

**चतरा।** चतरा संसदीय क्षेत्र में इस बार के चुनाव में स्थानीय सांसद, रोजगार, शिक्षा और भूमि विवाद की समस्याएं प्रमुख मुद्दे हैं। चतरा लोकसभा क्षेत्र खनिज संपदा से भरपूर है, लेकिन अभी तक यहां एक भी उद्योग स्थापित नहीं हो सका है, जिससे बेरोजगार और मजदूर रोजगार की तलाश में दूसरे राज्यों में पलायन करने को मजबूर हैं। चतरा लोकसभा क्षेत्र में आज तक कोई भी स्थानीय व्यक्ति सांसद नहीं बन सका है, जिसके कारण सांसद बनने के बाद उनका दर्शन दुर्लभ हो जाता है और उन पर क्षेत्र से गायब रहने का आरोप लगता है। शिक्षा के मामले में भी यह इलाका पूरी तरह पिछड़ा हुआ है। भूमि सर्वेक्षण में अनियमितता और भूमि विवाद इस पूरे इलाके के मुख्य मुद्दे हैं, लेकिन इन मुद्दों पर जन प्रतिनिधियों द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाता है। चतरा संसदीय क्षेत्र के लोग इस बार स्थानीयता को मुद्दा बनाकर चुनाव लड़ रहे हैं क्योंकि उनका मानना है कि बाहरी सांसदों ने क्षेत्र के विकास पर ध्यान नहीं दिया है।

क्षेत्र में खनिज संपदा प्रचुर मात्रा में है, लेकिन इसका दोहन ही हुआ है, जिससे यह क्षेत्र समृद्ध नहीं हो पाया है। शिक्षा और रोजगार की समस्या भी विकराल है। भूमि विवाद का मुद्दा भी गंभीर है, लेकिन जनप्रतिनिधि इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

## भूमि विवाद को लेकर दो गुटों के बीच हिंसक झड़प

**चतरा।** शहर में पुराने भूमि विवाद को लेकर दो गुटों के बीच हिंसक झड़प हुई, जिसमें जमकर लाठी-डंडे चले और एक-दूसरे पर धारदार हथियारों से भी हमला किया गया। वर्षों से संचालित मोबाइल और जनरल स्टोर में तोड़फोड़ और क्षतिग्रस्त कर लूटपाट का आरोप है। मारपीट की घटना में दोनों पक्षों के आधा दर्जन लोग घायल हो गए। यह घटना शहर के न्यू बस स्टैंड की है। घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## मतदाता शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं स्वीप के संयुक्त तत्वाान में मतदाता शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत महाविद्यालय के स्वीप ब्रांड एम्बेसडर मो. सम्मीउल्ला ने सभी प्रशिक्षुओं एवं महाविद्यालय सदस्यों को आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान करने का आग्रह किया। इस




अवसर पर उपस्थित सभी प्रशिक्षुओं एवं महाविद्यालय के सदस्यों को मतदाता शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम में महाविद्यालय की उप निदेशिका डॉ. संजीता कुमारी ने कहा कि मतदान लोकतंत्र की महापर्व है। हमें दृढ़ संकल्पित होकर आगामी लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मताधिकार का प्रयोग करने के लिए समाज में नित्य दिन जागरुकता लाने की आवश्यकता है।

## सड़क दुघर्टना में युवक घायल, रेफर

**टंडवा।** टंडवा बाजार से लौट रहे राय बस्ती निवासी टेकलाल महतो की टंडवा पिपरवार मुख्य सड़क के बसरिया मोड़ समीप मोटरसाइकिल और हाइवा के बीच भिड़ंत हो गई, जिससे मोटरसाइकिल सवार युवक बुरी तरह घायल हो गया। घटना के तुरंत बाद आनन फानन में उन्हें टंडवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हजारीबाग सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### लोकसभा चुनाव को लेकर धारा-144 के अंतर्गत निषेधाज्ञा लागू

# घोषणा तिथि से ही आदर्श आचार संहिता प्रभावी : रिया सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोक सभा आम निर्वाचन 2024 की घोषणा 16 मार्च 2024 को कर दिया गया है। घोषणा तिथि से ही आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। इस अवधि में विभिन्न राजनैतिक दलों तथा प्रत्याशियों द्वारा चुनाव प्रचार हेतु जन-सभा/जुलूस का आयोजन किया जाएगा। जन सभा एवं जुलूस में राजनैतिक प्रतिद्वंदिता एवं प्रतिस्पर्धा के कारण शस्त्र एवं शक्ति प्रदर्शन कर मतदाताओं को प्रभावित/ आंतकित किये जाने तथा विधि-व्यवस्था भंग होने की आशंका बनी रहती है। इसके अतिरिक्त मतदाताओं को डराने, धमकाने, जातीय, साम्प्रदायिक तथा धार्मिक विद्वेष की भावना फैलाने के लिए आवंछित/असामाजिक तत्वों के सक्रिय होने के कारण विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हो सकती है, जिसके कारण लोक शांति भंग हो सकती है। इसे लेकर एसडीओ रिया सिंह द्वारा निष्पक्ष चुनाव के लिए स्वस्थ और शांतिपूर्ण माहौल बनाये रखने के लिए चुनाव प्रक्रिया की समाप्ति होने अथवा अधिकतम 60 दिनों तक (जो भी पहले हो) दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा-144 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कोडरमा अनुमंडल के संपूर्ण क्षेत्र में अंतर्गत निषेधाज्ञा जारी किया गया है।

1. किसी भी व्यक्ति/राजनैतिक दल/संगठन/उम्मीदवार/अभ्यर्थी द्वारा राजनैतिक प्रयोजन से संबांित किसी भी प्रकार की सभा, जुलूस, धरना या किसी भी प्रकार का प्रदर्शन बिना सक्षम पदाधिकारी के पुर्वानुमति के आयोजित नहीं किया जाएगा। जुलूस में किसी भी व्यक्ति के पास किसी भी प्रकार का धारदार हथियार (अस्त्र एवं शस्त्र) जो मानव शरीर के लिए घातक हो, को लेकर चलने पर प्रतिबंध रहेगा।

2. झारखण्ड कंट्रोल ऑफ द यूज एंड प्ले ऑफ लाउड स्पीकर एक्ट 1955 के अन्तर्गत ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग 6 प्रातः से रात्रि 10 बजे तक ही करेंगे।

3. किसी सार्वजनिक/सरकारी सम्पत्ति पर नारा लिखना, पोस्टर/पम्पलेट चिपकाना, पार्टी विशेष का झण्डा लगाना, सार्वजनिक सड़कों पर बैनर लगाना, होर्डिंग लगाना एवं तोरण द्वार लगाने पर प्रतिबंध लगाया जाता है। उक्त प्रतिबंध का उल्लंघन करने पर संबंधित व्यक्तियों पर प्रीवेंशन ऑफ डीफेसमेंट ऑफ प्राप्टी एक्ट 1987 के सुसंगत प्रावधानों के तहत् कार्रवाई की जायेगी।

4.किसी भी व्यक्तिगत सम्पत्ति पर बिना सम्पत्ति मालिक की लिखित अनुमति के नारा लिखना, पोस्टर, पम्फलेट चिपकाना, पार्टी विशेष का झण्डा लगाना तथा होर्डिंग लगाना



प्रतिबंधित किया गया है।

5. भारतीय दण्ड संहिता में परिभाषित किसी भी अपराध करने तथा शांति भंग करने के उद्देश्य से पांच या उससे अधिक व्यक्ति किसी भी स्थान पर एकत्रित नहीं होंगे।

6. कोई भी व्यक्ति/राजनैतिक दल/संगठन/उम्मीदवार/अभ्यर्थी ऐसे किसी प्रकार का पोस्टर, पर्चा, आलेख, फोटो का प्रयोग नहीं करेगा जो किसी किसी व्यक्ति/समुदाय/धर्म/जाति की भावनाओं को आहत करता हो, तथा इससे आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होता हो।

7. कोई भी व्यक्ति अथवा राजनैतिक दल या संगठन, उम्मीदवार/अभ्यर्थी किसी व्यक्ति विशेष के विरूद्ध ऐसे किसी आपत्तिजनक टिप्पणी, विधि-विरूद्ध संदेश का प्रयोग व्हाट्सऐप/ फेसबुक/ ट्विटर/ इंस्टाग्राम अथवा सोशल मिडिया पर या किसी भी तंत्र पर नहीं करेंगे, जिससे किसी की व्यक्तिगत/ मानसिक/ धार्मिक/ जातीय भावनाएं आहत होती हो तथा जिससे चुनाव संबंधी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होता हो। उक्त का उल्लंघन करने की स्थिति में संबंधितों पर सुसंगत प्रावाानों के तहत् कार्रवाई की जायेगी।

8. कोई भी व्यक्ति/राजनैतिक दल/संगठन/उम्मीदवार/अभ्यर्थी किसी धार्मिक स्थल का प्रयोग राजनैतिक प्रचार के लिए नहीं करेंगे एवं साम्प्रदायिक भावना को भड़काने का कार्य नहीं करेंगे।

9. कोई भी व्यक्ति/राजनैतिक दल/संगठन/उम्मीदवार/अभ्यर्थी मतदाताओं को डराने, धमकाने का कार्य नहीं करेंगे और न ही किसी भी मतदाता को प्रलोभन में लाने का प्रयास करेंगे।

10.सरकारी स्वामित्व वाले गेस्ट हाउस, भवन का कोई भी हिस्सा किसी भी राजनैतिक गतिविधियों/ सभा/ बैठक के लिए उपयोग नहीं किया जायेगा।

11. किसी राजनैतिक दल अथवा अभ्यर्थी अथवा अन्य किसी व्यक्ति द्वारा ऐसा कोई कार्य नहीं किया जायेगा, जिससे विभिन्न जातियों या धार्मिक या भाषाई समुदायों के बीच घृणा की भावना उत्पन्न हो।

12. कोई भी व्यक्ति/राजनैतिक दल/संगठन/उम्मीदवार/अभ्यर्थी किसी भी प्रकार का लाईसेंन्सड हथियार लेकर नहीं चलेगा एवं आग्नेयास्त्र, तीर-धनुष, लाठी, भाला एवं मानव शरीर के लिए अन्य घातक हथियार का प्रदर्शन नहीं करेगा। परन्तु उल्लेखनीय है कि यह आदेश परम्परागत रूप से शस्त्र धारण करने वाले समुदाय (नेपालियों द्वारा खुखरी धारण करने तथा सिखों द्वारा पाण धारण करने), विधि-व्यवस्था एवं निर्वाचन कर्त्तव्य पर लगे दण्डधिकारियों/ निर्वाचन कर्मियों और पुलिस पदाधिकारियों पर यह लागू नहीं रहेगा। यह आदेश जिला दण्डाधिकारी द्वारा 08-रांची, लोक सभा चुनाव के अवसर पर निर्गत किये जाने वाले आदेश के आलोक में निर्दिष्ट स्थान पर शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों द्वारा शस्त्र निरीक्षण कराने एवं शस्त्र जमा करने हेतु शस्त्र ले जाने वाले अनुज्ञप्तिधारियों पर शिथिल रहेगा।

14.किसी भी व्यक्ति/राजनैतिक दल/संगठन/उम्मीदवार/अभ्यर्थी द्वारा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आदर्श आचार संहिता के संदर्भ में समय-समय पर जारी दिशा-निर्देश के विपरीत कोई भी कार्य नहीं किया जायेगा।

15.यह आदेश पूर्वानुमति प्राप्त सभा/जुलूस/शादी/बारात पार्टी/ शवयात्रा/ हाट-बाजार/ अस्पताल जा रहे मरीज के साथ-साथ जा रहे व्यक्तियों, विद्यालय एवं महाविद्यालय जाने वाले छात्र/ छात्राओं एवं कर्तव्य पर तैनात सरकारी कर्मचारी/पुलिस बल पर लागू नहीं रहेगा।

## जमीन विवाद को लेकर दो गुटों में हिंसक झड़प, कई घायल

**चतरा।** शहर में पुराने जमीन विवाद को लेकर दो गुटों में हिंसक झड़प हो गई, जिसमें दोनों पक्षों के लोगों ने एक-दूसरे पर जमकर लाठी-डंडे बरसाए और धारदार हथियार से भी हमला किया। इस घटना में मोबाइल और जनरल स्टोर में भी तोड़फोड़ की गई और लूटपाट की गई। घटना सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत शहर के न्यू बस स्टैंड की है, जहाँ दुकान के सामने बालू गिराने से मना करने पर नाराज युवक ने अपने परिजनों के साथ मिलकर यह हमला किया। दोनों पक्षों के लोग देवरिया गाँव के रहने वाले हैं और घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बिनोद पांडे और उनके परिजन न्यू बस स्टैंड परिसर में कई सालों से मोबाइल और जनरल स्टोर चलाते हैं और उनके गाँव के ही जमीन कारोबारी बीरू पांडे द्वारा दुकान के सामने बालू गिराया जा रहा था। जब बिनोद पांडे और उनके परिजनों ने बालू गिराने से रोका तो बीरू पांडे उलझ गया और देखते ही देखते मामला इतना बढ़ गया कि बीरू पांडे ने अपने परिजनों के साथ मिलकर विनोद पांडे और उसके परिजनों पर हमला कर दिया। इसके बाद विनोद पांडे और उसके परिजनों ने भी बीरू और उसके परिजनों की पिटाई कर दी।

### एक नजर में

## सड़क दुर्घटनाओं पर एटक सह भाजपा नेता ने चिंता व्यक्त की

**चतरा।** सिमरिया टंडवा रोड पर लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं पर एटक सह भाजपा नेता बिनोद बिहारी पासवान ने चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि कोयलांचल खुलने के बाद से दुर्घटनाओं में काफी वृद्धि हुई है, जो दिल को झकझोर देने वाली है। दुर्घटनाओं को रोकने के लिए एकमात्र उपाय है कि अति शीघ्र फोर लेन सड़क का निर्माण किया जाए। फोर लेन सड़क के निर्माण से दो लेन में केवल कोयले की ढुलाई होगी और दो लेन में आम जनता का आवागमन हो सकेगा। फोर लेन सड़क का निर्माण टंडवा से डोभी तक तथा दूसरा सिमरिया से हजारीबाग तक होना चाहिए।

## आईआरएसएम बैडमिंटन चैंपियनशिप का हुआ समापन

**टंडवा।** ईआर-2 आईआरएसएम बैडमिंटन 2024 टीम चैंपियनशिप का समापन रोमांचक फाइनल के साथ हुआ, जिसमें एनटीपीसी कनिहा ने पुरुष टीम चैंपियनशिप में एनटीपीसी बोंगाईगांव को 3-2 से हराया और एनटीपीसी बोंगाईगांव ने महिला टीम चैंपियनशिप में एनटीपीसी नॉर्थ करनपुरा को 2-1 से हराया। टूनामेंट में सभी टीमों ने असाधारण प्रतिभा और खेल कौशल का प्रदर्शन किया, जिससे मैचों में कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। एनटीपीसी कनिहा और एनटीपीसी बोंगाईगांव की जीत उनके समर्पण और कौशल का प्रमाण है, और पूरे टूनामेंट में सभी टीमों के उल्लेखनीय प्रदर्शन की सराहना की जानी चाहिए। ईआर-2 आईआरएसएम बैडमिंटन 2024 टीम चैंपियनशिप ने उत्कृष्ट प्रतिभा और प्रतिस्पर्धी भावना का प्रदर्शन किया, जो सभी भाग लेने वाली टीमों के समर्पण और कौशल को उजागर करता है।

## राज इंटरनेशनल स्कूल में माताओं को सम्मान देकर मनाया महिला दिवस

**कोडरमा।** जिला स्थित राज इंटरनेशनल स्कूल में एक अनोखी पहल के माध्यम से विद्यालय के छात्र-छात्राओं की माताओं को सम्मान देकर महिला दिवस मनाया गया। 3 मार्च को नारी शक्ति पुरस्कार से सम्मानित विद्यालय की निदेशिका संपा सिंह ने कहा था कि पुरस्कार सारी माताओं तथा हमारे विद्यालय की सारी शिक्षिका को समर्पित है। कार्यक्रम की शुरुवात सभी माताओं को बैच पहनाकर एवं तिलक लगाकर किया गया। वहीं विद्यालय की शिक्षिका ने स्वागत गीत तथा महिलाओं से सम्बंधित वक्तव्य से माताओं तथा मुख्य अतिथियों का स्वागत किया। वहीं माताओं के लिए अलग अलग खेल का आयोजन किया गया था। वहीं विजेताओं को निदेशिका संपा सिंह ने ताज तथा सैश पहनाकर उनका सम्मानित किया। वहीं उन्होंने कहा कि हर महिला की सफलता दूसरी महिला के लिए प्रेरणा होनी चाहिए। जब हम एक-दूसरे का हौसला बढ़ाते हैं तो हम सबसे मजबूत होते हैं। बहुत सारी महिलाएं ऐसी भी है जो घर की जिम्मेवारी के साथ-साथ कई क्षेत्रों में देश की तरक्की में बहुमूल्य योगदान दे रहे हैं। वहीं अनीता सिंह, दलजीत कौर, शिवानी भारती को विद्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रशंसनीय प्रमाण पत्र देकर सम्मनित किया गया। मौके पर विनीता सिंह, कोमल घोष, ऋतु लाल तथा विद्यालय की शिक्षिकाएं समेत छात्र-छात्राएं मौजुद थे।

## वाहन जांच के दौरान बाइक समेत अंग्रेजी व देशी शराब जप्त

**सतगावां (कोडरमा)।** थाना प्रभारी विजय गुप्ता के निर्देश पर रविवार देर शाम में मुख्य मार्ग सिहास के समीप वाहन जांच के दौरान एएसआई दिनेश मुर्मू ने बाइक समेत अंग्रेजी व देशी शराब को जप्त कर थाना लाया। इस संबां में थाना प्रभारी ने बताया कि काले रंग की बिना नंबर के अपाची बाइक से इम्पेरियल ब्लू कंपनी का 750 एमएल का दो बोतल, गॉड फादर कंपनी का 12 पीस केन वीयर तथा देशी महुआ शराब के आठ पाउच करीब 32 लीटर शराब जप्त किया गया है। वहीं उन्होंने कहा कि बाइक चालक अंधेरे व जंगल का लाभ उठा कर भागने में सफल रहा। जांच के दौरान एएसआई दिनेश मुर्मू, जवान सुनील कुमार समेत कई जवान मौजूद थे।

## कोडरमा थाना परिसर में होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

**कोडरमा।** थाना परिसर में होली पर्व को लेकर सीओ गिरेंद्र टूटी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक की गई। वहीं बैठक का संचालन थाना प्रभारी सुजीत कुमार ने किया। वहीं सीओ ने कहा कि होली का त्योहार आपसी भाईचारे के साथ मनाएं, डीजे रात्रि 10 बजे तक धीमी आवाज में ही बजाएं, अगर किसी तरह का शिकायत मिली तो डीजे को जब्त करते हुए संचालक पर कार्यवाई की जाएगी। वहीं थाना प्रभारी ने कहा कि हुड़दंगियों पर विशेष ध्यान रखा जाएगा, नियमित पेट्रोलिंग की जाएगी। मौके पर मनोज कुमार झुन्नू, महेंद्र यादव, बिरेंद्र सिंह, अजय पांडेय, विजय सिंह, दिनेश सिंह, सुजीत कुमार, प्रकाश रजक, विजय यादव, साजिद हुसैन लल्लू, मो मुबारक, गोपाल कुमार गुतुल, राजू सिंह, खिरू यादव, सिकंदर दास, मो.अली, नबील्लाह, अनीता देवी, उमा देवी, अनीता देवी समेत कई लोग मौजूद थे।

## बाइक व ट्रैकटर की टक्कर में महिला समेत तीन घायल, एक रेफर

**सतगावां (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत पेट्रो जलप्रपात मार्ग स्थित मोटकी कहुआ के समीप सोमवार को बाइक व ट्रैक्टर की टक्कर में महिला समेत तीन लोग घायल हो गए। वहीं घायलों को आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार किया गया। वहीं एक व्यक्ति की गंभीर स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार कोठियार के खजुरिया निवासी बिजय राय बाइक पर सवार होकर अपनी 30 वर्षीय पुत्री गुड़िया देवी व 7 वर्षीय नाती रंजन कुमार के साथ बासोडीह बाजार से अपने घर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान अचानक पेट्रो जलप्रपात मार्ग के मोटकी कहुआ के समीप विपरीत दिशा से आ रही ट्रैक्टर के चपेट में आ गए, जिससे बाइक पर सवार सभी लोग घायल हो गए। उक्त ट्रैक्टर ग्राम टेहरो निवासी का बताया जा रहा है।

## होली मिलन समारोह का आयोजन

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत अस्पताल रोड मोदी बर्णवाल धर्मशाला में मोदी बर्णवाल समाज के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अहिबरन महराजा जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में मोदी बर्णवाल समाज के सैकड़ों लोगों ने शामिल होकर सामारोह को होलीनुमा बना दिया, साथ ही कार्यक्रम को रंगारंग रुप देकर लोगों ने आपस में खुशियां बांटी। कार्यक्रम में होली गीत के साथ झूमे और लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाया। इस दौरान छोटो ने बड़ो से आशीर्वाद लिया, वहीं साथियों ने गले लगाकर एक दूसरे को होली की बधाई दी। मौके पर पूर्व प्रखंड प्रमुख सावित्री देवी ने कहा कि होली भाईचारे का त्योहार है। इस अवसर पर गोबिंद मोदी, चंदन मोदी, राहुल रंजन, अमित कुमार, राहुल मोदी, सुमन कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

## पेट्रोलिंग की मांग

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत गाांी स्कूल-गुमो रोड़ स्थित पुलिया के आसपास पिछले कुछ दिनों से लगातार असामाजिक तत्वों का जमावड़ा एवं राहगीरों पर अचानक हमला करने की घटनाएं लगातार सामने आ रही है। मामले को लेकर गुमो निवासी राजेंद्र तिवारी के द्वारा तिलैया थाना में आवेदन देकर घटना की शिकायत की है। उन्होंने बताया कि उक्त रोड से घर जाने के दौरान कुछ असामाजिक तत्वों ने उनके ऊपर किरासन तेल छिड़क कर आग लगाने का प्रयास किया। मगर वह किसी तरह वहां से भाग कर अपनी जान बचाई और गांव वालों को इसकी सूचना दी।


# मानव कौल के नाटक के साथ मना आठवां भोजपुरी नाट्य उत्सव

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** भोजपुरी रंगमंच को समर्पित नाट्य संस्था, नई दिल्ली द्वारा संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से और सिंहभूम जिला हिन्दी साहित्य सम्मेलन एवं सुग्गा वेंचर्स प्रा लि के विशेष सहयोग से 8 वें भोजपुरी नाट्य महोत्सव के तीसरे और आखिरी दिन सबसे पहले तुलसी भवन के न्यासी अरुण कुमार तिवारी, राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ के महानगर कार्यवाह रवींद्र नारायण सिंह, वरिष्ठ पत्रकार देवानंद सिंह, तुलसी भवन के मानद महासचिव प्रसेनजित तिवारी ने आगन्तुक अतिथि कलाकारों को अंगवस्त्र, पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया।



भोजपुर रंगमंच द्वारा आयोजित भोजपुरी नाटक का एक दृश्य।



तत्पश्चात रंगश्री के कलाकारों ने मानव कौल कृत हिन्दी नाटक पार्क का भोजपुरी में जोरदार मंचन किया। इसका भोजपुरी अनुवाद और निर्देशन रंगश्री के संस्थापक महेन्द्र सिंह ने किया। इस हास्य व्यंग्य नाटक के माध्यम से कई सारी समस्याओं पर प्रहार किया गया है जिसमें शामिल है विस्थापन की समस्या, जातिवाद व क्षेत्रवाद का बोलबाला, धर्म के नाम पर भेदभाव और लोगों बढ़ने वाला अंधविश्वास और इन सारी समस्याओं से जूझता बेचारा जीनियस आम आदमी जो दिशाहीन और किंकर्तव्यविमूढ़ है।

रंगश्री ने इस महोत्सव में तीन मूल भोजपुरी नाटकों के अलावे दो नाटकों का भोजपुरी अनुवाद भी प्रस्तुत किया गया। इस तरह रंगश्री ने एक बांग्ला और दूसरा हिन्दी नाटक का भोजपुरी अनुवाद कर भोजपुरी रंगमंच को सशक्त करने के साथ साथ भोजपुरी नाट्य साहित्य को भी समृद्ध करने का प्रयास किया है। आज के नाटक में उदय की भूमिका में प्रभात रंजन, मदन की भूमिका में सौमित्र वर्मा तो वहीं नरेश की भूमिका में अखिलेश पांडेय ने अपने सशक्त अभिनय से दर्शकों को खूब हंसाया। लाइट पर थे अशोक यादव और म्यूजिक पर रूस्तम कुमार वहीं स्टेज क्राफ्ट रविकांत, धीरज एवं मुन्ना कुमार ने किया।

## स्पीड न्यूज

### आडवाणी को भारत रत्न मिलने पर खुशी व्यक्त

**जमशेदपुर।** देश के पूर्व उप-प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भारत सरकार द्वारा भारत रत्न देने की घोषणा का बंगाली महिला सर्वदलीय जन एकता मंच ने खुशी व्यक्त की है। इसके लिए आज मंच की एक बैठक कदमा अशोक पथ स्थित आरती प्रसाद के आवास पर आयोजित की गई थी जिसमें शिल्पा नामता, गायत्री नामता, कस्तुरी देवी, आरती प्रसाद, साधना चक्रवर्ती समेत कई लोग उपस्थित थे।

### मुखिया के चचेरे भाई की गड्ढे में डूबकर मौत

**चांडिल।** चांडिल थाना क्षेत्र के रसुनिया के पास बने तालाबनुमा गड्ढे में डूबने से 31 वर्षीय युवक थुमू मांझी की मौत हो गयी। मृतक रसुनिया पंचायत के मुखिया मंगल मांझी के चचेरा भाई था। रविवार देर शाम ग्रामीणों ने पानी भरे गड्ढे में युवक का शव को देखा था, लेकिन अंधेरा व बारिश के कारण शव की शिनाख्त नहीं हो पायी थी। मुखिया ने बताया कि रविवार की शाम वह शौच के लिए गया था, वह मिर्गी बीमारी से भी ग्रसित था तथा उसका स्थानीय कविराज से इलाज भी चल रहा था। सोमवार की सुबह घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पहुंचकर मामले की छानबीन की तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए सरायकेला सदर अस्पताल भेज दिया। थाना प्रभारी वरूण यादव ने बताया कि पुलिस मामले की छानबीन कर रही है तथा इस सबंध में यूडी केस दर्ज हुआ है। पोस्टमार्टम रिर्पोट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### झारखंड में डबल इंजन की सरकार बनानी है



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर भारतीय जनता युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अमित अग्रवाल जी ने आज प्रेस रिलीज जारी कर अपनी बातों को रखते हुए कहा कि पिछले दिनों जेएससीसी सीजीएल की परीक्षा आयोजित की गई थी, उस समय पेपर लीक होने के कारण परीक्षा रद्द किया गया। रविवार को जेपीएससी द्वारा आयोजित परीक्षा के दौरान जिस प्रकार से पेपर लीक हुआ उससे स्पष्ट है कि झारखंड सरकार ने जेएससीसी की तरह जेपीएससी को भी पैसा कमाने का जरिया बना दिया है। अब जल्द ही झारखंड से इन भ्रष्टाचारियों को भगाना है, डबल इंजन की भाजपा सरकार बनाना है।

### औद्योगिक क्षेत्र में रात्रि पाली की डयूटी बंद

**गम्हरिया।** सरायकेला तथा प0 बंगाल के बांकुड़ा की रेस्क्यू टीम की ओर से विगत दो दिनों से किए जा रहे प्रयास के बावजूद तेंदुआ अभी तक पकड़ा नहीं जा सका है। इससे औद्योगिक क्षेत्र के उद्यमियों समेत आसपास की बस्तियों में रहने वाले लोगों में दहशत का माहौल उत्पन्न हो गया है। तेंदुआ के भय से कई कंपनियों में मजदूरों को छुट्टी दे दी गई है जिससे उन्हें लाखों का नुकसान हो रहा है। तेंदुआ द्वारा बार-बार लोकेशन बदल लिए जाने से रेस्क्यू टीम को भी काफी परेशानियां झेलनी पड़ रही है। विदित है कि सबसे पहले तेंदुआ औद्योगिक क्षेत्र गम्हरिया के छठे फेज में स्थित आरएसबी कंपनी के प्लान्ट एक मे रविवार को सुबह करीब साढ़े नौ बजे देखा गया था।

### चित्रगुप्त भवन में होली मिलन धूमधाम से संपन्न

**गम्हरिया।** चित्रगुप्त महासमिति की ओर से बड़ा गम्हरिया स्थित चित्रगुप्त भवन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में गम्हरिया, कांड्रा समेत आसपास के क्षेत्रों से काफी संख्या में चित्रांश शामिल हुए। इस मौके पर समाज के लोगों द्वारा एक दूसरे को अबीर, गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी गई। इस दौरान समाज की महिलाओं में विशेष उत्साह देखा गया। महिलाओं ने भी एक दूसरे को अबीर लगाकर बधाई दी। इस मौके पर कलाकारों द्वारा प्रस्तुत होली के गीतों का लोगों ने देर रात तक आनंद लिया। इस दौरान चित्रगुप्त समाज के लोगों ने विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का भी काफी लुत्फ उठाया। इससे पूर्व दोपहर में महेंद्र प्रसाद कर्ण और उनकी टीम ने शिव चर्चा की।

# निजी अस्पतालों में चुनावकर्मियों का होगा कैशलेस इलाज : डीसी

■ निजी अस्पताल प्रबंधन के साथ हुई बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने दिये निर्देश

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** समाहरणालय सभागार जमशेदपुर में जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में निजी अस्पतालों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आहूत किया गया। वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल, सिविल सर्जन डॉ जुझार मांझी इस बैठक में उपस्थित थे। आसन्न लोक सभा चुनाव, 2024 के आलोक में निजी अस्पतालों की भूमिका को लेकर दिशा-निर्देश दिया गया।



निजी अस्पतालों के प्रबंधकों के साथ बैठक करते डीसी अनन्य मित्तल, एसएसपी किशोर कौशल ।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि आगामी लोकसभा निर्वाचन के दौरान चुनाव कार्य में प्रतिनियुक्त पोलिंग व पुलिस-पारा मिलिट्री बल के किसी भी आकस्मिक घटना से प्रभावित होने की स्थिति से निपटने के लिए चिकित्सा संबंधी सभी सुविधाएं सुचारू अवस्था में रखना सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए सभी अस्पताल अपने मानवबल तथा एंबुलेंस को 247 सक्रिय रखेंगे। निजी अस्पताल में सुरक्षा बलों को आयुष्मान योजना के साथ जोड़ते हुए निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य करने की बात कही। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी पोलिंग पर्सनल को कैशलैस चिकित्सा का लाभ निर्धारित प्रावधानों के अनुसार उपलब्ध करने का निर्देश दिया। उक्त बैठक में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी, निजी अस्पतालों के प्रतिनिधि समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## सुंदर सिंह बिल्डर्स एसोसिएशन जमशेदपुर के अध्यक्ष निर्वाचित

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** बिल्डर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने चुनाव परिणाम की घोषणा के लिए सोमवार को बिस्टुपुर जमशेदपुर के द बुलेवार्ड होटल में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। इसमें सम्मानित सदस्य प्रभाकर सिंह, नट्टू झा, शिव कुमार बर्मन, सुंदर सिंह, राकेश सिंह एवं अन्य गणमान्य सदस्य थे। सुंदर सिंह को बेहद जिम्मेदारी भरा पद देते हुए बिल्डर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने अध्यक्ष के रूप में नेतृत्व का भार सौंपा। नेतृत्व टीम में उनके साथ बलदेव बंसल को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। साथ ही दीपक मंगलम को दूसरा उपाध्यक्ष चुना गया। साहेब सिंह को मानद सचिव और राजेंद्र प्रसाद को संयुक्त सचिव चुना गया। एसोसिएशन के भीतर संचार, समन्वय और प्रशासनिक कार्यों को



नये अध्यक्ष सुंदर सिंह।

सुविधाजनक बनाने के लिए ये भूमिकाएं अतिआवश्यक हैं। पूर्व अध्यक्ष प्रभाकर सिंह ने पत्रकारों से कहा कि चुनाव परिणाम बिल्डर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के लिए एक नये चरण का प्रतीक है, जिसमें एक समर्पित नेतृत्व टीम संगठन को निरंतर विकास और सफलता की दिशा में मार्गदर्शन करने के लिए सदैव तत्पर हैं।

## 2024 को जेपी स्वर्ण जयंती वर्ष घोषित किया जाये : सरयू राय

■ जेपी मूवमेंट के 50 साल होने पर जमशेदपुर में हुआ क्रांतिकारियों का जुटान

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने पीएम मोदी से आग्रह किया है कि वह वर्ष 2024 को जेपी आंदोलन के 50 वर्ष होने पर स्वर्ण जयंती वर्ष घोषित करें। उन्होंने कहा कि आंदोलन के दौरान ही साथियों में मतभेद उभरने लगे थे, बावजूद आंदोलन ने अपना उद्देश्य बहुत हद तक पूरा किया। ये जरूर है कि आज जेपी की प्रासंगिकता पहले की अपेक्षा ज्यादा है। उन्होंने शहर के बसंत टाकीज चौक का नाम शहीद चौक करने का भी आग्रह किया।

गौरतलब है कि सोमवार को



जेपी के अनुयायियों की बैठक में भाग लेते विधायक सरयू राय।

राजेंद्र भवन गोलमुरी में जेपी आंदोलन से जुड़े दर्जन भर से ज्यादा क्रांतिकारी साथियों का जुटान हुआ था। इन लोगों ने अपने-अपने संस्मरण सुनाये। बताया कि कैसे पुलिस वालों ने आंदोलन करने वालों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा और कैसे लोग रास्ता बदल बदल कर छुपते रहे। वक्ताओं ने इस बात को लेकर चिंता जाहिर की कि जो लोग आंदोलन में शामिल रहे, उनमें से अनेक सत्ता की गोद में बैठे हुए हैं। कार्यक्रम में अजय सिन्हा, विजय सिंह, चंद्र मोहन, संतोष अग्रवाल, भागवत सिंह, वशिष्ठ नारायण तिवारी, हरेंद्र पांडेय, कमलेश, रविंद्र चौबे, चितरंजन वर्मा, राजीव नयन पांडे, प्रवीण पाण्डेय, गुहाराम, कुलविंद्र सिंह ने अपने संस्मरण सुनाये।

## तरुणी को बेस्ट प्रोग्राम बेस विडियो का पुरस्कार

■ एनसीईआरटी के ऑल इंडिया चिल्ड्रेन एजुकेशनल ई कंटेंट कंपेटीशन में मिला पुरस्कार

■ तरुण कुमार की जीवनी पर आधारित है कुमार विवेक और हेमंत की डॉक्यूमेंट्री

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** शिक्षा में तकनीक के इस्तेमाल को बढ़ावा देते हुए बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शैक्षिणक सामग्री उपलब्ध करवाने हेतु लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। एनसीईआरटी, नई दिल्ली के द्वारा 15-16 मार्च 2024 को मेघालय की राजधानी शिलांग में ऑल इंडिया चिल्ड्रेन एजुकेशनल ई कंटेंट कंप्टीशन 2023-24 का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में झारखंड के पैडमेन के नाम से जाने जाने वाले सामाजिक कार्यकर्ता तरुण कुमार के जीवनी पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म तरूणी को स्वतंत्र ई कंटेंट क्रिएटर कैटेगरी में बेस्ट प्रोग्राम / बेस्ट वीडियो फिल्म अवॉर्ड से नवाजा गया। फिल्म का निर्माण जीआर8 फिल्मस के बैनर तले निमार्ता कुमार विवेक व निर्देशक हेमंत मुखी के द्वारा किया गया है।

पुरस्कार समारोह के मुख्य अतिथि मेघालय सरकार के शिक्षा मंत्री रकम ए संगमा थे, वही एनसीईआरटी के डायरेक्टर प्रो अमरेंद्र बेहरा बतौर गेस्ट ऑफ ऑनर उपस्थित थे।

डॉक्यूमेंट्री फिल्म तरूणी में झारखंड के सुदूर इलाकों में माहवारी स्वच्छता, किशोरी व महिला स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण समेत कई महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दों पर तमाम चुनौतियों से जूझते हुए जमीनी बदलाव लाने की लगातार कोशिश कर रहे निश्चय के संस्थापक तरुण कुमार की कहानी को विस्तार से दिखलाया गया है। तरुण पिछले 13 वर्षो से ज्यादा समय से झारखंड के सुदूर इलाकों में बच्चों के मुद्दो पर कार्य कर रहे है। वह अपने अभियानों के माध्यम से अभी तक लगभग 1 लाख बच्चों तक पहुंचे हैं, वहीं वह अपने जीवनकाल में 5 लाख बच्चों को जागरूक करने का लक्ष्य रखते है। तरुण के कार्यों को दो बार लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में भी स्थान मिला है, वही पिछले वर्ष दूरदर्शन पर भी उनके कार्यों पर आधारित प्रदर्शित की गई थी।

## बर्मामाइंस में घर से सोना-चांदी के जेवर चुराने वाले चार युवक धराये

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** बर्मामाइंस पुलिस ने बर्मामाइंस पुआल टाल स्थित सत्येन्द्र कुमार सिंह के आवास की कुंडी काट कर सोने-चांदी के जेवहरात चोरी करने के आरोप में तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। उनसे पुलिस ने आभूषण बरामद कर लिए हैं। गिरफ्तार युवकों में जयप्रकाश आश्रम, बर्मामाइंस निवासी राज मांझी उर्फ दूमकू (19), एक नाबालिग किशोर और श्रीकृष्ण परिदा (28), पे- निखील परिदा, पता-ग्रा- एकडाली, थाना- झारपोखरीया, जिला-मयूरभंज (ओड़िसा), आशीष पैड़ा (29), पे-भीमरोन पैड़ा, पता-कोकमारा,



थाना- बहरागोड़ा, जिला-पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर शामिल हैं। बताया जाता है कि रात में बर्मामाइंस थाना अंतर्गत वादी सत्येंद्र सिंह के लिखित आवेदन के आधार पर उनकी अनुपस्थिति में, पुआल टाल, स्थित उनके घर के दरवाजे का कुंडी काटकर घर में रखे आलमारी को तोडकर उसमें रखे सोना, चांदी के जेवरातों को अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर लेने के आरोप में काण्ड प्रतिवेदित किया गया था।

# स्वदेशी मेला पांचवें दिन चरम पर पहुंचा, खूब हो रही खरीदारी

■ नूतन मतदाता जागरुकता कार्यक्रम भी हुआ

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** सोमवार को गोपाल में आयोजित स्वदेशी मेला के पांचवे दिन नूतन मतदाता जागरूकता अभियान के तहत एक परिचर्चा की गयी। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ कमलेश कुमार कमलेंदु, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व संगठन मंत्री सोनू ठाकुर, स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजिका राजपति देवी







गजल संध्या का आनंद लेते दायें से डॉ जटाशंकर पांडेय, बिल्डर राजेश सिंह और प्रभाकर सिंह।

हिंदुत्व समिति के जिला अध्यक्ष रवि प्रकाश सिंह, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व विभाग संगठन मंत्री सुजीत वर्मा, पूर्व जिला संगठन मंत्री राहुल कुमार, कोल्हन विश्वविद्यालय छात्र संघ के संयुक्त सचिववीरेंद्र पासवान सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत स्वदेशी गीत के साथ हुई, तत्पश्चात वहां उपस्थित सभी नूतन मतदाताओं ने अपने-अपने विचार रखे, मुख्य अतिथि डॉ कमलेश कुमार ने भी चुनाव में मतदाताओं को बढ़-चढ़कर भाग लेने एवं दूरदर्शी सोंच वाले नेताओं को मत देने का आग्रह किया। वहीं कार्यक्रम के संयोजक सोनू ठाकुर ने मतदान को भारतीय संविधान में प्रदत सभी मौलिक अधिकारों में से सबसे प्रमुख माना हैं। मौके पर विशाल सिंह अभिषेक तिवारी, अमन ठाकुर, शाहिद मंच के दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे। मंच संचालन सुजीत वर्मा व धन्यवाद ज्ञापन राहुल ने किया।

सांस्कृतिक संध्या में गजल संध्या किया गया, जिसमें अतिथि के रूप में उद्यमी एवं समाजसेवी प्रभाकर सिंह, गृहस्थी उद्योग के सी ई ओ अमित अग्रवाल, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महानगर कार्यवाह रविंद्र नारायण सिंह, समय कंस्ट्रक्शन के निदेशक राजेश सिंह, स्वदेशी जागरण मंच के प्रान्त विचार विभाग प्रमुख जटाशंकर पांडेय जी रहे।

## एक नजर में

### 25वें रक्तदान के लिए मोहित किया गया सम्मानित



**जमशेदपुर।** आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल एवं जमशेदपुर ब्लड सेंटर के रक्तदाता एल डी - 2 के मोहित शंकर को 25 बार से ज्यादा स्वैच्छिक रक्तदान करने के लिए सोमवार को जमशेदपुर ब्लड सेंटर में जमशेदपुर ब्लड सेंटर के जीएम संजय चौधरी, टाटा वर्कर्स यूनियन के कोषाध्यक्ष अमोद कुमार दुबे, टाटा वर्कर्स यूनियन, ट्यूब डिवीजन के कमेटी मेंबर ज्ञान रंजन श्रीवास्तव एवं आनंद मार्ग के रिलीफ कोऑर्डिनेटर सुनील आनंद ने मोमेंटो एवं पौध देकर सम्मानित किया।

### जिप सदस्य कुसुम पूर्ति एंड टीम का होली मिलन संपन्न



**जमशेदपुर।** जिप सदस्य कुसुम पूर्ती की अगुवाई में परसुडीह के देवराज पैलेस में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। होली मिलन समारोह में भाजपा जिला अध्यक्ष सुधांशु ओझा, नमन संस्था के संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले, भाजपा नेता विमल बैठा, मुखिया सुनिता नाग सहित बड़ी संख्या में विभिन्न सामाजिक कार्यकर्तागण एवं सैकड़ों की संख्या में महिलाएं शामिल हुईं। होली मिलन समारोह के माध्यम से एक दूसरे को प्रेम का संदेश दिया। होली मिलन समारोह के आयोजन में मुख्य रूप से राहुल सिंह, दीपक करवा, अजय सिंह, रानी मिश्रा महिला महिला संगठनों की महत्पपूर्ण भूमिका रही।

### महिला इंटक ने धूमधाम से मनाया महिला दिवस



**जमशेदपुर।** सोमवार को इंटक की राष्ट्रीय एवं प्रदेश कमेटी ने महिला इंटक की राष्ट्रीय अध्यक्ष देविका सिंह के अध्यक्षता में जमशेदपुर के एक होटल में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सचिव एवं झारखंड इंटक के प्रदेश अध्यक्ष राकेशेश्वर पांडे, इंस्पेक्टर सीटीसी मुसाबनी संगीता कुमारी, राष्ट्रीय सचिव जूसको यूनियन के अध्यक्ष रघुनाथ पांडेय, सामाजिक संस्था सिड्स की संस्थापक डॉक्टर शुभ्रा द्विवेदी, महिला प्रदेश अध्यक्ष वेस्ट बंगाल शुभ्रांति सिंह, नूरजहां वारसी, उषा सिंह, गायत्री दास, सभी ने मिलकर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। राष्ट्रीय अध्यक्ष देविका सिंह ने कहां की आज महिलाओं का हौसला बढ़ाने का दिन है ताकि वे देश और दुनिया की महिलाएं खुद को कमजोर ना समझे पुरुषों की बराबरी कर आगे बढ़े और संगठित हों। झारखंड प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष भारती सिंह, सचिव शशि आचार्य, सुजाता सिंह बिना वर्मा संध्या सिंह, आशा देवी, विद्या सिंह, मीरा तिवारी रीता शर्मा सोनी देवी, सरदार उर्मिला मुंडा पार्वती देवी रुक्मणी सरदार सैकड़ों की संख्या में कामगार तिहाड़ी महिलाएं उपस्थित थी।

### साकची में संपूर्ण क्रांति की 50वीं वर्षगांठ मनी



**जमशेदपुर।** पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत आज 18 मार्च 2024, दिन सोमवार जेपी यूवा छात्र संघर्ष मोर्चा एवं शहीद स्मारक निर्माण समिति जमशेदपुर के बैनर तले मोर्चा के संयोजक संजीव आचार्य के नेतृत्व में साकची स्थित सरकार बिल्डिंग प्रथम तल्ला (संगठन के कार्यालय परिसर) में संपूर्ण क्रांति 18 मार्च का 50वीं वर्षगांठ मनाया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जेपी आंदोलनकारी एवं तत्कालीन छात्र नेता वशिष्ठ नारायण तिवारी उर्फ बड़कू भैया, श्री संतोष अग्रवाल, श्री विष्णु भगवान पाठक, श्री सुरेश दत्त पांडे, श्री मुस्ताक अहमद, श्री योगेश शर्मा, श्री मंथन, श्री अवधेश पाठक, श्री दिनेश मंडल, श्री देव शर्मा, सहित शहर के कई प्रतिष्ठित समाजसेवी एवं संगठन के केंद्रीय पदाधिकारी उपस्थिति हुए। सर्वप्रथम उपस्थित सभी सम्मानित पदाधिकारीयो स जीपी आंदोलनकारी के द्वारा जयप्रकाश नारायण जी के फोटो पर फूल माला अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। तत्पश्चात मोर्चा के संयोजक श्री संजीव आचार्य के द्वारा उपस्थित सभी जेपी आंदोलनकारीयो को अंग वस्त्र देकर फूल माला पहनकर स्वागत अभिनंदन किया गया। आज के इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जेपी आंदोलनकारी पूव छात्र नेता श्री वशिष्ठ नारायण तिवारी उर्फ बड़कू एवं श्री संतोष अग्रवाल ने संयुक्त रूप से कहा कि जयप्रकाश नारायण का जो व्यवस्था परिवर्तन का सपना था वह आज भी अधूरा है, संपूर्ण क्रांति व्यवस्था परिवर्तन के लिए नारा लगाया गया था परतू तत्कालीन छात्र नेता सत्ता सुख में अभी अपने जीवन व्यतीत कर रहे हैं, जय प्रकाश जी के जो नीति सिद्धांत थे यह भूल चुके हैं। कार्यक्रम को आगे संबोधित कर जेपी आंदोलनकारी श्री सुरेश दत्त पांडे एवं श्री विष्णु भगवान पाठक ने संयुक्त रूप से कहा कि जेपी व्यक्ति नहीं एक विचार थे जो आज भी प्रासंगिक है। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित थे संजीव आचार्य, प्रमोद सिंह, विकास कुमार, संजय सिंह उर्फ जोजो, अविनाश शर्मा, अमन खान, साहादत खान, कन्हैया पांडे, मंदिप सिंह, प्रतीक जैन, संजय साहू, आशीष पोद्दार, हरमन सिंह, मनदीप सिंह, सुखविंदर सिंह, अंकुर प्रभाकर, लकी खान, विक्की खान, सुशांत कुमार, संदीप शर्मा, जगदीश मूड़ा, कृष्ण बनर्जी, जुनैद खान, जावेद खान, सुप्रीयो, स्वप्न राय, विवेक शर्मा, मुकेश सिंह, अरुण पांडे आदि। आज के कार्यक्रम का संचालन विकास कुमार ने किया धन्यवाद ज्ञापन प्रमोद सिंह ने किया।

# डोनेशन लेना हर राजनीतिक पार्टी का हक, फिर क्यों भाजपा पर खड़ा किया जा रहा विवाद

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

**देशभर** में इस समय 'इलेक्टरोल बॉन्ड' पर राजनीति हो रही है। भारतीय जनता पार्टी को घेरने के लिए कांग्रेस समेत तमाम राजनीतिक दल इसे चंदे में सबसे बड़ा घोटाला बता रहे हैं। किंतु यह जानकर बड़ा ही आश्चर्य होता है कि जो सत्ता में नहीं हैं, उन्हें सत्ताधारी भाजपा से अधिक संयुक्त राशि मिली है। उसके बाद भी ये राजनीतिक दल पारदर्शिता की बात कर रहे हैं और हल्ला मचा रहे हैं!

कांग्रेस पार्टी जो खुद ही 'इलेक्टरोल बॉन्ड' के जरिए करोड़ों रुपये का चंदा प्राप्त करने में सफल रही, वह किस नैतिकता की बात कह रही है? यह फिलहाल समझ नहीं आ रहा है! वैसे देखा जाए तो हर राजनीतिक पार्टी का यह हक है कि वह अपने दल को सुचारु रूप से चलाने के लिए चंदा ले सकती है। यहां भी जिन राजनीतिक पार्टियों को कंपनियों से चंदा मिला है, उस पर कानूनी तौर पर कोई कुछ भी प्रश्न नहीं उठा सकता है। क्योंकि यह किसी व्यक्ति, समूह, संगठन और कंपनी का अपना निर्णय है कि वह किसके समर्थन में है और उसके अनुसार किसके माध्यम से देश हित होगा। भारत की लोकतांत्रिक प्रणाली और भारतीय संविधान यह अनुमति देता है कि वह (कोई भी नागरिक) देश हित के विचार से किसी भी राजनीतिक पार्टी को अपनी स्वैच्छानुसार कितना भी चंदा दे अथवा कितना नहीं ।

एक तरह से यह अच्छा ही हुआ कि उच्चतम न्यायालय ने राजनीति में पारदर्शिता लाने के लिए 'इलेक्टरोल बॉन्ड' को चुनाव आयोग की वेबसाइट के जरिए सार्वजनिक कराया है। इससे आगे के लिए कई अन्य महत्वपूर्ण निर्णय लेने के भी द्वार खुल गए हैं । मसलन, देश में जितने भी मंत्रालय, विभाग एवं सरकारी कार्य करनेवाले संस्थान हैं और वह भी, जहां कि सूचना का अधिकार लागू होता है। उन सभी जगहों में आगे उच्चतम न्यायालय यह लागू कर सकता है कि उन्हें अपनी सभी खरीद एवं बचत के साथ आय की जानकारी भी सार्वजनिक कर देनी चाहिए। किसी प्रोजेक्ट पर कितने का निर्माण हुआ, कितना अधिरिक्त धनराशि का खर्च आया, वह कार्य समयावधि में पूर्ण हुआ या अधिक समय में इत्यादि सभी कुछ । यानी कि हर छोटी-बड़ी जानकारी और उसके साथ बिल, बाउचर भी आगे सार्वजनिक कर देने के लिए न्यायालय द्वारा निर्देश दे ही देना चाहिए। न्यायालय द्वारा इस प्रकार का निर्णय लिए जाने पर देश के आम आदमी को अत्यधिक खुशी होगी।

वस्तुतः इससे होगा यह कि अभी सूचना के अधिकार के लिए जो बहुत समय खर्च होता है। कई बार अधिकारियों को जवाब देने में देरी होती है और कई बार वे जानबूझकर कोई जानकारी देना नहीं चाहते। ऐसे में फिर किसी भी इस प्रकार की जानकादी देने संबंधी 'सूचना अधिकारी' की आवश्यकता ही नहीं रहेगी। सभी खर्चों एवं आय की जानकारी विभागवार एवं संस्थागत रूप से उनके वेब माध्यम पर सार्वजनिक रूप से पड़ी रहेगी। अभी जो सूचना के अधिकार में आम आदमी का देश भर में करोड़ों रुपया खर्च होता है। वह बेचारा दर-दर भटकता है। परेशान होता है। सरकारी स्तर पर जो श्रम, समय एवं रुपया लगता है, उसकी भी बचत हो जाएगी।

सुप्रीम कोर्ट जब पारदर्शिता की बात कर ही रहा है तो वह पूरे सिस्टम पर होनी चाहिए। इसमें फिर न्यायालय को भी क्यों छोड़ा जाए । किस न्यायाधीश के पास नौकरी पाने से पूर्व कुल सम्पत्ति कितनी थी और नौकरी में आने के पश्चात कितनी हो गई है। वेतन के अलावा उनके क्या आय के स्त्रोत हैं कि अचानक से उनमें से कई जजों की आय बहुत अधिक बढ़ गई। इस तरह की सभी कुछ जानकारियां न्याय व्यवस्था से जुड़े लोगों सहित हर विभाग एवं सरकारी कर्मचारी का डाटा सार्वजनिक कर देना चाहिए। संविधान जिनमें गोपनीयता रखने की अनुमति देता है, उन्हें छोड़कर किसी भी विषय में गोपनीयता की आवश्यकता ही क्या है ? कम से कम हम जैसे पत्रकारों को जिस भी डेटा से जो सूचना लेकर खबर बनानी होगी और आम जनता को साधारण भाषा में उसके पक्ष से परिचित कराना होगा, वह भी आसान हो जाएगा। हम जैसे पत्रकार ही क्यों, देश के हर खास और आम आदमी के पास विभागवार नाम सहित सही जानकारी हर समय मौजूद होगी। जैसा कि अभी हम 'इलेक्टरोल बॉन्ड' के संदर्भ में सार्वजनिक कंपनी, व्यक्ति नाम, राजनीतिक पार्टी को दिए गए चंदे के रुपयों की सर्वव्यापकता देख रहे हैं !



विषय पर वापस आते हैं । यहां बात हो रही है डोनेशन के साथ जुड़ी शुचिता की । वास्तव में समझ नहीं आ रहा है कि किसने 'इलेक्टरोल बॉन्ड' खरीदकर राजनीतिक शुचिता को बर्बाद कर दिया है! जिसके लिए कांग्रेस के राहुल गांधी, कपिल सिब्बल समेत तमाम नेता और अन्य विपक्षी दल के प्रमुख घी- पी-पी कर भाजपा को कठघरे में खड़ा कर रहे हैं ? क्योंकि इससे जुड़े आंकड़े देखें तो यह योजना भारतीय राजनीति में काले धन के वर्चस्व को खत्म करने की एक पहल के रूप में सरकार लेकर आई थी। कुल 20,000 करोड़ रुपये से कुछ ऊपर के चुनावी बॉन्ड खरीदे जाने का आंकड़ा सार्वजनिक है।

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने सुप्रीम कोर्ट को जो जानकारी दी है उसके अनुसार साढ़े 22 हजार से अधिक के चुनावी बॉन्ड खरीदे गए। इनमें राजनीतिक दलों ने 22,030 बॉन्ड को कैश कराया। जिसमें भाजपा को 6,986.5 करोड़ और अन्य राजनीतिक पार्टियों को 14,000 करोड़ रुपये से अधिक चंदे के रूप में मिले हैं । इनमें प्रमुख तौर पर टीएमसी (1,397 करोड़ रुपये), कांग्रेस (1,334 करोड़ रुपये), बीआरएस को 1,322 करोड़ रुपये, बीजेडी को 944.5 करोड़ रुपये, डीएमके को 656.5 करोड़ रुपये मिले हैं।

इन राजनीति पार्टियों के अतिरिक्त वाईएसआर कांग्रेस को 442.8 करोड़, टीडीपी, शिवसेना, आरजेडी, आम आदमी पार्टी, जनता दल सेक्युलर, सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा, नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी, जनसेना पार्टी, समाजवादी पार्टी, जेडीयू, जेएमएम, शिरोमणि अकाली दल, एआईएडीएमके, सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट और राष्ट्रीय जनता दल जैसी राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय पार्टियों को कई करोड़ रुपये का चंदा दिया गया है। वहीं, इस सभी के अलावा महाराष्ट्र गोमंतक पार्टी, जेके नेशनल कॉन्फ्रेंस, नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी महाराष्ट्र प्रदेश को मिलनेवाली राशि एक करोड़ से कम रही है। कुल मिलाकर राष्ट्रीय राजनीतिक पार्टियों के अलावा क्षेत्रीय दलों को इसमें साढ़े 5 करोड़ रुपये मिले हैं ।

यहां यह बड़ा प्रश्न है कि जब अधिकांश राजनीतिक दलों ने 'इलेक्टरोल बॉन्ड' के माध्यम से चुनावी चंदा जुटाया है, तब वे क्यों इस विषय पर हल्ला मचा रही हैं ? क्यों विपक्ष द्वारा यह बताने का प्रयास किया जा रहा है कि अरे! ये तो बहुत बड़ा भ्रष्टाचार है? एक तरह से गृहमंत्री अमित शाह आज कोई अनुचित नहीं कह रहे हैं, जो वह पूछ रहे हैं कि कुल 20,000 करोड़ रुपये से अधिक के इस चुनावी बॉन्ड में से भाजपा को छह हजार करोड़ से अधिक रुपये मिले हैं। बाकी बॉन्ड कहां गए? 303 सांसद होने के बावजूद हमें सात हजार करोड़ रुपये से भी कम मिलते हैं और बाकियों को 242 सांसदों के बावजूद 14,000 करोड़ रुपये से अधिक मिलते हैं। शाह पूछ रहे हैं कि यह किस बात को लेकर हंगामा है? निश्चित ही ऐसे में कहना यही होगा कि देश में लोकसभा चुनाव की घोषणा हो चुकी है। लोकतंत्र के इस महाउत्सव में आम जनता को 'इलेक्टरोल बॉन्ड' का मुद्दा बनाकर भ्रमित करने का प्रयास नहीं होना चाहिए। यदि ऐसा कोई कर रहा है तो माननीय न्यायालय इसे भी संज्ञान में लेवे तो अच्छा हो। (लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)

# समझो इशारे फायदों संग जोखिमों के भी

**डॉ. संजय वर्मा**

दिमाग में चिप

माइक्रोचिप टेलीपैथी के बारे में दावा है कि जिस भी व्यक्ति के दिमाग में यह प्रत्यारोपित की जायेगी वह सोचने भर से फोन, कंप्यूटर आदि पर नियंत्रण कर सकेगा। एक व्यक्ति के दिमाग में इसका इम्प्लांट हो चुका है। अंगहीनता, पार्किंसन, लकवा, दृष्टिहीनता से ग्रस्त लोग इस चिप की मदद से बेहतर जीवन जी सकते हैं। परंतु इसके साथ हैकिंग व निजता के हनन जैसे जोखिम जुड़े हैं वहीं नैतिकता के सवाल भी।

इंसान ने जिस चीज के बलबूते इस पृथ्वी के सभी जीवों को अपने वश में कर रखा है और मनचाही तरक्की हासिल की है, तो उसके पीछे उसका वह दिमाग है- जिसने उसे हर ताकत का तोड़ खोजकर उसे अपने काबू में करने की सहूलियत दी है। पर क्या हो अगर यह दिमाग ही किसी और के इशारे पर चलने लगे। खास तौर से हमारा दिमाग मशीनी संकेतों से संचालित होने लगे तो क्या होगा।

यह कल्पना अब हकीकत बन चुकी है। ट्रांसह्यूमननिज्म के कट्टर समर्थक, टेस्ला और स्पेसएक्स जैसी कंपनियों के मालिक इलॉन मस्क की एक अन्य कंपनी- न्यूरोलिंक ने कुछ ही समय पहले एक मरीज के दिमाग में माइक्रोचिप का सफल इम्प्लांट किया है। एक्स पर अपने ट्वीट में मस्क ने इस प्रत्यारोपण के बाद लिखा कि दुनिया के पहले इंसान को न्यूरालिंक से इम्प्लांट प्राप्त हुआ, जिसके बाद मरीज अच्छी तरह ठीक हो रहा है। मस्क ने लिखा, ह्यशुरूआती नतीजे आशाजनक हैं।

**टेलीपैथी का करिश्मा**

न्यूरालिंक कंपनी के इस उत्पाद यानी माइक्रोचिप को टेलीपैथी नाम दिया गया है। इसके बारे में दावा है कि इसकी मदद से कोई भी व्यक्ति सिर्फ सोचने भर से फोन, कंप्यूटर आदि तमाम डिवाइसों पर नियंत्रण करने की ताकत प्राप्त कर लेगा। मस्क का कहना है कि इस उपकरण यानी टेलीपैथी के शुरूआती उपयोगकर्ता वे लोग होंगे, जो अपने अंगों का इस्तेमाल नहीं कर पा रहे हैं। मिसाल के तौर पर यदि स्टीफन हॉकिंग आज जीवित होते तो मोटर न्यूरॉन की बीमारी के बावजूद वे सिर्फ सोचने के बल पर इस उपकरण की मदद से पूरी दुनिया से संवाद कर पाते।

**बात सदुपयोग की**

वर्ष 2016 में स्थापित की गई कंपनी न्यूरालिंक को बीते साल यानी 2023 में यूएस फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन एफडीए से ह्यूमन ट्रायल की मंजूरी मिली थी। इस मंजूरी के बाद न्यूरालिंक ने घोषणा की थी कि वह छह साल तक जारी रहने वाले मानव परीक्षण के लिए ऐसे छह लोगों की खोज कर रही है, जिनके दिमाग में चिप फिट की जा सके। न्यूरालिंक इस चिप का परीक्षण बंदरों पर पहले ही कर चुकी थी और उसे इसमें पर्याप्त सफलता मिली थी। मानव मस्तिष्क में प्रत्यारोपित की जाने वाली यह चिप ऐसे मरीजों के लिए वरदान साबित हो सकती है, जो दिमागी बीमारियों से जूझ रहे हैं या जिनका अपने शरीर के अंगों के संचालन के लिए दिमाग से संपर्क टूट गया है। जैसे कि मोटर न्यूरॉन डिसीज जैसी एएलएस (एमियोट्रोफिक लैटरल स्क्लिरोसिस) कही जाने वाली बीमारी और मेरु रज्जू यानी स्पाइनल कॉर्ड में चोट की स्थिति में यह प्रत्यारोपण कमाल कर सकेगा। साथ ही, जो लोग किसी दुर्घटना में अपने हाथ या पांव खो चुके हैं, तो ऐसे लोगों को दिमागी चिप बाहर से लगाई जाने वाली रोबोटिक भुजा या मशीनी पैर के सुचारू संचालन में बहुत ज्यादा मदद दे सकेगी। दावा तो यह भी है कि यह तकनीक पार्किंसन, दिमागी चोट, मिर्गी के दौरे, अवसाद, अंधेपन, लकवा और बहरेपन आदि बीमारियों में भी सहायक सिद्ध होगी।

# पवन ऊर्जा क्षेत्र में सुनहरे अवसर

**कीर्तिशेखर**

भारत में पवन ऊर्जा का विकास 1990 के दशक में शुरू हुआ था और पिछले कुछ सालों में इसमें बहुत तेजी आयी है। 31 दिसंबर 2023 तक भारत में पवन ऊर्जा की कुल स्थापित क्षमता 44.736 गीगावाट थी। आने वाले सालों में इसे और भी तेज विकास करना है, क्योंकि भारत में दुनिया के दूसरे देशों के मुकाबले पवन ऊर्जा के उत्पादन में 40 फीसदी कम लागत आती है। माना जा रहा है कि भारत में करीब 700 गीगावाट पवन ऊर्जा की क्षमता है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह क्षेत्र सुरक्षित कैरियर के लिए महत्वपूर्ण है।

**कम लागत से प्रदूषण रहित ऊर्जा**

पवन ऊर्जा में रोजगार का मजबूत भविष्य है। विशेषज्ञों का मानना है कि साल 2035 तक पवन ऊर्जा जनरेट करने की लागत आज के मुकाबले 17 से 35 फीसदी तक कम हो जायेगी और पवन ऊर्जा का उत्पादन आज से कई सौ फीसदी बढ़ जायेगा। इसलिए इस ऊर्जा का भविष्य अक्षय है, क्योंकि यह प्राकृतिक संसाधन कभी कम नहीं होगा। पवन ऊर्जा प्रदूषण रहित है, जिस कारण जलवायु परिवर्तन से निपटने में इसके जरिये मदद मिलती है।

**निवेश और रोजगार की बड़ी संभावनाएं**

पवन ऊर्जा उन क्षेत्रों में से है, जहां एक बार निवेश करने के बाद फिर निवेश की जरूरत नहीं पड़ती, सिर्फ मेंटेनेंस तक खर्च रह जाता है। भारत में पवन ऊर्जा के क्षेत्र में आने वाले सालों में जबरदस्त निवेश का अनुमान है। माना जा रहा है, 2027-28 तक इस क्षेत्र से 10 लाख से ज्यादा नौकरियां निकलेंगी। इसलिए पवन ऊर्जा के क्षेत्र कैरियर बनाना सुरक्षित विकल्प है।

**पवन टर्बाइन तकनीशियन** - पवन ऊर्जा के क्षेत्र में सबसे उपयुक्त पद है, पवन टर्बाइन तकनीशियन का। इसके लिए देश में बहुत जगह शिल्पकार प्रशिक्षण योजना (सीटीएस) या प्रशिक्षु प्रशिक्षण योजना (एटीएस) के तहत कोर्स सम्पन्न होते हैं। पवन संयंत्र तकनीशियन आईटीआई का एक प्रमुख विषय है और पूरे देश में फैले करीब 4000 आईटीआई में यह विषय पढ़ाया जाता है, जिससे डिप्लोमा लेकर इस क्षेत्र में नौकरी पायी जाती है।लेकिन अगर आपके पास पहले से ही किसी दूसरे इंडस्ट्रियल क्षेत्र की तकनीकी पृष्ठभूमि है जैसे मैकेनिक, इलेक्ट्रीशियन , रिन्यूएबल एनर्जी आदि तो आप दो हफ्तों में टर्बाइन तकनीशियन का सर्टिफिकेट कोर्स करके भी इस क्षेत्र में नौकरी पा सकते हैं।

# क्लासरूम में भविष्य के एआई शिक्षण की उम्मीद

**कविता राज**

**आज** के दौर में शायद ही कोई ऐसा क्षेत्र हो जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से अछूता हो। इस फ्यूचरिस्टिक टेक्नोलॉजी का प्रभाव सबसे पहले सोशल मीडिया की दुनिया में देखा गया, जिसमें लोग एआई टूल्स की मदद से आकर्षक इमेज और वीडियो बनाते थे। समय के साथ, इसने हमारे जीवन के कई गंभीर पहलुओं पर असर डालना शुरू कर दिया है। केरल के एक स्कूल ने अब शिक्षा के क्षेत्र में एआई को चुना है।

**देश का पहला एआई शिक्षक रोबोट**

शिक्षा और तकनीक का चोली दामन का साथ है। केरल के वैज्ञानिकों और तकनीकी विशेषज्ञों ने शिक्षा के क्षेत्र में आर्टिफिशल एंटेलीजेंस की अहमियत को भांपते हुए एक नया कारनामा कर दिखाया है। यह नायाब इनोवेशन है..एआई टीचर का। एआई टीचर यानी आर्टिफिशल इंटेलीजेंस वाला शिक्षक (रोबोट)। नाम है आईआरआईएस, और यह भारत का पहला एआई शिक्षक रोबोट है जो जनरेटिव एआई पर आधारित है। इसकी आवाज महिला की तरह है और इसमें एक असल टीचर की कई विशेषताएं हैं।

पाठ्येतर गतिविधियों को बढ़ावा देना है मकसद

मेकरलैब्स एडुटेक द्वारा तैयार इस नवीनतम रचना, आईआरआईएस नीति आयोग के एटीएल (अटल टिंकरिंग लैब) प्रोजेक्ट का हिस्सा है जो साल 2021 में स्कूलों में छात्रों की पाठ्येतर गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए पेश किया गया था। जिसका मकसद है पारंपरिक शिक्षा पद्धति के क्षेत्र में कुछ नये फीचर्स जोड़कर क्रांति लाना। हाल ही में केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम में आईआरआईएस ह्यूमनॉयड का सेकेंडरी स्कूल केटीसीटी में लोकार्पण किया गया। तिरुवनंतपुरम के तटीय शहर में स्थित, कडुवायिल थंगल चैरिटेबल ट्रस्ट के शिक्षा के क्षेत्र में किये गये एक प्रयास से केटीसीटी हायर सेकेंडरी स्कूल ने पिछले महीने एक एआई शिक्षक का अनावरण किया। संस्था ने ह्नआइरिसह्न नामक ह्यूमनॉइड विकसित करने के लिए मेकरलैब्स एडुटेक प्राइवेट लिमिटेड के साथ हाथ मिलाया और केरल में पहला एआई शिक्षक रोबोट तैयार कर लिया।

**संवाद की बहुभाषीय क्षमता**

मेकरलैब्स ने सोशल मीडिया पर आईआरआईएस का एक वीडियो जारी कर इसकी बहुभाषीय क्षमता की जानकारी दी है। आईआरआईएस तीन भाषाओं में पारंगत है और विभिन्न सब्जेक्ट्स से जुड़े हुए सवालों के जवाब सेकेंड्स में देता है। यह वॉयस एसिस्टेंस और इंटेरेक्टिव लर्निंग को भी स्पोर्ट करता है। यह चलती-फिरती शिक्षक है जो मुश्किल विषयों से जुड़े कठिन सवालों को चुटकियों में हल कर सकती है।

**शिक्षा प्रणाली में बड़ी पहल**

केरल पहले से साक्षरता में सबसे ऊपर है, ऐसे में एआई तकनीक के शिक्षा के क्षेत्र में दखल से इसे राज्य का शिक्षा प्रणाली में बहुत बड़ा इनोवेशन माना जा रहा है।

# कर्नाटक में कांग्रेस के झूठे वादे

**मनोहर**

भारत के दक्षिणी राज्य कर्नाटक में आज सत्तारूढ़ कांग्रेस (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस/आईएनसी) अपने 2023 कर्नाटक विधानसभा चुनाव के समय किए गए चुनावी वादों और गारंटियों को लागू करने में विफल दिख रही है। ऐसा लगता है कि शायद, सत्ता में आने की जल्दी में पार्टी प्रबंधकों ने कभी भी ड्राइवर की सीट संभालने की स्थिति में बाद के परिणामों के बारे में नहीं सोचा था। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया जब यह कहते हैं कि सभी वादे पूरे करने के लिए नहीं होते हैं। चुनाव से पहले न जाने क्या-क्या आश्वासन जनता को दिए जाते हैं, उन्हें पूरा करने का वादा भी किया जाता है। किंतु इसका मतलब यह नहीं कि सभी वादे पूरे करने जरूरी हैं। वस्तुतः आज यह स्वीकार कर- के उन्होंने साबित कर दिया कि किसी भी चुनाव से पहले किए जाने वाले राजनीतिक पार्टियों के सभी वादे और बड़ी-बड़ी बातें केवल सार्वजनिक संवाद के लिए होती हैं, क्रियान्वयन के लिए नहीं।

राज्य में सत्ता में आने के पूर्व कांग्रेस सरकार ने यहां आम आदमी से जिन पांच गारंटियों 200 यूनिट मुफ्त बिजली आपूर्ति। परिवार की महिला मुखिया को हर महीने 2,000 रुपये। बीपीएल परिवार के सभी सदस्यों को 10 किलो मुफ्त चावल। बेरोजगार डिग्री धारकों के लिए 3,000 रुपये प्रति माह और दो साल के लिए डिप्लोमा धारकों के लिए 1,500/ रुपये प्रति माह और राज्य सरकार की बसों में महिलाओं के लिए निःशुल्क बस यात्रा का वादा किया था। इसी तरह से अन्य प्रमुख वादों को याद करें तो कांग्रेस पार्टी ने एससी के लिए आरक्षण को 15% से बढ़ाकर 17%, एसटी के लिए 3% से 7%, अल्पसंख्यक आरक्षण को 4% तक बहाल करने और लिंगायत, वोक्कालिगा और अन्य समुदायों के लिए आरक्षण बढ़ाने और संविधान की 9वीं अनुसूची में इसे शामिल करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दशार्यी थी । किंतु इन सभी वादों को पूरा करने के मामले में पांच गारंटी को छोड़कर कर्नाटक कांग्रेस सरकार बहुत पीछे है।




राज्य में आज खेती चौपट होती दिखती है। खेतों में तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता वाले कार्यों के लिए श्रमिकों को ढूंढना मुश्किल हो गया है, जिसके कारण से छोटे और मध्यम किसानों को फसलों की बुआई, रखरखाव और कटाई के बुरे दौर से गुजरना पड़ रहा है । दैनिक मजदूरी बहुत बढ़ गई है। जिस पर तुमकुरु जिले के मधुगिरि तालुक में श्रावणदानहल्ली के किसान एसजी गोविंदप्पा की तरह ही अनेकों का कहना रहा- ₹अगर इस तरह की मुफ्तखोरी जारी रही तो जल्द ही एक दिन ऐसा आएगा जब खाद्यान्न उगाना तो दूर, एक सामान्य किसान को नियमित खेती को भी अलविदा कहना पड़ेगा।₹

शक्ति योजना के नाम से महिलाओं के लिए पूरे राज्य में फ्री बस सेवा की जो स्कीम लॉन्च की गई, आज उसने यहां कांग्रेस की अव्यवस्था को उजागर कर दिया है। वस्तुतः 11 जून को पूरे तामझाम के साथ महिलाओं के लिए फ्री बस सेवा को कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया और उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने लॉन्च किया था, लेकिन तब से अब तक आए दिन ऐसे वीडियो सामने आ रहे हैं जो इस बात की तस्दीक करते हैं कि इस योजना को लॉन्च करने से पहले जिन आधारभूत बातों पर ध्यान दिया जाना चाहिए था, उसे नजरंदाज कर दिया गया। मैसूर की एक बस में इतनी महिलाएं चढ़ गईं कि सीट के लिए एक-दूसरे से मारपीट शुरू हो गई। धारवाड़ में एक बस कंडेक्टर को पैसेंजर्स को टिकिट देने के लिए बस के अंदर ही परेशान होना पड़ा। कोप्पल जिले से एक ऐसी तस्वीर सामने आई जब बस चालक ने स्टॉप पर बस नहीं रोकी, तो एक महिला ने बस पर पत्थर फेंककर उसका शीशा तोड़ दिया। कई धार्मिक स्थलों में बसों में जगह को लेकर आए दिन धक्का-मुक्की और हाथापाई हो रही है । जिन पुरुषों को स्वास्थ्य संबंधी कोई संकट है, उन्हें सीटें नहीं मिल पाने के कारण परेशान होना पड़ रहा है। वे ठीक से खड़े होने के लिए भी संघर्ष करते देखे जा सकते हैं । कांग्रेस सरकार की अव्यवस्था का परिणाम यहां यह भी देखने को मिल रहा है कि राज्य के अधिकांश तीर्थस्थल जो भक्तों को मुफ्त में खाना खिलाने के लिए जाने जाते थे, उन्हें दिन में एक निश्चित समय के बाद ऐसा करना बंद करना पड़ा है । यह बंदी अपरिहार्य हो गई, क्योंकि दिन-रात तीर्थयात्रियों में खासकर महिलाओं की भारी भीड़ कभी रुकने वाली नहीं दिखती। ऐसे में पुरुष यात्री, भक्तगण अब कांग्रेस पार्टी की सरकार को चुनने पर पछतावा करते हैं।

यहां यह समझ नहीं आता कि एक तरफ आश्चर्यजनक तौर पर सांप्रदायिक दंगों के कई मामले वापस लिए जा रहे हैं, तो वहीं कांग्रेस सरकार 1992 के राम जन्म भूमि आंदोलन के संबंध में कारसेवकों के खिलाफ दायर कुछ मामलों को फिर से खोलने की हद तक गिरती दिखी। श्रीकांत पुजारी, जो उस समय एक युवा थे और अब एक अधेड़ हैं, को इस कारण से भारी कष्ट सहना पड़ा, उन्हें कांग्रेस ने गिरफ्तार करा दिया । वह तो अच्छा है कि देश में अभी न्याय व्यवस्था है जो बाद में स्थानीय सिविल कोर्ट ने उन्हें जमानत दे दी, अन्यथा पता नहीं उनके साथ इस कांग्रेस सरकार में क्या-क्या जुल्म ढाए जाते ।

इतना ही नहीं कांग्रेस सत्ता में आने के बाद से कई सोशल नेटवर्किंग साइटें बहुसंख्यक हिंदुओं के खिलाफ जहर उगलने वाली और अफवाहों को बढ़ाने वाली एक शक्तिशाली हथियार में बदल गई हैं। जिसका सबसे बड़ा उदाहरण, मैसूरु कांग्रेस विधायक तनवीर सैत ने 2020 बेंगलुरु दंगों के बाद की गई गिरफ्तारियों पर फिर से विचार करने के लिए गृहमंत्री डॉ. जी परमेश्वर को पत्र लिखा जाना है। इस बीच उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखकर 2022 हुबली दंगा मामलों को वापस लेने की मांग की ।

सिद्धारमैया के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार उस समय एक और बड़े विवाद में फंस गई जब उसने मौलाना आजाद/मोरारजी देसाई स्कूलों के निर्माण के लिए बेंगलुरु में प्रमुख भूमि अल्पसंख्यक कल्याण विभाग को हस्तांतरित कर दी, जबकि यह भूमि मुथोजी राय सिंधिया द्वारा 1936 में एक पशु चिकित्सालय के लिए मूल रूप से दान की गई भूमि है, जिसका कि उपयोग पशुपालन और पशु चिकित्सा विभाग द्वारा किया ही किया जाना चाहिए । अब लोकसभा चुनाव को देखते हुए अल्पसंख्यक समुदाय को खुश करने की फिर से कोशिश करती हुए कांग्रेस यहां दिख रही है, जोकि किसी भी लोककल्याणकारी राज्य के हित में नहीं है। इसलिए अच्छा यही है कि वह सभी को बराबरी की नजरों से देखे।

(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)

# बिहार एनडीए में सीटों का बंटवारा हो गया

## 17+16+5+1+1 का फार्मूला तय, टेंशन में तेजस्वी+राहुल

- जेडीयू 16 पर लड़ेगी चुनाव
- भाजपा 17 सीटों पर लड़ेगी चुनाव
- लोजपा-रामविलास को मिली 5 सीटें
- हम और रालोमो को मिली एक-एक सीट



एजेंसी

**पटना।** बिहार भाजपा की अगुवाई में एनडीए में सीटों का बंटवारा हो गया है। सीटों के बंटवारे के फार्मूले पर एनडीए गठबंधन में शामिल भाजपा, जदयू, लोजपा-आर, हम और रालोमो के नेताओं की उपस्थिति में ऐलान किया गया है। सीटों के बंटवारे में चिराग पासवान पर भाजपा ने भरोसा दिलाया। वहीं पशुपति पारस को निराशा हाथ लगी है। राज्य में भाजपा 17 सीटों पर नीतीश कुमार की जदयू 16 सीटों पर लड़ेगी। वहीं चिराग पासवान की लोजपा-रामविलास को 5 सीटें, जीतन राम मांझी की हम को 1 सीट और उपेंद्र कुशवाहा की रालोमो को 1 सीट मिली है। नयी दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में पांचों दलों के वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में बिहार भाजपा प्रभारी विनोद तावड़े ने सीट बंटवारे का ऐलान किया। इस मौके पर बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और जदयू के वरिष्ठ नेता संजय झा समेत अन्य दलों के नेता मौजूद थे।

### पशुपति पारस की रालोजपा का पत्ता कटा

भाजपा के बिहार प्रभारी विनोद तावड़े ने बताया कि पांच दलों के बीच बंटी सीटों की लिस्ट जारी की। इस घोषणा से साफ हो गया है कि लोकसभा चुनाव में केंद्रीय मंत्री पशुपति पारस की रालोजपा का पत्ता कट गया है। पुरानी लोजपा के कब्जे वाली नवादा लोकसभा सीट पर बीजेपी चुनाव लड़ेगी। इस सीट से पशुपति पारस की पार्टी के चंदन सिंह सांसद हैं। चंदन लोजपा के कद्दावर नेता सूरजभान सिह के भाई हैं।

### भाजपा इन 17 सीटों पर लड़ेगी चुनाव

बिहार में भाजपा के खाते में 17 सीटें गई हैं। इनमें पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, औरंगाबाद, मधुबनी, अररिया, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, महाराजगंज, सारण, उजियारपुर, बेगूसराय, नवादा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर और सासाराम लोकसभा सीट शामिल हैं।

### जदयू 16 पर लड़ेगा चुनाव

राज्य में जदयू के खाते में 16 सीटें आई हैं, इनमें .वाल्मीकि नगर, सीतामढ़ी, झंझारपुर, सुपौल, किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार, मधेपुरा, गोपालगंज, सिवान, भागलपुर, बांका, मुंगेर, नालंदा, जहानाबाद और शिवहर सीट शामिल हैं।

### चिराग को मिली पांच सीटें

एक ओर जहां पशुपति पारस की पार्टी एनडीए गठबंधन से बाहर हो गई है, वहीं लोजपा-रामविलास की पार्टी पांच सीटों पर चुनाव लड़ेगी। चिराग की पार्टी लोजपा-आर वैशाली, हाजीपुर, समस्तीपुर खगड़िया और जमुई लोकसभा सीट से चुनाव लड़ेगी।

### हम और रालोमो को एक-एक सीट

बिहार एनडीए गठबंधन में पूर्व सीएम जीतन राम मांझी और पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी राष्ट्रीय लोक मोर्चा को भी एक-एक सीट दी गई है। हम पार्टी को गया संसदीय सीट दी गई है,वहीं रालोमो को काराकाट की सीट दी गई है।

### आरजेडी-कांग्रेस पर बढ़ा दबाव

बिहार में एनडीए की ओर से सीट शेयरिंग का औपचारिक ऐलान कर दिया गया है। इस तरह से अब चुनावी तैयारी में एनडीए ने बाजी मार ली। इसके साथ ही आरजेडी और कांग्रेस समेत अन्य वाम दलों पर भी जल्द से जल्द गठबंधन को अंतिम रूप देने का दबाव बढ़ गया है।

## कुप निर्माण कार्य में मुखिया के मिलीभगत से बुलडोजर से किया जा रहा है कार्य

**मझिआंव।** बरडीहा प्रखंड क्षेत्र के जत्रोबंजारी पंचायत में कुप निर्माण कार्य में जेसीबी (बुल्डोजर) मशीन से कार्य करने का मामला प्रकाश में आया है। जिसको लेकर जतरोबंजारी गांव निवासी उमाशंकर महतो पिता स्व. लक्ष्मण महतो ने गढ़वा उपायुक्त शेखर जमुआर को लिखित आवेदन देकर शिकायत किया है। दिए गए आवेदन में उमाशंकर महतो ने उल्लेख किया है कि जतरोबजारी पंचायत के नवाडीह गांव में बड़े पैमाने पर मुखिया के मिलीभगत और मुखिया के दलाल अमीनुद्दीन अंसारी पिता इस्लामुद्दीन अंसारी ग्राम नवाडीह निवासी के द्वारा जेसीबी मशीन से कार्य कराया जा रहा है और इस्लामुद्दीन अंसारी के खेत में कुप योजना संख्या 34070 10005 /1 एफ 7080903096686 में बिना कार्य किए एफटिओ संख्या 12905 में 255 रुपए तथा एफटिओ संख्या 1363 राशि 27,540 कुल राशि 27,795 रुपए मुखिया एवं दलाल अमीनुद्दीन अंसारी के द्वारा राशि का निकासी कर गमन किया गया है।

## सीटें बटी, अबकी बार 400 पार की ओर बड़ा कदम : सुमो

**पटना।** पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने कहा कि बिहार में लोकसभा चुनाव के लिए एनडीए में बिना किसी विवाद के सीटों का बंटवारा हो जाना ₹अबकी बार-400 पार₹ के लक्ष्य की ओर बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि भाजपा 17, जदयू 16, चिराग पासवान की लोजपा 5 और एक-एक सीट पर जीतन राम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी चुनाव लड़ेगी। सभी 40 सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा भी जल्द हो जाएगी। सुशील मोदी ने सोमवार को बयान जारी कर कहा कि आईएनडीआई गठबंधन में महीनों से सीटों के तालमेल पर बात चल रही है लेकिन अभी तक वे कोई फैसला नहीं कर पाए। मोदी ने कहा कि 2019 में एनडीए में तीन पार्टियां थीं और 39 सीटों पर जीत हुई थी।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने की राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक

**गढ़वा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शेखर जमुआर ने सोमवार को समाहरणालय स्थित सभागार में भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा लोकसभा आम चुनाव 2024 के तहत 16 मार्च को आदर्श आचार संहिता लागू होने के उपरांत राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में डीसी ने भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा निर्गत प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 13-पलामू संसदीय क्षेत्र लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए निर्धारित निर्वाचन कार्यक्रमों की जानकारी दी। डीसी श्री जमुआर ने बताया कि अधिसूचना की तिथि 18 अप्रैल, नाम निर्देशन करने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल, नाम निर्देशनों की संवीक्षा की तिथि 26 अप्रैल, अभ्यर्थिता का वापस लेने की अंतिम तिथि 29 अप्रैल, मतदान करने की तिथि 13 मई एवं मतगणना की तिथि 4 जून निर्धारित की गई है।

## उपायुक्त ने चुनाव आयोग के निर्देशों के पालन का दिया निर्देश



खबर मंत्र संवाददाता

**धनबाद।** आदर्श आचार संहिता को लेकर सोमवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने अपने कार्यालय में जिले के राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। उन्होंने चुनाव आयोग के दिशा निर्देश से सभी को अवगत कराया। चुनावी खर्च सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। उपायुक्त ने कहा अब हर कार्यक्रम के आयोजन से पहले जिला प्रशासन से अनुमति लेनी होगी। यह कार्य सुविधा पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन देकर किया जा सकता है। आपके हर कार्यक्रम में वीडियो सर्विलेंस टीम मौजूद रहेगी। उपायुक्त ने कहा कि चुनाव के दौरान किए गए खर्च की सही जानकारी सभी प्रत्याशी उपलब्ध करायेंगे। जांच में खर्च का ब्योरा गलत पाए जाने पर उम्मीदवार की उम्मीदवारी रद्द भी हो सकती है। साथ ही सभी से आदर्श आचार संहिता को लेकर सतर्क रहने और नियमों को पालन करने की बात कही।

### अनुमति के बाद ही लगायें पार्टी का झंडा

वरीय पुलिस अधीक्षक श्री हृदीप पी जनार्दनन ने कहा कोई भी व्यक्ति या राजनीतिक दल अपने वाहन या मोटरसाइकिल, आवास या कार्यालय के बाहर पार्टी का झंडा या चिन्ह अनुमति लेकर लगाए। वाहनों में लगे विभिन्न पद के बोर्ड हटा ले। किसी आयोजन के लिए समय पर सुविधा पोर्टल पर आवेदन दें। आवेदन मिलने पर पहले आओ पहले पाओ की नीति पर अनुमति प्रदान की जाएगी।

## वरिष्ठ नेताओं के साथ पूर्व सांसद लवली आनंद जदयू में

एजेंसी



**पटना।** बेटे के पाला बदलने के बाद अब पूर्व सांसद लवली आनंद ने भी राजद का साथ छोड़ दिया है। पटना में पूर्व सांसद लवली आनंद, उनके पुत्र अंशुमन आनंद एवं राजद के पूर्व जिला अध्यक्ष सुमित कुमार वर्मा ने सोमवार को प्रदेश कार्यालय में जनता दल (यू) का दामन थामा। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद रजीव रंजन सिंह ललन एवं बिहार सरकार के मंत्री सह वरिष्ठ नेता विजय कुमार चौधरी ने संयुक्त रूप से लवली आनंद एवं अन्य नेताओं को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलवाई। मौके पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने उनका स्वागत करते हुए कहा कि पूर्व सांसद लवली आनंद के आने से पार्टी को पूरे प्रदेश में नई गति और मजबूती मिलेगी। लवली आनंद के परिवार का स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका रही है। पूरे बिहार में उनके परिवार का व्यापक राजनीतिक प्रभाव है। जदयू परिवार में लवली आनंद के साथ आए सभी नए साथियों का हम हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन करते हैं। पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद राजीव रंजन ने कहा कि पूर्व सांसद लवली आनंद समता काल से ही पार्टी के साथ रही हैं। आज उन्होंने पुनः मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विकास कार्यों एवं विचारों में आस्था व्यक्त करते हुए जद(यू) परिवार में शामिल होने का निर्णय लिया है। ललन सिंह ने कहा कि जनता दल(यू) एक पार्टी नहीं परिवार है। इस परिवार में सभी नए सदस्यों का हम हार्दिक स्वागत करते हैं। पूर्व सांसद लवली आनंद ने कहा कि भाड़े के घर को छोड़कर पुनः घर में शामिल होना मेरे लिए प्रसन्नता का विषय है। राजद में हमें उचित सम्मान नहीं दिया गया। हमारे समाज पर कुठाराघात किया गया। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की तारीफ करते हुए कहा कि विकास उनका प्रमुख एजेंडा रहा है। वे सभी धर्म एवं समाज को साथ लेकर चलने की बात करते हैं। लवली आनंद ने कहा कि पार्टी हमारी जो भी जिम्मेदारी तय करेगी उसका हम पूरी जिम्मेदारी से निर्वहन करेंगे। उल्लेखनीय है कि भाजपा ने बिहार में राजग गठबंधन में सीटों का बंटवारा करने के क्रम में शिवहर सीट जदयू को सौंप दिया है। इस सीट से भाजपा की रमा देवी सांसद हैं। जदयू इस सीट से लवली आनंद को लड़ाने जा रही है। जदयू ने ऐसा कर राजपूत वोटर्स को साधने की नीति तैयार की है।

## पेज एक का शेष

### झारखंड समेत छह...

हालांकि, महाराष्ट्र ने राज्य में कुछ म्युनिसिपल कमिश्नर और एडिशनल/डिप्टी कमिश्नर म्युनिसिपल कमिश्नर को लेकर चुनाव आयोग के निर्देशों का पालन नहीं किया है। चुनाव आयोग ने इस संबंध में महाराष्ट्र के मुख्य सचिव को अपनी नाराजगी जतायी है। आयोग ने बीएमसी और एडिशनल/डिप्टी कमिश्नरों को आज शाम 6 बजे तक रिपोर्ट करने का निर्देश दिया है। साथ ही उन्हें ट्रांसफर करने का भी निर्देश दिया गया है। चुनाव आयोग ने कहा कि निष्पक्ष लोकसभा चुनाव कराने के लिए ये फैसला लिया गया है।

**राजीव कुमार का विवादों से रहा नाता :** राजीव कुमार का विवादों से पुराना नाता रहा है। चिटफंड मामले में साक्ष्यों को मिटाने के आरोप में सीबीआई ने उन्हें एक बार गिरफ्तार करने की भी कोशिश की थी, जिसे लेकर पुलिस ने सीबीआई अधिकारियों को ही हिरासत में ले लिया था। इस पर खूब हंगामा हुआ था। हाल ही में पश्चिम बंगाल सरकार ने उन्हें पुलिस महानिदेशक के पद पर नियुक्त किया था।

### राज्य में झमाझम बारिश ...

वज्रपात भी हो सकता है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

**आम लोगों को सलाह :** मौसम के बदलते मिजाज को देखते हुए मौसम वैज्ञानिकों ने आम लोगों को सलाह दी है कि घर से बाहर निकलने पर सतर्क व सावधान रहें। कहीं रुकना पड़े, तो सुरक्षित स्थान पर ही शरण लें। पेड़ के नीचे भूल कर भी नहीं रुकें। बिजली के खंभों से दूर रहें। किसान अपने खेतों में नहीं जाएं। मौसम सामान्य होने की प्रतीक्षा करें। मौसम खराब हो तो घर से बाहर निकलने पर एहतियात बरतें।

### चुनाव प्रावधानों की ...

कार्यशाला के दौरान राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के लिए प्रश्नोत्तरी सत्र भी आयोजित किया गया जिसमें निर्वाचन संबंधी विभिन्न विषयों से संबंधित उनकी शंकाओं का निवारण किया गया। कार्यशाला में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता सहित विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिगण एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

### मजबूती के साथ चुनाव...

भाजपा पार्टी पर केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग का आरोप लगाया। साथ ही कहा कि सत्तारूढ़ शक्तियां चाहे जितनी ताकत लगा ले, वह महागठबंधन को झुका नहीं पाएगी।

झारखंड का सबसे कद्दावर नेता अपने पीछे शक्ति छोड़ गया है। भले ही जेल की सलाखों के पीछे हो, उन्होंने कहा कि आने वाला चुनाव दिखा देगा कि झारखंड में कमल कभी नहीं खिलेगा। झारखंड कभी नहीं झुकेगा। झारखंड कभी नहीं हारेगा। उन्होंने कहा, राहुल गांधी महीनों से मेहनत कर रहे हैं। वहीं पार्टी राष्ट्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि मुंबई में हुई बैठक में इंडिया गठबंधन की जो तस्वीर देखने को मिली है, उससे साफ प्रतीत होता है कि पूरा भारत इस बार भारतीय जनता पार्टी को पटखनी देने की तैयारी कर चुका है।

### कोड व चुनावी बॉन्ड...

उखकने साल्वे से कहा कि 'एसबीआई का रवैया ऐसा लगता है कि आप हमें विशेष विवरण देने के लिए कहें, फिर हम देंगे। यह उचित प्रक्रिया नहीं है... । जब हम खरीदारी के सभी विवरण बताते हैं तो सभी संभावित विवरण एसबीआई के पास उपलब्ध होते हैं।पीठ ने कहा कि फैसले में यह स्पष्ट है कि सभी विवरणों का खुलासा किया जाना चाहिए और चयनात्मक नहीं होना चाहिए। जब साल्वे दलीलें दे रहे थे, सीजेआई ने मौखिक रूप से टिप्पणी की कि 'मिस्टर साल्वे, हम मानते हैं कि आप किसी राजनीतिक दल के मामले में बहस नहीं कर रहे हैं, ठीक है?' साल्वे ने नकारात्मक जवाब दिया और कहा कि वह एसबीआई के लिए उपस्थित हो रहे हैं। साल्वे ने दो साइलो में कहा कि पीठ ने जोर देकर कहा कि एसबीआइ इस अदालत के फैसले का पालन करने के लिए बाध्य है। साल्वे ने कहा कि अगर नंबर देना होगा तो बैंक उपलब्ध कराएगा. सीजेआई ने पूछा कि बांड के संबंध में एसबीआई डेटा किस प्रारूप में है? सीजेआई ने कहा कि 'आपके आवेदन से यह पता चलता है कि तीन साइलो थेः एक बांड संख्या, खरीद की तारीख, और तीसरा मोचन है। साल्वे ने कहा कि बॉन्ड नंबर केवल बॉन्ड पर होता है, इसे तब तक नहीं पढ़ा जा सकता, जब तक कि यह यूवी प्रकाश के नीचे न हो, यह प्रमाणीकरण के लिए किया गया था और यह पूरी तरह से एक सुरक्षा सुविधा थी. सीजेआई ने सवाल किया कि क्या यह ऑडिट ट्रेल के लिए भी था, तो साल्वे ने नकारात्मक जवाब दिया और कहा कि ऑडिट ट्रेल अलग है। सीजेआइ से पूछा कि 'रिडीमिंग शाखा यह निर्धारित करने के लिए चुनावी बांड संख्या का मिलान कैसे करती है, यह एक जाली बांड नहीं है... रिडीम करते समय इसका मिलान करने के लिए अल्फान्यूमेरिक था।' साल्वे ने कहा कि कोई मेल नहीं है। साल्वे ने यह बताते हुए कि एसबीआई द्वारा उपलब्ध कराया गया डेटा दानकताओं को उनके प्राप्तकर्ताओं से क्यों नहीं जोड़ता है, तर्क दिया कि चुनावी बांड की खरीद और मोचन डेटा दो अलग-अलग फाइलों में संग्रहीत किया गया था, क्योंकि बैंक गुमनामी के आदेश के तहत था। पीठ ने कहा कि बांड संख्या प्राप्त होने के बाद, भारत चुनाव आयोग तुरंत अपनी वेबसाइट पर विवरण डालेगा। शीर्ष अदालत ने यह कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि एसबीआइ को चुनावी बांड के संबंध में सभी विवरणों का खुलासा करने की आवश्यकता थी और उसने साफ किया कि, बांड के संबंध में जानकारी में बांड के अल्फान्यूमेरिक नंबर और सीरियल नंबर, यदि कोई हो, शामिल होंगे, जिन्हें भुनाया गया था।

### 'शक्ति' को ललकारने ...

पीएम मोदी ने कहा कि रविवार को मुंबई में शिवाजी पार्क से शक्ति को नष्ट करने की घोषणा की गयी। इससे बालासाहेब ठाकरे की आत्मा को कितनी ठेस पहुंची होगी। नारी शक्ति का यही आशीर्वाद मेरा सबसे बड़ा कवच है। इंडी गठबंधन के लोग इस शक्ति को नष्ट करना चाहते हैं। उन्हें मां भारती की बढ़ती शक्ति से नफरत है। शक्ति पर 'वार' का मतलब महिलाओं, बेटियों, मां भारती पर 'वार' है। पीएम ने कहा कि '4 जून को इनको पता लग जायेगा कि शक्ति को ललकारने का मतलब क्या होता है। कांग्रेस एक ऐसी पार्टी है जो सत्ता पाने के लिए किसी भी हद तक जा सकती है। अंग्रेज चले गए, लेकिन कांग्रेस ने 'फूट डालो और राज करो' की ब्रिटिश मानसिकता नहीं छोड़ी। 'कांग्रेस ने फिर से देश को बांटने का खतरनाक खेल खेलना शुरू किया है। अब वे अपने इरादों के बारे में खुलकर बोलने भी लगे हैं, हाल ही में कर्नाटक के कांग्रेस सांसद ने एक बार फिर देश को बांटने वाला बयान दिया है।

## श्री रामलला मन्दिर में होगा आकर्षक मोहक और भव्य श्री रामनवमी महोत्सव

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिला मुख्यालय स्थित श्री रामलला मन्दिर में इस वर्ष आकर्षक, मोहक और भव्य रामनवमी महोत्सव आयोजित करने का निर्णय लिया गया। महोत्सव के तहत भव्य कलश यात्रा, श्री राम चरितमानस यज्ञ, झांकी और ओजस्वी वक्ता से प्रवचन कराया जाएगा। श्री रामलला मन्दिर समिति के तत्वावधान में आयोजित बैठक में पिछले वर्ष आयोजित श्री रामनवमी महोत्सव की समीक्षा की गई। साथ ही पिछले वर्ष के आय-व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया गया। बैठक में 22 जनवरी 2024 को अयोध्या के भव्य राम मंदिर में भगवान श्री राम जी की पद प्रतिष्ठापन के उपलक्ष्य में मन्दिर में आयोजित कार्यक्रम की भी समीक्षा की गयी। बैठक में श्री रामनवमी महोत्सव के आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। मन्दिर में आयोजित होने वाले श्री रामनवमी महोत्सव के तहत नौ दिनों तक श्री रामचरित मानस यज्ञ होगा। इसके लिए मथुरा से प्रकांड विद्वानों की टोली बुलायी जाएगी। इस दौरान भगवान के विभिन्न रूपों की झांकी भी प्रस्तुत की जाएगी। विद्वान आचार्य के मुखारविंद से ईश्वर से जुड़े आदर्शों, समाजिक आचरण, भारतीय संस्कृति, संस्कार, राष्ट्र एवं आदर्श परिवार पर साफ नजरिया के लिए उद्बोधन होगा। महोत्सव के तहत पूरे मन्दिर परिसर को भव्य रूप से सजाया जाएगा, नौ दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव में प्रसाद, महाप्रसाद की व्यवस्था की जाएगी। महोत्सव के अंतिम दिन मेला और विभिन्न अखाड़ों की मिलनी कार्यक्रम भी होंगे। बैठक में महोत्सव में होने वाले खर्च का बजट भी तैयार किया गया। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय ने की।

## रेड क्रॉस सोसाइटी जिला कार्यसमिति की बैठक में लिये गये कई निर्णय

**गढ़वा।** रेड क्रॉस सोसाइटी गढ़वा जिला कार्यसमिति की बैठक सदर अस्पताल गढ़वा के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से गत बैठक की पुष्टि की गई। साथ ही आगे के कार्यक्रम पर चर्चा करते हुए आगामी अप्रैल में रोड सुरक्षा के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाने का निर्णय लिया गया। जिला परिवहन विभाग के सहयोग से यह कार्यक्रम चलाया जाएगा। जिसकी जिम्मेवारी विनोद कमलापुरी एवं नंदकुमार गुप्ता को दी गई है। सोसाइटी के पदाधिकारियों ने बताया कि सात अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर चौधराना बाजार में दया जी टेन्ट हाऊस परिसर में ब्लड प्रेसर, शुगर आदि जांच सह जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसकी जिम्मेवारी दया शंकर गुप्ता एवं डॉ पातंजलि केशरी को दी गई है। आठ मई को विश्व रेड क्रॉस दिवस पर एक विशाल रक्तदान शिविर आईएसआई बेलचम्पा में लगाया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने की जिम्मेवारी रेड क्रॉस एग्जीक्यूटिव कमिटी के सदस्य दयाशंकर गुप्ता को दी गई है। साथ ही 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर ब्लड बैंक गढ़वा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान रक्तदाताओं को सम्मानित किया जाएगा।

## 11वें लोकसभा चुनाव को लेकर एनडीए और इंडिया गठबंधन में सस्पेंस बरकरार

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** 11वें लोकसभा चुनाव की घोषणा हो गई, धनबाद के डीसी, एसएसपी ने चुनाव को लेकर पूरी फिल्डिंग भी तैयार कर दी यानी जिले में पूरे बारात की तैयारी हो चुकी है। लेकिन सवाल आज भी वहीं अटकी हुई है कि इस बारात का दूल्हा कौन है? इस बार जिले के चुनाव में एनडीए और इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार ही मुख्य रूप से मैदान में हैं। यानी भाजपा और कांग्रेस की सीधी टक्कर है। लेकिन दोनों दलों ने अभी तक अपने पत्ते नहीं खोले हैं। उम्मीदवार घोषित नहीं होने के कारण दोंनो दलों में खलबली मची हुई है। अपनी ओर से सिर्फ कयास लगाये जा रहे हैं। भाजपा के प्रतिनिधि कुछ भी कहने की बजाये सबकुछ आलाकमान पर छोड़ रहे हैं। वहीं कांग्रेस के लोगों की निगाहें भाजपा के उम्मीदवार पर टिकी है, नाम सामने आने के बाद ही पार्टी अपने उम्मीदवार का एलान करेंगी।

### व्यवसायियों में दिखी अलग अलग राय

व्यवसायी काली चरण पांडेय ने कहा कि इस बार उन्हें ढुल्लू महतो जैसा उम्मीदवार चाहिए। पीएन सिंह के नाम पर एतराज जताया। उन्होंने पीएन सिंह को फिर से उम्मीदवार बनाये जाने पर एतराज जताया। वहीं, व्यवसायी विनोद कुमार ने कहा कि पीएन सिंह अब ओल्ड एज में आ चुके हैं, इसलिए विधायक राज सिन्हा को उम्मीदवार बनाये जाने की जरूरत है। अगर राज सिन्हा को उम्मीदवार नहीं बनाते तो ढुल्लू महतो को उम्मीदवार के रूप में देखना चाहते हैं।

### अपनी फिल्डिंग कर नाम का कर रहे इंतजार

शहर में चर्चा का बाजार गर्म है कि सांसद पीएन सिंह की फिल्डिंग राजनाथ सिंह कर रहे हैं। इसलिए रेस में ठहराव आने के बाद भी वह शांत बैठे हैं। वहीं पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल की फिल्डिंग पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास कर रहे हैं। इसलिए वह भी जिले के अलग अलग समारोह में अभी तक बेफिक्र होकर घुमते टहलते नजर नजर आ रहे हैं। विधायक राज सिन्हा, ढुल्लू महतो, रागिनी सिंह भी दिल्ली दरबार का चक्कर काट चुके हैं। इन लोगों ने भी अपने अपने फिल्डर को काम पर लगा रखा है, लेकिन उनका नाम सामने नहीं आया है। इसके अलावा सरोज सिंह का भी नाम आ रहा है, जिनकी फिल्डिंग उनके पति कर रहे हैं। इनमें से सांसद का चेहरा कौन होगा, या पार्टी जनता को चौंकायेगी, यह तो घोषणा के बाद ही तय होगा।

PUBLIC NOTICE

The public at large are hereby informed that my client REPCO HOME FINANCE LIMITED, B M HEIGHTS, 1st floor Near Kishoreganj Chowk Harmu Bypass Road Ranchi-834001 is going to mortagage below mentioned property having **Sale deed no- 7771 And Dtd. 22.12.2017** stands in the name of for sanctioned loan amount for **Rs 37,00,000/-** in this plotting area.1245 Sq. Feet along with Car Parking.

Therefore is there any objection with regard to the scheduled property the public are hereby requested to lodge any objection the same to me within seven days from the date of notice publication , otherwise our client will do accordingly.

SCHEDULE

Detail Address of Property Vill/Mauza – Argora, P.S.- Argora, P.S No.- 207, Khata No.- 41, R.S.Plot No.- 1617, Dakshayan Enclave, Flat No.-303(C) Block-A, 3rd Floor, Dist.-Ranchi. Schedule of Property : For Flat North :- Open Space. South :- Flat No.304(D). East :- Vacant West :- Passage. Super Buildup Area :- 1245 Sq. Feet along with Car Parking Schedule of Property : For Land, North :- R.S. Plot No.-1616. South :- R.S. Plot No.-1619. East :- R.S. Plot No.-1618. West :- R.S. Plot No.-1617/Part. Allotted Land Area :- 435 Sq Feet

ABHISHEK KUMAR
ADVOCATE

# सिविल सेवक पर्यावरण-अनुकूल प्रथाओं को अपनाने और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए नवीन उपाय करें : राष्ट्रपति

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सिविल सेवकों से कहा कि दुनिया ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन के खतरों का सामना कर रही है, इसलिए यह आवश्यक है कि वे पर्यावरण-अनुकूल प्रथाओं को अपनाने और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए नवीन उपाय करें। एलबीएसएनएए में 125वें इंडक्शन ट्रेनिंग प्रोग्राम में भाग लेने वाले राज्य सिविल सेवा अधिकारियों ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। अधिकारियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि अधिकारियों को कोई भी विकासात्मक कार्य करते समय स्थिरता और समावेशिता को हमेशा ध्यान में रखना चाहिए। चूंकि दुनिया ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन के खतरों का सामना कर रही है, इसलिए यह आवश्यक है कि वे पर्यावरण-अनुकूल प्रथाओं को अपनाने और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए नवीन उपाय करें।



समावेशन विकास का एक और प्रमुख पहलू है, जिसका अर्थ है भागीदारी को प्रोत्साहित करना और वंचित और हाशिए पर रहने वाले वर्गों सहित सभी की प्रगति सुनिश्चित करना। राष्ट्रपति ने कहा कि वे उस स्थिति में हैं जहां वे दूसरों के लिए प्रेरणा बन सकते हैं। उनके द्वारा उठाया गया प्रत्येक कदम उनके आसपास के लोगों को विभाग या संगठन की प्रगति के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रेरित कर सकता है। आईएएस अधिकारियों के रूप में, उन्हें प्रशासनिक कामकाज और सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों पर एक अखिल भारतीय परिप्रेक्ष्य विकसित करने की आवश्यकता होती है। राष्ट्रपति ने कहा कि इन दिनों, तकनीक-सक्षम और जागरूक नागरिक प्रदान की जा रही हर सेवा की डिलीवरी पर नजर रखते हैं, चाहे वह सार्वजनिक हो या निजी। ये अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों के दिन हैं और सेवा प्रदाता सक्रिय रूप से प्रश्नों का उत्तर देते हैं और ग्राहकों को संतुष्ट करने की पूरी कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को डिजिटल प्रशासन की इस बदलती दुनिया को अपनाना होगा और उसके अनुसार अपनी क्षमताओं को बढ़ाना होगा। उन्होंने कुशल और स्मार्ट प्रशासन के लिए एआई, ब्लॉकचेन और बिग डेटा एनालिटिक्स जैसी नवीनतम तकनीकों का उपयोग करने का आग्रह किया। राष्ट्रपति ने कहा कि यह वह समय है, जब सहयोग समय की मांग है। कम समय अवधि में वांछित परिणाम प्राप्त करने के लिए संगठनात्मक, राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न हितधारकों के बीच सहयोग आवश्यक है।

## स्पीड न्यूज

### रूस की जनता ने पुतिन पर जताया भरोसा

**मॉस्को।** रूस में राष्ट्रपति पद के लिए हुए चुनाव में जनता ने निवर्तमान राष्ट्रपति व्लादिमीर वी पुतिन पर अपना भरोसा जताया है। रूस के चुनाव आयोग ने कहा है कि प्रारंभिक परिणामों में पुतिन सबसे आगे हैं। उन्हें 88 प्रतिशत वोट मिले हैं। अमेरिकी समाचार पत्र द न्यूयार्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, चुनाव में भारी बढ़त मिलने के बाद पांचवीं बार राष्ट्रपति बनने जा रहे व्लादिमीर वी. पुतिन ने रविवार को राष्ट्रीय टेलीविजन पर अपने समर्थकों को संबोधित किया। पुतिन ने अपने चुनाव मुख्यालय से राष्ट्रीय टेलीविजन पर जनता को भी संबोधित किया।

### दो पुलिसकर्मियों को आजीवन कारावास की सजा

**नयी दिल्ली।** यूपी मुजफ्फरनगर स्थित केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की अपर सत्र न्यायाधीश की एक अदालत ने रामपुर तिराहा मामले में दो आरोपितों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसमें उत्तरप्रदेश की अर्द्धसैनिक बल पीएसी के तत्कालीन पुलिसकर्मी मिलाप सिंह एवं वीरेंद्र प्रताप का नाम शामिल है। अदालत ने एक लाख रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। अदालत ने जुमार्ने की पूरी राशि पीड़िता तक पहुंचाने को कहा है। सीबीआई द्वारा जारी बयान के मुताबिक 15 मार्च को भारतीय दंड संहिता की धारा 376 (2) (जी), 392, 354 एवं 509 के तहत अदालत ने दोनों आरोपितों को दोषी ठहराया और सोमवार को सजा सुनाई।

### चुनावों के लिए मतपेटियां भारत, श्रीलंका, मलेशिया में भी रखी जाएंगी

**माले।** मालदीव के निर्वाचन आयोग के अनुसार आगामी संसदीय चुनावों के लिए मतपेटियां भारत, श्रीलंका और मलेशिया में भी रखी जाएंगी। निर्वाचन आयोग ने कहा कि मालदीव के 11,000 लोगों ने अपने मतदान केंद्रों को स्थानांतरित करने के लिए पुनः पंजीकरण का अनुरोध किया है। आयोग की अधिसूचना का हवाला देते हुए मीडिया की खबरों में कहा गया है कि 21 अप्रैल के संसदीय चुनावों के लिए लोगों को अपने मतदान केंद्रों को स्थानांतरित करने के संबंध में दी गई छह दिन की अवधि शनिवार को समाप्त हो गई।

### बसपा बड़े-बड़े पूंजीपतियों और धन्नासेठों के धनबल से दूरः मायावती

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने इलेक्शन बॉन्ड विवाद पर करारा हमला बोला है। उन्होंने कहा उनकी पार्टी कभी भी धन्नासेठों से चंदा नहीं लेती। मायावती ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया है।

### तमिलनाडु में कांग्रेस 9 और पुडुचेरी की एक सीट पर चुनाव लड़ेगी

**चेन्नई (तमिलनाडु)।** द्रमुक नेतृत्व वाले गठबंधन के तहत कांग्रेस तमिलनाडु की 9 और पुडुचेरी की एक सीट पर चुनाव लड़ेगी। जबकि राज्य में सत्तारूढ़ द्रमुक तमिलनाडु की 21 सीटों पर चुनाव लड़ेगा। सोमवार को यहां द्रमुक मुख्यालय में मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और टीएनसीसी अध्यक्ष के सेल्वापेरुन्थागई के बीच सीटों को लेकर समझौता हुआ। समझौते के मुताबिक कांग्रेस को आगामी लोकसभा चुनाव में तमिलनाडु की 9 सीटें देने का फैसला हुआ।

### उमराह का नया फरमान जारी करने का विरोध

**नई दिल्ली।** सऊदी अरब सरकार ने रमजान माह में लोगों के लिए एक ही उमराह करने का नया फरमान जारी किया है। इस फरमान का विरोध शुरू हो गया है। रजा एकेडमी ने इस फरमान को शरीयत में हस्तक्षेप करार दिया है। नए फरमान के अनुसार काबा के गर्भगृह (मतआफ) में भीड़ को कम करने और तीर्थ यात्रियों के प्रवाह को नियंत्रित करने के लिए एक तीर्थयात्री को रमजान माह में केवल एक उमराह करने की अनुमति दी जाएगी।

## विक्की कौशल ने कैटरीना की आदतों का किया खुलासा



खबर मन्त्र संवाददाता

**मुंबई।** कैटरीना कैफ और विक्की कौशल बॉलीवुड के पॉपुलर कपल हैं। दोनों को बॉलीवुड के कई इवेंट्स और पार्टियों में एक साथ देखा जाता है। एक इंटरव्यू में विक्की ने कहा कि जब कैटरीना घर पर होती हैं तो मेरी मां खुश होती हैं। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में जब विक्की से पूछा गया कि क्या वह खाना बना सकते हैं? तब विकी ने कहा, 'मैं सिर्फ चाय बना सकता हूं और अंडे फोड़ सकता हूं और यह भी मैंने कोरोना के दौरान सीखा। तब मैं रात-रातभर जागकर फिल्में देखता था। उस समय मेरे पास करने के लिए और कुछ नहीं था। सनी (विक्की का भाई) बहुत अच्छा खाना बनाता है। वह मुझसे सिर्फ एक साल चार महीने छोटा है। हम दोस्तों की तरह रहते हैं।


मैं उसे कोई सलाह नहीं देता और वह मुझसे कोई सलाह नहीं लेता। हम बस एक-दूसरे के साथ अपने अनुभव शेयर करते हैं।' वह मुझसे कहीं अधिक समझदार और शांत हैं। जब विक्की से घर पर उनके खाने की पसंद के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'खाने के मामले में कैटरीना मुझसे ज्यादा शाकाहारी हैं। उसे सादा खाना बहुत पसंद है।

## पुतिन 5वीं बार बने रूस के राष्ट्रपति

### बिना किसी विपक्षी नेता के चुनाव में मिले 88% वोट-स्लग

**हमारे पास बहुत काम हैं : व्लादिमीर पुतिन**

मतदान खत्म होने के बाद व्लादिमीर पुतिन ने वॉलन्टियर्स से कहा, 'हमारे पास बहुत काम हैं, लेकिन मैं सबसे यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि जब हम एकजुट थे, तो कोई भी हमें डराने, हमारी इच्छाशक्ति और हमारे आत्म-विवेक को दबाने में कामयाब नहीं हुआ।' उन्होंने कहा, 'वे अतीत में नाकाम रहे और वे भविष्य में भी असफल होंगे।



एजेंसी

**मॉस्को।** व्लादिमीर पुतिन लगातार पांचवीं बार रूस के राष्ट्रपति पद का चुनाव जीत गए हैं। उन्होंने करीब 88 प्रतिशत वोटों के साथ चुनाव में जीत दर्ज की है। रूस के केंद्रीय चुनाव आयोग ने सोमवार को कहा कि देश में हुए राष्ट्रपति पद के चुनाव में व्लादिमीर पुतिन ने जीत दर्ज की है। उन्होंने रिकॉर्ड वोट पर्सेंटेज के साथ राष्ट्रपति पद का पांचवां कार्यकाल हासिल किया है। 71 साल के पुतिन 1999 से एक बार भी चुनाव नहीं हारे। रूस के केंद्रीय चुनाव आयोग ने सोमवार को कहा कि करीब 100 फीसदी क्षेत्रों में पड़े मतों की गिनती कर ली गई है और पुतिन को 87.29 फीसदी वोट मिले हैं। आयोग की प्रमुख एला पैम्फिलोवा ने कहा कि पुतिन के लिए करीब 7.6 करोड़ लोगों ने मतदान किया है, जो उन्हें हासिल अब तक के सबसे ज्यादा वोट हैं। ये चुनाव में पुतिन की जीत देश की राजनीतिक व्यवस्था पर उनके नियंत्रण को रेखांकित करती है। पुतिन के सामने नाममात्र के सिर्फ तीन उम्मीदवार थे। यूक्रेन युद्ध का विरोध करने वाले किसी भी व्यक्ति को पुतिन के खिलाफ चुनाव लड़ने की अनुमति नहीं दी गयी थी.

**2000 में बने थे पहली बार राष्ट्रपति :** बता दें कि व्लादिमीर पुतिन दिसंबर 1999 से राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री के तौर पर रूस का नेतृत्व कर रहे हैं। वह पहली बार साल 2000 में रूस के राष्ट्रपति बने थे। 2008 तक वो इस पद पर रहे। 2012 में तत्कालीन राष्ट्रपति मेदवेदेव ने अपनी पार्टी से पुतिन को एक बार फिर राष्ट्रपति उम्मीदवार के लिए नॉमिनेट करने को कहा। इसके बाद 2012 के चुनाव में पुतिन ने जीत हासिल की। तब से अब तक वो राष्ट्रपति पद पर हैं।

**2036 तक रूस के राष्ट्रपति रह सकते हैं पुतिन :** रूसी संविधान में लिखा है कि कोई भी व्यक्ति लगातार दो बार से ज्यादा राष्ट्रपति नहीं बन सकता है। इसके चलते 8 मई 2008 को पुतिन ने अपने पीएम दिमित्री मेदवेदेव को रूस का राष्ट्रपति बनवाया और खुद पीएम बन गए। नवंबर 2008 में दिमित्री ने संविधान संशोधन कर राष्ट्रपति का कार्यकाल 4 से बढ़ाकर 6 साल कर दिया।

## एक नजर में

### पश्चिम बंगाल के पुलिस महानिदेशक को हटाये जाने के फैसले का भाजपा-कांग्रेस ने किया स्वागत

**नई दिल्ली ।** भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा) और कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल के पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार को हटाए जाने के चुनाव आयोग के फैसले का स्वागत किया है। भाजपा की नेता अग्नि मित्रा पॉल ने मीडिया से बातचीत में कहा कि यह खुशी की बात है कि राजीव कुमार जैसे पुलिस अधिकारी को हटा दिया गया है। वह पक्षपात कर रहे थे। उन्होंने संदेशखाली मामले में वे राज्य सरकार के कहे अनुसार निर्णय लेते थे। अग्नि मित्रा पॉल ने यह भी कहा कि संदेशखाली मामले में शेख शाहजहां को गिरफ्तार किया गया है, लेकिन उसके गिरोह को नहीं किया गया। यही वजह है कि संदेशखाली की महिलाओं पर पुलिस अत्याचार कर रही है हमें अभी भी फोन आ रहे हैं। अग्नि मित्रा पॉल ने कहा कि एक आईपीएस अधिकारी जो अपनी वर्दी का सम्मान नहीं कर सकता, मुझे खुशी है कि उसे हटा दिया गया।' वहीं पश्चिम बंगाल कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने आज (सोमवार) मीडिया से बातचीत में कहा कि पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) खासकर सरकार की चापलूसी कर रहे थे। अधीर चौधरी ने कहा कि पुलिस महानिदेशक होने के बाद वे लोगों की शिकायतें नहीं सुन रहे थे। यह एक अच्छा निर्णय है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के करीबी माने जाने वाले राजीव कुमार 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं।

### नेपालः सोना तस्करी मामले में पूर्व स्पीकर कृष्ण बहादुर महरा गिरफ्तार

**नेपाल।** एक क्विंटल सोने की तस्करी मामले में केन्द्रीय अनुसंधान ब्यूरो (सीआईबी) ने पूर्व स्पीकर एवं माओवादी पार्टी के उपाध्यक्ष कृष्ण बहादुर महरा को गिरफ्तार कर लिया है। सीआईबी ने महरा को सोमवार सुबह उनके निवास से गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद महरा को सीआईबी हेडक्वार्टर लाया गया, जहां उनसे पूछताछ की जा रही है। महरा को आज ही काठमांडू की विशेष अदालत में पेश किया जाएगा जहां से उनकी रिमांड मांगी जाएगी। सीआईबी प्रमुख एआईजी श्याम ज्ञवाली ने बताया कि सोना तस्करी मामले में जांच समिति की रिपोर्ट में कृष्ण बहादुर महरा की भूमिका की बात कही गई है। इस रिपोर्ट के आधार पर महरा को गिरफ्तार किया गया है। महरा नेपाल की प्रतिनिधि सभा के स्पीकर रह चुके हैं। इस समय वे माओवादी पार्टी के उपाध्यक्ष हैं। महरा की गिरफ्तारी प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचण्ड की हरी झंडी के बाद हुई है। सोना तस्करी मामले में महरा के बेटे राहुल महरा की पहले ही गिरफ्तारी हो चुकी है। दोनों पर सोना तस्करी करने वाले चीनी नागरिकों के संरक्षण का आरोप है। सीआईबी ने दो दिन पहले पूर्व उपराष्ट्रपति के बेटे दीपेश पुन को भी गिरफ्तार किया था। सीआईबी ने इस मामले में एक दर्जन से अधिक चीनी नागरिकों को भी गिरफ्तार किया हुआ है।

### बिना पासपोर्ट टोरंटो पहुंची पाकिस्तानी एयरहोस्टेस पर 200 कनाडाई डॉलर का जुर्माना

**कराची।** पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस (पीआईए) के साथ कार्यरत एक एयर होस्टेस बिना अपने पासपोर्ट के इस्लामाबाद से टोरंटो पहुंचने पर उस पर कनाडा के अधिकारियों ने 200 कनाडाई डॉलर का जुमार्ना लगाया है। जानकारी के अनुसार यह घटना 15 मार्च की है जब पीआईए एयर होस्टेस विमान पीके-781 पर ड्यूटी के लिए जाते समय अपना पासपोर्ट ले जाना भूल गई। यह विमान टोरंटो जाने वाला था। जिसके बाद 'पीआईए की एक एयर होस्टेस ने इस्लामाबाद से टोरंटो तक बिना पासपोर्ट यात्रा की। विमान लैंड होने के बाद लापरवाही का पता चला और कनाडा के अधिकारियों ने उस पर 200 कनाडाई डॉलर (लगभग 42000 पाकिस्तानी रुपये) का जुमार्ना लगाया। पीआईए के प्रवक्ता ने कर्मचारी की पहचान गोपनीय रखते हुए कहा कि वह कराची हवाई अड्डे पर ही अपना पासपोर्ट भूल गई थी। प्रवक्ता ने कनाडा में एयर होस्टेस के राजनीतिक शरण मांगने संबंधी खबरों का खंडन करते हुए कहा कि वह पीके-782 से पाकिस्तान लौट रही है। हाल के सप्ताह के दौरान पीआईए के 10 से ज्यादा कर्मी कनाडा पहुंचने के बाद लापता हो चुके हैं।

### मोदी सरकार के निरंतर प्रयासों ने घाटी को खेल और साहसिक प्रेमियों के लिए भी स्वर्ग बना दिया हैः अमित

**नई दिल्ली।** श्रीनगर की सड़कों पर सोमवार को फामुर्ला 4 रेस कार शो के आयोजन पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने खुशी जताई है। केंद्रीय मंत्री ने सोशल नेटवर्किंग साइट एक्स पर अपनी प्रतिक्रिया भी व्यक्त की है। अमित शाह ने एक्स पर कहा, 'कश्मीर के विकास के लिए मोदी सरकार के निरंतर प्रयासों ने घाटी को न केवल एक निवेश स्थल बना दिया है, बल्कि खेल और साहसिक प्रेमियों के लिए भी स्वर्ग बना दिया है।' केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा, 'श्रीनगर की सड़कों को फॉमूर्ला 4 कार शो की मेजबानी करते हुए देखकर खुशी हुई, जिससे दुनिया भर में भारी उत्साह पैदा हो रहा है। कश्मीर की पहाड़ी व घुमावदार सड़कें, रास्ते और स्थानीय लोगों के प्रयासों से सबसे आयोजन की अच्छी जगह बन गई है। डल झील के किनारे ललित घाट से लेकर शहर के नेहरू पार्क तक 1.7 किलोमीटर के ट्रैक पर आकर्षक रेसिंग कारें गरज रही हैं। इससे संबधित एक वीडियो भी केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने एक्स हैंडल पर साझा किया है।

### नेपाल के विदेश मंत्री संसद में बोले, सैनिकों का करार रद्द करने पर रूस सकारात्मक

**नेपाल।** नेपाल के विदेश मंत्री नारायणकाजी श्रेष्ठ ने संसद में आज कहा कि रूसी सेना में कार्यरत नेपाली युवाओं का करार रद्द करने को लेकर रूस की तरफ से सकारात्मक जवाब आया है। प्रतिनिधि सभा में सांसदों के सवालों का जवाब देते हुए विदेश मंत्री श्रेष्ठ ने कहा कि रूस ने वहां की सेना में भविष्य में किसी भी नेपाली युवा की भर्ती नहीं लेने के लिए अपनी सहमति जता दी है। उन्होंने कहा कि इस समय रूसी सेना की तरफ से युद्ध लड़ रहे नेपाली युवाओं का करार रद्द करने को लेकर भी रूस ने अपनी सैद्धांतिक सहमति दे दी है। विदेश मंत्री ने कहा कि नेपाल स्थित रूसी राजदूत ने उन्हें आश्वासन दिया है कि आगे से रूसी सेना में किसी भी नेपाली नागरिक को भर्ती नहीं किया जाएगा। साथ ही नेपाली युवा जो रूस में हैं, उनका करार भी समाप्त किया जाएगा। हालांकि विदेश मंत्री ने यह नहीं बताया कि यह कब और कितने दिनों में होगा। संसद में विदेश मंत्री ने कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध में मारे गए नेपाली नागरिकों के शवों को वापस लाने के लिए भी कूटनीतिक प्रयास किया जा रहा है।

## साबरमती-आगरा कैंट ट्रेन मालगाड़ी से टकराई, इंजन-चार कोच पटरी से उतरे, तीन घायल

**अजमेर।** नजदीकी मदार रेलवे स्टेशन पर साबरमती-आगरा कैंट (12548) ट्रेन रविवार देर रात मालगाड़ी से टकरा गई। इससे साबरमती एक्सप्रेस के इंजन और चार कोच पटरी से उतर गए। हादसे में तीन यात्री घायल हुए, जिन्हें उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। घटना के समय पैसेंजर गहरी नींद में सो रहे थे। रविवार रात एक बजे अचानक तेज झटके के साथ धमाके की आवाज यात्रियों को सुनाई दी। उसके बाद ट्रेन यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। दुर्घटना के बाद कई ट्रेनें रद्द की गई हैं और रूट बदला गया है। प्रारंभिक पड़ताल में सामने आया है कि ट्रेन के पायलट को सामने से आ रही मालगाड़ी को लेकर संशय हुआ और उसने इमरजेंसी ब्रेक लगा दिए। हालांकि, मालगाड़ी समानांतर ट्रैक पर आ रही थी। ऐसे में ट्रेन बेपटरी हो गई और चार कोच व इंजन पटरी से उतर गए। आगरा कैंट के पीछे ही राजधानी एक्सप्रेस आ रही थी, जिसे हादसे का पता चलते ही रोक लिया गया अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

### अपनों को लाभ पहुंचाने के लिए अधर्म-असत्य का इस्तेमाल कर रहे मोदी

## हमारा गठवंधन उसी शक्ति के खिलाफ लड़ रहा है : राहुल



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने पूंजीपति मित्रों को लाभ पहुंचाने के लिए अधर्म, भ्रष्टाचार और झूठ की शक्ति का इस्तेमाल कर रहे हैं और कांग्रेस इसी शक्ति के खिलाफ लड़ रही है। श्री गांधी ने सोमवार को ट्वीट कर कहा, मोदी जी को मेरी बातें अच्छी नहीं लगतीं, किसी न किसी तरह उन्हें घुमाकर वह उनका अर्थ हमेशा बदलने की कोशिश करते हैं क्योंकि वह जानते हैं कि मैंने एक गहरी सच्चाई बोली है। जिस शक्ति का मैंने उल्लेख किया, जिस शक्ति से हम लड़ रहे हैं, उस शक्ति का मुखौटा मोदी जी हैं। वह एक ऐसी शक्ति है जिसने आज भारत की आवाज को, भारत की संस्थाओं को, सीबीआई, आईटी, ईडी, चुनाव आयोग को, मीडिया को, भारत के उद्योग जगत को, और भारत के समूचे संवैधानिक ढाँचे को ही अपने चंगुल में दबोच लिया है। उन्होंने कहा, उसी शक्ति के लिए नरेंद्र मोदी जी भारत के बैंकों से हजारों करोड़ के कर्ज. माफ कराते हैं जबकि भारत का किसान कुछ हजार रुपयों का कर्ज.न चुका पाने पर आत्महत्या करता है। उसी शक्ति को भारत के बंदरगाह, भारत के हवाई अड्डे दिये जाते हैं जबकि भारत के युवा को अग्निवीर का तोहफा दिया जाता है जिससे उसकी हिम्मत टूट जाती है। उसी शक्ति को दिन रात सलामी ठोकते हुए देश की मीडिया सच्चाई को दबा देती है। उसी शक्ति के कारण नरेंद्र मोदी जी देश के गरीब पर जीएसटी थोपते हैं, महंगाई पर लगाम न लगाते हुए, उस शक्ति को बढ़ाने के लिए देश की संपत्ति को नीलाम करते हैं। कांग्रेस नेता ने कहा उस शक्ति को मैं पहचानता हूँ, उस शक्ति को नरेंद्र मोदी जी भी पहचानते हैं, वह किसी प्रकार की कोई धार्मिक शक्ति नहीं है, वह अधर्म, भ्रष्टाचार और असत्य की शक्ति है इसलिए जब-जब मैं उसके खिलाफ आवाज उठाता हूँ, मोदी जी और उनकी झूठों की मशीन बौखलाती है, भड़क जाती है।

## कोलकाता में निमार्णाधीन अवैध इमारत गिरी, मुख्यमंत्री ने किया दौरा

**कोलकाता।** कोलकाता के गार्डनरीच इलाके में एक निमार्णाधीन पांच मंजिला इमारत ढहने से दो लोगों की मौत हो गयी तथा कम से कम सात अन्य घायल हो गए। शहर के मेयर फिरहाद हाकिम ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटनास्थल पर बचाव अभियान जारी है और यह इमारत अवैध रूप से बनायी जा रही थी। उन्होंने बताया कि अंतिम रिपोर्ट मिलने तक और लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। हकीम ने बताया कि इमारत के प्रॅमोटर मोहम्मद वसीम को गिरफ्तार कर लिया गया है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शहर के पश्चिमी इलाके में अजान मुल्ला लेन में घटनास्थल का दौरा किया और स्थानीय निवासियों को अवैध निर्माण के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। हकीम ने कहा कि एक भीषण हादसे में आधी रात के करीब निमार्णाधीन पांच मंजिला इमारत ढह गयी। दो लोगों की मौत हो गयी है और कम से कम सात लोग घायल हुए हैं।

## महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल और तेलंगाना में पलट गयी बाजी

## 4 जून को क्या हो सकता है, नये सर्वे ने कर दिया खुलासा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है। इसके साथ ही सियासी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। दो बार से सत्ता पर काबिज भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले एनडीए ने इस बार 400 सीटें जीतने का टारगेट रखा है।

वहीं, कांग्रेस ने बीजेपी को रोकने के लिए इंडिया अलायंस बनाया है। चुनाव से पहले दोनों ही गठबंधन जीत का दावा कर रहे हैं। इस बीच न्यूज18 ने एक मेगा ओपिनियन पोल किया है, जिसमें बीजेपी को अपने दम पर 300 सीटें हासिल करती नजर आ रही हैं, जबकि एनडीए में शामिल जेडीयू और टीडीपी जैसे दल 61 सीटें हासिल करेंगे। वहीं, इंडिया अलायंस 105 सीट पर सिमट कर रह जाएगा। वहीं, कांग्रेस 49 सीटें ही जीत सकेगी। सर्वे में ओडिशा, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु सहित कई राज्यों में बीजेपी को बड़ी बढ़त मिलने का अनुमान है।




**महाराष्ट्र में एनडीए को बढ़त :** सर्वे में महाराष्ट्र में एनडीए की जीत का अनुमान लगाया गया है। सर्वे के मुताबिक एनडीए को 48 में से 41 सीटें मिलेंगी। दूसरी ओर इंडिया अलायंस को महाराष्ट्र में केवल सात सीटें मिलेंगी। वहीं, पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस की सीटें कम होने की उम्मीद है, जबकि बीजेपी की सीटों की संख्या में बड़ा उछाल देखने को मिल सकता है। बंगाल की 42 सीट में से बीजेपी के 25 सीटें जीतने का अनुमान है। वहीं, टीएमसी क 17 सीटें मिलने की उम्मीद है। कांग्रेस को यहां कोई सीट मिलती नहीं दिख रही है।

**कर्नाटक में बीजेपी आगे :** सर्वे के अनुसार कर्नाटक में एनडीए 28 में से 25 सीटें जीत सकती है, जबकि कांग्रेस को केवल तीन सीटें मिलेंगी। वहीं, गुजरात में बीजेपी के सभी 26 सीटें जीतने की उम्मीद है. 2014 और 2019 में भी बीजेपी ने गुजरात की सभी 26 सीटों पर जीत हासिल की थी।

**तेलंगाना में बीजेपी मारेगी बाजी :** सर्वे में तेलंगाना में बीजेपी को 17 में से 8 सीटें मिलने की संभावना है। पोल के मुताबिक राज्य में सत्तारूढ़ कांग्रेस को छह सीटें जीतने का अनुमान है, जबकि बीआरएस के खाते में 2 सीटें जा सकती हैं। इसके अलावा ओडिशा में सत्तारूढ़ बीजेडी आठ सीटें जीत सकती है, जबकि बीजेपी 13 सीटों पर बढ़त बना सकती है।

**बीएसपी का खुलेगा खाता, सपा को नुकसान :** वहीं 80 लोकसभा सीटों वाले उत्तर प्रदेश की बात करें तो यहां भी आंकड़े चौंकाने वाले सामने आए हैं। सर्वे अनुसार एनडीए को यूपी में कुल 77 सीटें मिलने का अनुमान है, जबकि इंडिया अलायंस को उत्तर प्रदेश में दो सीटें मिलेंगी, जबकि एक सीट बहुजन समाजवादी पार्टी के खाते में जाएगी।